विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

वार्षिक रिपोर्ट
1990-91

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956
की धारा 18 के अनुपालन में
भारत सरकार को प्रस्तुत
नई दिल्ली

विषय-सूची

		पैरा सं.	पृष्ठ सं
प्रस्तावना			
खंड -1	**संस्थाओं, नामांकनों तथा संकायों की संख्या में वृद्धि**		
	नए विश्वविद्यालय	1.02	- 7
	केंद्रीय सहायता प्राप्त करने के लिए योग्य घोषित किए गए	1.03	- 7
	विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 3 के तहत "विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाएं"	1.04	- 8
	धारा 2 (च) के अधीन कालेज	1.05	- 8
	छात्र नामांकन	1.06	- 8
	नामांकन की वृद्धि दर	1.07	- 10
	स्तर-वार नामांकन	1.08	- 10
	संकायवार नामांकन	1.09	- 11
	नए कालेजों की स्थापना	1.10	- 11
	कालेजों की संख्या में राज्यवार वृद्धि	1.11	- 12
	स्टाफ की संख्या	1.12	- 12
	डाक्टरेट की प्रदत्त उपाधियां	1.13	- 12
खंड-2	**अंतर-विश्वविद्यालय केंद्र तथा सूचना केंद्र**		- 14
	न्यूकलीय विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली	2.02	- 14
	पूना विश्वविद्यालय के कैम्पस में खगोल-विज्ञान तथा तारा भौतिकी का अंतर-विश्वविद्यालय केंद्र	2.03	- 16
	अंतर-विश्वविद्यालय संकाय, इंदौर	2.04	- 17
	क्रिस्टल वृद्धि केंद्र, अन्ना विश्वविद्यालय, मद्रास	2.05	- 20
	पश्चिमी क्षेत्रीय यंत्रीकरण केंद्र बंबई	2.06	- 22
	शैक्षिक संचार के लिए अंतर-विश्वविद्यालय संकाय (न्यूक्लीय विज्ञान केंद्र का एक परियोजना प्रकार)	2.07	- 23
	एम एस क्यू रडार केंद्र - श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय	2.08	- 25

	विज्ञान सूचना केंद्र, भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलौर	2.09	- 26
	मानविकी तथा समाजविज्ञानों में सूचना केंद्र, एम. एस. विश्वविद्यालय बड़ौदा तथा एस एन डी टी वीमेंस यूनीवर्सिटी, बंबई	2.10	- 27
	सूचना तथा पुस्तकालय नेटवर्क (इनूफ्बिनेंट)	2.11	- 27
खंड-3	**उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्र और अनुसंधान तथा विकास के प्रयास**		30
	अतिचालकता कार्यक्रम	3.01	- 30
	जैव-प्रौद्योगिकी (जैव-प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार - वि. अ. आ. सहयोगी कार्यक्रम	3.02	- 33
	समुद्र -विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी का विकास	3.03	- 33
	वायुमंडल-विज्ञान	3.04	- 34
	जनसंपर्क तथा शैक्षिक प्रौद्योगिकी (देशव्यापी कक्षा कार्यक्रम)	3.05	- 34
	फिल्म अध्ययन केंद्र	3.06	- 36
	प्राविद्यालय टी वी	3.07	- 37
	सहयोगी कार्यक्रम	3.08	- 37
	बृहत अनुसंधान परियोजनाएं (मानविकी तथा समाज-विज्ञान)	3.09	- 38
	लघु अनुसंधान परियोजनाएं (मानविकी तथा समाज-विज्ञान)	3.10	- 38
	विज्ञान मे ं बृहत अनुसंधान परियोजनाएं	3.11	- 39
	विज्ञान में लघु अनुसंधान परियोजनाएं	3.12	- 39
	इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी	3.13	- 39
	इंजीनियरी तथा प्रौघयोगिकी में लघु अनुसंधान परियोजनाएं	3.14	- 40
	वृत्तिक पुरस्कार	3.15	- 40
खंड-4	**'कासिस्ट' कार्यक्रम**		41
	उद्देश्य तथा प्रगति	4.01	- 41
	परिवीक्षण तथा मूल्यांकन	4.02	- 43
	उप-समूह की सिफारिशें	4.03	- 44
खंड-5	**स्तरों का अनुरक्षण तथा माडल**		- 47
	प्रबंध के वैकल्पिक माडल	5.02	- 47

	राष्ट्रीय शिक्षा परीक्षा	5.03	48
	पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन	5.04	49
	कालेज मानविकी तथा समाजविज्ञान सुधार कार्यक्रम (कोहिस्सिप)	5.05	50
	कालेज विज्ञान सुधार कार्यक्रम (कोसिप)	5.06	50
	विश्वविद्यालय नेतृत्व परियोजना	5.07	51
	विषय नामिकाएं	5.08	51
	इलैक्ट्रानिकी और यंत्रीकरण का नामिका	5.09	51
	इंजीनियरी का नामिका	5.10	52
	विशेष सहायता कार्यक्रम	5.11	52
	पाठ्यचर्या विकास केंद्र	5.12	54
	परीक्षा सुधार	5.13	54
	भारतीय लेखकों द्वारा विश्वविद्यालय स्तर की पुस्तकों का निर्माण	5.14	56
	डाक्टरेट के शोध-प्रबंधों सहित विश्वत्तपूर्ण/अनुसंधान कृत्तियों का प्रकाशन	5.15	56
	हरीओम आश्रम न्यास पुरस्कार	5.16	56
	स्वामी प्रणवनंद पुरस्कार	5.17	56
	गांधी पर अध्ययन	5.18	57
	बौद्ध अध्ययन	5.19	57
	नेहरू अध्ययन	5.20	57
खंड-6	**विश्वविद्यालयों का विकास**		58
	विश्वविद्यालयों की विकास योजनाओं का प्रस्ताव बनाने के लिए आठवीं योजना के दिशा निर्देश	6.02	58
	आठवीं योजना में विश्वविद्यालयों के विकास प्रस्तावों की विशेषज्ञ समितियों की सिफारिशें	6.03	60
	केंद्रीय विश्वविधिालयों और विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाओं का परिसर विकास	6.04	60
	केंद्रीय विश्वविद्यालयों के मेडीकल कालेजों और अस्पतालों को योजनागत विकास स्कीमों के अंतर्गत अनुदान	6.05	60

	केंद्रीय विश्वविद्यालयों की विकास स्कीमों के लिए उप-योजना	6.06 - 61
	इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी का विकास	6.07 - 64
	प्रबंध पाठ्यक्रम	6.08 - 64
	जनशक्ति प्रशिक्षण के लिए कम्पयूटर सुविधाओं और कम्पयूटर शिक्षा का विकास	6.09 - 64
	अनियत अनुदान	6.10 - 66
	प्रदर्शनकलाओं, संग्रहालयों तथा पुरालेख सेलों का विकास	6.11 - 67
	विकासशील देशों का अध्ययन केंद्र	6.12 - 67
	वैज्ञानिकी समाजवाद केंद्र	6.13 - 68
	क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र (भंजा साहित्य)	6.14 - 68
	मणिपुरी अध्ययन ओर अनुसंधान तथा जनजातीय अनुसंधान केंद्र	6.15 - 68
	विकलांग बच्चों के शिक्षण के लिए शिक्षकों को विशेष शिक्षा	6.16 - 69
	पत्रिकाओं के प्रकाशन के लिए सहायता	6.17 - 69
	विज्ञान शिक्षा केंद्र	6.18 - 70
	विश्वविद्यालय विज्ञान यंत्रीकरण केंद्र	6.19 - 70
	मूल्यपरक शिक्षा	6.20 - 71
	विश्वविद्यालयों तथा कालेजों में खेल-कूद आधारित संरचना का विकास	6.21 - 72
	विश्वविद्यालयों तथा बहु-संकाय कालेजों में शारीरिक शिक्षा, स्वास्थ्य की तीनवर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम	6.22 - 72
	भावी अध्ययन	6.23 - 72
	क्षेत्र अध्ययन केंद्र	6.24 - 73
	जयंती/शताब्दी अनुदान	6.25 - 75
	कुलपति सम्मेलन	6.26 - 76
खंड-7	**कालेजों को विकास सहायता**	78
	आठवीं योजना में कालेजों के विकास कार्यक्रम संबधी प्रस्ताव तैयार करने के लिए दिशा-निर्देश	7.02 - 78

	कालेज विकास परिषदें	7.03 - 79
	सामान्य विकास के लिए अनदुान	7.04 - 80
	स्वायत्त कालेज	7.05 - 82
	दिल्ली के कालेजों को योजनगत सहायता	7.06 - 83
	शताब्दी समारोह अनुदान	7.07 - 83
खंड-8	**विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाओं का विकास**	84
	अनुरक्षण अनुदान	8.03 - 88
	मुख्य उपलब्धियां	8.04 - 89
	विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाओं को दिए गए अनुदान	8.05 - 103
खंड-9	**विश्वविद्यालयों को योजनेत्तर अनुदान**	106
	केंद्रीय विश्वविद्यालयों को योजनेतर अनुदान	9.02 - 108
	केंद्रीय विश्वविद्यालयों, विश्वविद्यालय मानी गयी संस्थाओं तथा	903 - 110
	राज्य विश्वविद्यालयों को अनुरक्षण अनुदान	9.04 - 110
	केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के लिए मकान निर्माण पेशगी के लिए	9.04 - 110
	निधि परिक्रामती सृजित करने के लिए योजनागत अनुदान	
	परिक्रामती निधि सृजित करने के लिए भोजनागत अनुदान	
खंड-10	**संकाय सुधार कार्यक्रम**	1111
	संगोष्ठियां, परिचर्चाएं, पुनश्चर्या पाठ्यक्रम, कार्यशालाएं, आदि	10.02 - 111
	सम्मेलन	10.03 - 112
	अंग्रेजी भाषा के शिक्षण को सुदृढ़ बनाना	10.04 - 112
	अकादमिक स्टाफ कालेज योजना	10.05 - 112
	राष्ट्रीय अध्येतावृत्तियों	10.06 - 114
	अभ्यागत एसोशिएटशिपें	10.07 - 115
	राष्ट्रीय लेक्चरशिप	10.08 - 115
	अतिथि/अंशकालीन शिक्षक	10.09 - 116
	इमेरिटस अध्येतावृत्तियां	10.10 - 116
	अभ्यागत प्रोफेसर/अभ्यागत अध्येता	10.11 - 116

	अनुसंधान परियोजनाओं में सेवा-निवृत्त शिक्षकों की सहभामिता	10.12 - 118
	अनुसंधान वैज्ञानिक	10.13 - 118
	विदेशों में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेने के लिए यात्रा अनुदान	10.14 - 118
	संकाय आवास काम्प्लैक्स/अतिथिगृह	10.15 - 119
	शिक्षक अध्येतावृत्तियां	10.16 - 119
	पारंपरिक स्कालर	10.17 - 120
	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की प्रोफेसरशिप	10.18 - 121
खंड-11	**छात्रों के लिए कार्यक्रम**	**122**
	'नियतकालीन आधार' पर कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियां	11.02 - 122
	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियों	11.03 - 123
	सीमावर्ती पर्वतीय क्षेत्रों के लिए छात्रवृत्तियां	11.04 - 123
	इंजीनियरी तथा प्रौद्यगोगिकी में अनुसंधान अध्येतावृत्तियों	11.05 - 124
	अनुसंधान अध्येताओं की आकस्मिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विश्वविद्यालयों को इकमुश्त अनुदान	11.06 - 124
	विकासशील देशों के राष्ट्रिाके को कनिष्ट अनुसंधान अध्येतावृत्तियां अनुसंधान एसोशिएटशिपें	11.07 - 124
	अनुसंधान एसोशिएटशिपें	11.08 - 124
	महिलाओं के लिए अंशकालिक अनुसंधान एसोशिएटशिपें	11.09 - 125
	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए अनुसंधान एसोशिएटशिपें	11.10 - 125
	विकलांग छात्रों के लिए अनुसंधान एसोशिएटशिपें	11.11 - 125
	छात्रावासों का निर्माण	11.12 - 126
	चुनिंदा विश्वविद्यालयों में भारत भवन छात्रावास काम्प्लैक्स	11.13 - 126
	युवा तथा खेलकूद-राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) का कार्यान्वयन	11.14 - 126
खंड-12	**सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम तथा अंतर्राष्ट्रीय सहयोग**	**128**
	सांस्कृतिक विनियम कार्यक्रम	12.01 - 128

	द्विपक्षीय संस्थागत संबंध	12.02 - 128
	प्रतिनिधि	12.03 - 129
	विदेशी भाषा शिक्षक	12.04 - 129
	अध्येतावृत्तियों/छात्रवृत्तियां	12.05 - 129
	ऐसे शिक्षकों को यात्रा अनुदान प्रदान करना जिन्हें विदेश में उनके रख-रखाव के लिए अध्येतावृत्तियां/वजीफे दिए जाने का प्रस्ताव है	12.06 - 130
	यू. के. तथा अन्य देशो में अनुसंधान कार्य के लिए स्रोत सामग्री का एकत्रीकरण	12.07 - 131
	भारत-अमेरिक अध्येतावृत्ति कार्यक्रम	12.08 - 131
	वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्-सी. एन. आर. एस. का वैज्ञानिक विनिमय कार्यक्रम	12.09 - 131
	कनाडियन अध्ययनों का विकास	12.10 - 131
	अकादमिक संपर्क अंतर्विनियम योजना	12.11 - 132
	सार्क पीठें/अध्येतावृत्तियां/छात्रवृत्तियां	12.12 - 132
	सैद्धांतिक भौतिकी के लिए अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (आई सी आई पी)	12.13 - 133
	राष्ट्र-मंडल शैक्षिक स्टाफ अध्येतावृत्तियां तथा छात्रवृत्तियां	12.14 - 133
	विदेश यात्राएं	12.15 - 133
खंड-13	**प्रौढ़ अनुवर्ती तथा विस्तार शिक्षा अैर दूरवर्ती शिक्षा**	134
	प्रौढ़ अनुवर्ती तथा विस्तार शिक्षा	13.01 - 134
	कार्यमूलक साक्षरता का जनसंपर्क कार्यक्रम	13.02 - 137
	योजना फोरम	13.03 - 137
	जनसंख्या शिक्षा	13.03 - 137
	शैक्षिक रूप से पिछड़े हुए अल्प-संख्यक समुदायों के कमजोर वर्गो के उम्मीदवारों. के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने हेतु अनुशिक्षण कक्षाएं	13.05 - 138
	दूरवर्ती शिक्षा /पत्राचार पाठ्यक्रम	13.06 - 139
खंड-14	**अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों को सुविधाएं**	141
	विश्वविद्यालयों तथा कालेजों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आरक्षण	14.02 - 142

	लेक्चरारों तथा शिक्षेकतर पदों की नियुक्तियों में आरक्षण	14.03 - 142
	छात्रावासों में सीटों का आरक्षण	14.04 - 142
	स्टाफ क्वार्टर्स तथा शिक्षक होस्टलों में स्थानों/यूनिटों का आरक्षण	14.05 - 143
	विश्वविद्यालयों/संस्थाओं में विशेष सेलों की स्थापना	14.06 - 143
	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियां	14.07 - 143
	अनुसंधान एसोशिएटशिपों का आरक्षण	14.08 - 144
	शिक्षक अध्येतावृत्तियों का आरक्षण	14.09 - 145
	सीमावर्ती पहाड़ी क्षेत्रों के अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारो के लिए स्नातकोत्तर छात्रवृत्तियां	14.10 - 145
	उपचारी अनुशिक्षण कक्षाएं	14.11 - 145
	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों की जरूरतें पूरा करने वाले कालेजों को सहायता	14.12 - 145
	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के कार्यालय में आरक्षण	14.13 - 146
खंड-15	**उच्च शिक्षा तथा महिलाएं**	147
	नामांकन में वृद्धि	15.02 - 147
	महिला कालेज	15.03 - 150
	महिलाओं के नामांकन का राज्यवार वितरण	15.04 - 151
	स्तरवार वितरण	15.05 - 151
	संकायवार वितरण	15.06 - 152
	विश्वविद्यालय में महिला अध्ययनों का संवर्धन	15.07 - 152
	महिलाओं के लिए अंशकालिक अनुसंधान एसोशिएटशिपें	15.08 - 153
खंड-16	**प्रबंधात्मक गठन एवं वित्त**	154
	प्रबंधात्मक गठन	16.01 - 154
	योजनेतर निधियां	16.02 - 155
	योजनागत निधियां	16.03 - 158

फोटोग्राफ
विश्वविद्यालयों में विकास
(1990-91)

1. गामा संसूचक व्यूह (जीडीए) न्यूक्लीय विज्ञान केंद्र, जे एन यू कैम्पस, नई दिल्ली ।
2. सद्भाव ज्ञापन (एम ओ यू) - खगोल विज्ञान तथा तारा-भौतिकी में अंतर-विश्वविद्यालय केंद्र और पूना विश्वविद्यालय के बीच हस्ताक्षर ।
3. श्री पी.एन. हक्सर द्वारा पूना में द्वितीय आई.यू.सी.सी.ए. प्रतिष्ठान दिवस व्याख्यान ।
4. एक्स-रे कैमरा और संसूचक का पास का चित्र, मद्रास विश्वविद्यालय ।
5. घन अवस्था भौतिकी (प्रायोगिक) अर्ध-चालक प्रयोगशाला, कासिस्ट ।
6. एसीबीज और रिले कन्ट्रोल पेनल सहित एलटी स्विच बोर्ड ।
7. बीज गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला में प्रयुक्त युक्तियां, अनुप्रयुक्त वनस्पति विज्ञान, मैसूर विश्वविद्यालय ।
8. भू-विज्ञान विभाग, जादवपुर विश्वविद्यालय ।
9. पालिवार माइक्रोस्कोप, सूक्ष्म जैविकी विभाग, एम.एस. विश्वविद्यालय ।
10. पोलराइजिंग माइक्रास्कोप, भूविज्ञान विभाग, बंगलौर विश्वविद्यालय ।

चित्र निरूपण

1. विश्वविद्यालयों की संख्या में वृद्धि
1980-81 से 1990-91 तक

2. विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाओं की संख्या में वृद्धि
1980-81 से 1990-91 तक

3. कालेजों की संख्या में वृद्धि
1980-81 से 1990-91 तक

4. छात्र नामांकनों में वृद्धि (विश्वविद्यालय स्तर)
1980-81 से 1990-91 तक

5. विश्वविद्यालय विभागों/विश्वविद्यालय कालेजों तथा संबंध कालेजों में शिक्षण स्टाफ
1985-86 से 1990-91 तक

6. महिलाओं का नामांकन (विश्वविद्यालय स्तर)
1980-81 से 1990-91 तक

7. जन संपर्क केन्द्रों से प्राप्त कार्यक्रमों का विषय-वार ब्यौरा
(अप्रैल 1990 से मार्च 1991)

8. कार्यक्रमों का प्रसारण - नया और पुनः प्रसारण (संख्यावार)
(अप्रैल 1990 से मार्च 1991 तक)

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
(1990-91)

अध्यक्ष

1. प्रोफेसर यशपाल*

उपाध्यक्ष

2. प्रोफेसर एस. के. खन्ना**

सदस्य

3. श्री अनिल बोर्डिया
4. प्रो. सुरेश दलाल
5. प्रो. श्रीमती अर्चना शर्मा
6. प्रो. इंदरपाल सिंह
7. प्रो. एम. एम. शर्मा
8. प्रो. एस.पी. सिन्हा
9. डा. (सुश्री) पी. सेल्वी दास
10. प्रो. ज़फर निज़ाम
11. श्री के. पी. गीताकृष्णन
12. श्री एल. एन. सिन्हा***

सचिव

1. प्रो. एस. के. खन्ना (28 जून 1990 तक)
2. डा. एस. पी. गुप्ता (29 जून 1990 से 17 फरवरी 1991 तक)
3. श्री वाई. एन. चतुर्वेदी (18 फरवरी 1991 से)

* डा. मनमोहन सिंह ने 15-3-1991 से कार्यभार ग्रहण किया ।

** 29 जून, 1990 से

*** प्रो. रामलाल पारिख 19-7-1990 से

विषय सूची (परिशिष्ट)

क्रम सं.		पृष्ठ सं.
I	भारतीय विश्वविद्यालय तथा विश्वविद्यालय मानी जाने वाली संस्थाओं की सूची (31.3.1991)	I
II	छात्रों की नामांकन संख्या में वृद्धि (1971-72 से 1990-1991)	VIII
III	1986-87 से 1990-91 तक की अवधी में छात्रों के नामांकन में वृद्धि *(पी० यू० सी०/इंटर/प्री० यूनी० के अतिरिक्त)*	XIII
IV	विश्वविद्यालयों में छात्रों का नामांकनः स्तरवार (1986-87 से 1990-1991)	XIV
V	वर्ष 1990-1991 के दौरान विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में स्तरवार छात्र नामांकन	XV
VI	विश्वविद्यालयों में छात्रों का नामांकनः संकायवार (1986-87 से 1990-1991)	XVI
VII	संकाय के अनुसार कॉलिजों का विवरण (1986-87 से 1990-1991)	XVII
VIII	1986-87 से 1990-1991 तक की अवधि में महाविद्यालयों की वृद्धि (राज्यवार)	XIX
IX	1986-87 से 1990-1991तक की अवधि में महाविद्यालयों की वृद्धि (राज्यवार) (केवल कला, विज्ञान एवं वाणिज्य)	XX
X	अध्यापन कर्मचारियों की संख्या और उनका विवरण (विश्वविद्यालय विभागों/ विश्वधिालय महाविद्यालय में पदनामों के अनुसार 1986-87 से ·1990-1991)	XXI
XI	सम्बद्ध महाविद्यालयों में पदनामों के अनुसार अध्यापन कर्मचारियों की संख्या और उसका विवरण 1986-87 से 1990-1991)	XXII
XII	प्रदान की गई डॉक्टरेट की उपाधियाँः संकायवार (1985-86 से 1989-90)	XXIII
XIII	अप्रैल, 1990 से मार्च, 1991 के दौरान संचार केन्द्रों से प्राप्त कार्यक्रम (विषयवार विवरण)	XXIV
XIV	अप्रैल, 1990 से मार्च, 1991 के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विश्व व्यापी कक्षा कार्यक्रम प्रसारण	XXV
XV	कॉसिस्ट के अंतर्गत सहायता प्राप्त विभागों का ब्यौरा	XXVI

XVI	विषयों की सूची: 20 जनवरी 1991 को आयोजित विश्वविद्यायल अनुदान आयोग कनिष्ठ शोध अध्येतावृत्ति तथा प्रवक्ता पात्रता परीक्षा	XLIV
XVII	उन विज्ञान विषयों की सूची जिनके लिए कनिष्ठ शोध अध्येतावृत्ति पात्रता हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा सी. एस. आई. आर. ने संयुक्त रूप से 30 जून 1990 को परीक्षा आयोजित की थी	XLIX
XVIII	उन विज्ञान विषयों की सूची जिनके लिए कनिष्ठ शोध अध्येतावृत्ति व प्राध्यापक पात्रता हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा सी. एस. आई. आर. ने संयुक्त रूप से 30 दिसम्बर 1990 को परीक्षा आयोजित की थी	L
XIX	मानविकी तथा सामाजिक विज्ञान विषयों में उच्च उध्ययन केन्द्रों की सूची 31-3-1991 तक	LI
XX	मानविकी तथा समाज विज्ञान विषयों में विशेष सहायता प्राप्त विभागों की सूची (31-3-1991)	LII
XXI	विभागीय अनुसंधान सहायता—मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान 31-3-91 तक	LXII
XXII	विज्ञान अभियांत्रिकी तथा तकनीकी विषयों में विश्वविद्यालयवार उच्च उध्ययन केन्द्रों की सूची 31-3-91 तक	LXIV
XXIII	विज्ञान अभियांत्रिकी तथा प्रौद्योगिकी में विभागीय विशेष सहायता 31-3-91 तक	LXVII
XXIV	विज्ञान अभियांत्रिकी तथा प्रौद्योगिकी में विभागीय शोध सहायता 31-3-1991 तक	LXXIV
XXV	(क) पाठ्यचर्या विकास केन्द्रों की सूची (विज्ञान विषय)	LXXVII
	(ख) पाठ्यचर्या विकास केन्द्रों की सूची (मानविकी तथा समाज विज्ञानों के विषयों में)	LXXVIII
XXVI	1990-1991 के दौरान विश्वविद्यालयों को योजनागत धारा-III के अंतर्गत तथा अभियांत्रिकी व प्रौद्योगिकी के अंतर्गत दिये गए अनुदान का विवरण (प्रमुख मदवार)	LXXIX
XXVII	आठवीं योजनावधि (1990-95) के दौरान महाविद्यालयों के विकास हेतु सहायता—प्रस्ताव	XCI
XXVIII	1990-1991 के दौरान योजनागत महाविद्यालयों को दिये गए अनुदान का विवरण	CXVI
XXIX	1988-89 के दौरान केन्द्रीय विश्वविद्यालयों, विश्वविद्यालयवत् संस्थान तथा राज्य विश्वविद्यालयों को(गैर—योजनागत) मिलने वाले अनुरक्षण अनुदान तथा गैर—योजनागत आवर्ती अनुदान का विवरण	CXXIII

XXX वर्ष 1990-91 में वि अ आ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा अन्य अधिकारियों के विदेशी दौरों का विवरण CXXVIII

XXXI 1990-91 के दौरान पत्राचार दूरगामी शिक्षा में पाठ्यक्रमानुसार, लिंगानुसार नामांकन CXXIX

XXXII कुल नामांकन संख्या में महिलाओं की नामांकन की प्रतिशतता: राज्यवार (1986-87 से 1990-91) CXLIV

XXXIII कुल नामांकन संख्या में महिलाओं की नामांकन की प्रतिशतता: स्तरवार (1981-82 से 1990-91) CXLIX

XXXIV कुल नामांकन संख्या में महिलाओं की नामांकन की प्रतिशतता: संकायवार (1981-82 से 1990-91) CLI

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

वार्षिक रिपोर्ट

अप्रैल 1990 - मार्च 1991

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 (1956 की संख्या 3)* की धारा 18 का अनुपालन करते हुए हम संसद के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए, केन्द्रीय सरकार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की वर्ष 1990-91 की वार्षिक रिपोर्ट पेश करते हैं ।

प्रस्तावना

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्थापना संसद के एक अधिनियम के अनुसार की गई थी । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 12 के तहत आयोग को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि "वह विश्वविद्यालयों तथा अन्य संबन्धित संस्थाओं के परामर्श से ऐसे कदम उठाएगा जिन्हें वह विश्वविद्यालयी शिक्षा के संवर्धन तथा समन्वय और विश्वविद्यालयों में शिक्षण, परीक्षा तथा अनुसंधान के स्तर निर्धारित करने तथा उनके अनुरक्षण के लिए उपयुक्त समझता हो" । तद्नुसार, आयोग को विश्वविद्यालयों से शिक्षा-सुधार के लिए आवश्यक उपाय करने के संबंध में सिफारिश करने का सांविधिक प्राधिकार प्राप्त है । आयोग विश्वविद्यालयों को इस संबंध में कार्रवाई करने की सलाह भी देता है । उक्त अधिनियम में आयोग के लिए यह आदेश भी है कि वह विश्वविद्यालयों की वित्तीय जरूरतों की जांच करेगा और विश्वविद्यालय प्रणाली की आधार-संरचनात्मक सुविधाओं तथा अन्य घटकों के विकासार्थ निधियां आबंटित / वितरित करेगा ।

आयोग ने निम्नलिखित तत्वों का पता लगाया है जिनसे विश्वविद्यालय क्षेत्रक का शैक्षिक नेतृत्व विकसित करने में सहायता मिलती है :

* 31 अक्तूबर, 1984 तक संशोधित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 (1956 का अधिनियम सं० 3)

1. अध्ययन पाठ्यक्रम ।

2. छात्रों तथा स्कॉलरों की गुणवत्ता ।

3. विशेष सहायता कार्यक्रम ।

4. संकाय सुधार ।

5. पुस्तकालय और प्रयोगशाला तथा अन्य सुविधाओं सहित आधार-संरचनात्मक सुविधाएं ।

6. अनुसंधान क्षेत्रों का पता लगाना तथा उनके लिए धन की व्यवस्था करना ।

7. विस्तार कार्यकलाप ।

8. सामूहिक सेवाएं तथा सुविधाएं ।

9. राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं ।

10. महिलाओं तथा समाज के कमजोर वर्गों के लिए शैक्षिक अवसर ।

उपर्युक्त सभी विषय क्षेत्रों के संबंध में आयोग ने अत्यंत महत्वपूर्ण सिफारिशें की हैं जिन्हें विश्वविद्यालयों द्वारा व्यापक रूप से स्वीकार किया गया है । ऐसा कार्य केवल एक बार ही नहीं किया जाता बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है और आयोग इन सिफारिशें में सुधार / संशोधन करता रहता है । सिफारिशें करने में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अपनी स्थिति विश्वविद्यालयों से उच्च नहीं समझता बल्कि वह प्रत्येक वर्ष बैठकें, राष्ट्रीय / क्षेत्रीय संगोष्ठियां तथा निरीक्षण समितियां आयोजित करके विश्वविद्यालयों के 7000 से भी अधिक शिक्षाविदों से परामर्श करता है । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विश्वविद्यालयों के शिक्षाविदों की सहयोगी प्रणाली के लिए एक समन्वयक तथा संवर्धक के रूप में भूमिका अदा करता है । इससे विश्वविद्यालयों को ज्ञान के अधुनातन क्षेत्रों में उत्कृष्टता का विकास करने तथा देश में अकादमिक नेतृत्व कायम रखने में सहायता मिली हैं । निम्नलिखित पैराओं में अनेक सिफारिशें दी गई हैं जिन्हें उपर्युक्त घटकों के संबंध में लागू कर दिया गया है :

(क) कनिष्ट अनुसंधान अध्येताओं/लेक्चरारों की राष्ट्रीय अर्हक परीक्षा विश्वविद्यालयों में काम करने वाले व्यक्तियों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करती है और शिक्षण तथा अनुसंधान के स्तर बनाए रखने में विश्वविद्यालयों की अप्रत्यक्ष रूप से सहायता करती है ।

(ख) प्राय : सभी विषय क्षेत्रों में विश्वविद्यालयों के 1000 से भी अधिक शिक्षाविदों ने राष्ट्रीय संगोष्ठियों आदि से के माध्यम से मानक शिक्षण पाठ्यक्रम तैयार करने में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सहायता की है । इनमें भविष्य विज्ञान के पाठ्क्रम भी शामिल हैं ताकि विशष्ट क्षेत्रों में उदीयमान प्रवृत्तियों पर ध्यान दिया जा सके । पाठ्यचर्या विकास केन्द्रों के जरिए विभिन्न विषयों की माडल पाठ्यचर्याएं तैयार कर दी गई हैं ।

(ग) ज्ञान के तेज विस्तार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए शिक्षण स्टाफ के अभिविन्यास के वास्ते वि. अ. आ. ने 48 अकादमिक स्टाफ कालेज शुरू किए हैं जिनका परिवीक्षण केन्द्रीय रूप से इस संबंध में निर्णय लेने के लिए किया जाता है कि इन अकादमिक स्टाफ कालेजों द्वारा कितने तथा किस सीमा तक पाठ्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । इस योजना का मूल्यांकन एक विशेषज्ञ समिति ने किया है ।

(घ) विशेषज्ञ ग्रुपों की सलाह पर तथा विश्वविद्यालय संकाय के साथ आयोग की चर्चाओं के आधार पर विश्वविद्यालयों तथा "कासिस्ट" और विशेष सहायता कार्यक्रमों के तहत चुनींदा विभागों को अपनी प्रयोगशालाओं को उन्नत बनाने के लिए पर्याप्त धनराशि प्रदान की गई है ।

(ङ) आयोग ने जब यह महसूस किया है विश्वविद्यालय और वह भी एक विषय.क्षेत्र में एक से अधिक विश्वविद्यालयों में विज्ञान की कुछ प्रयोगशालाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधनों की जरूरत होगी तब 1984 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम में यह संशोधन किया गया जिसका उद्देश्य खंड 12 (सीसीसी) के तहत सामूहिक सुविधाएं सथापित करने के लिए प्राधिकार प्राप्त करना था । इसके परिणामस्वरूप आयोग ने अनेक क्षेत्रों में अंतरविश्वविद्यालय केन्द्रों की स्थापना की है । उनमें से 'न्यूक्लीय केंद्र' एक अनुपम सुविधा है जो जेएनयू कैम्पस में स्थापित की गई है और अभी हाल में इस्तेमाल के लिए चालू की गई है । परमाणु ऊर्जा विभाग की सुविधाओं का उपयोग करने के लिए एक अंतर-विश्वविद्यालय संकाय की भी स्थापना कर दी गई है । अन्य संकायों की स्थापना की जाएगी ।

(च) 'इनूफिलबूनेट' कार्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग दूवारा अदा की जाने वाली एक अन्य महत्वपूर्ण भूमिका है । इस कार्यक्रम के अधीन कम्प्यूटर संचार नेट वर्क तैयार किया जाएगा जिसका उद्‌देश्य विश्वविद्यालयों, मान लिए गए विश्वविद्यालयों, राष्ट्रीय महत्व की संस्थाओं, वि. अ. आ. सूचना केंद्रों, अनुसंधान तथा विकास संस्थाओं और कालेजों में पुस्तकालयों और सूचना केंद्रों में सम्पर्क स्थापित करना है ताकि वे समस्त अकादमिक समुदाय के व्यापक लाभ के अपने संसाधनों का इष्टतम उपयोग कर सकें । इसके माध्यम से दूर-दूर स्थानों के शिक्षाविद् आपस में तालमेल कर सकेंगे ।

(छ) आयोग सत्ता के विकेंद्रीकरण और विश्वविद्यालय विभागों तथा कालेजों को स्वायत्तता प्रदान करने की जरूरत पर जोर देता रहा है ताकि शिक्षण और अनुसंधान में नवप्रवर्तन को बढ़ावा देने के लिए एक नम्य तथा गतिशील प्राणाली सृजित की जा सके और शैक्षिक उत्कृष्टता के केंद्रों का कुशल कार्यकरण सुनिश्चित हो सके ।

(ज) आयोग के "देशव्यापी कक्षा कार्यक्रम" ने टीवी नेटवर्क का उपयोग कारगर ढंग से किया है ताकि विश्वविद्यालय स्तरीय उच्च कोटि की शिक्षा को देश के ग्रामीण, अर्धग्रामीण तथा दूरस्थ भागों में पहुँचाया जा सके । प्रसारित किए गए तीन चौथाई से भी अधिक कार्यक्रम भरतीय स्रोत के रहे हैं।

(झ) विश्वविद्यालयों में महिला अध्ययन कार्यक्रम शामिल कर दिए गए हैं जिनका उद्देश्य राष्ट्रीय विकास तथा समाज में महिलाओं की भूमिका तथा अधिकारों के संबंध में समाज की वर्तमान प्रवृत्ति तथा मूल्यों को बदलने के लिए मानव संसाधन के रूप में महिलाओं की समपूर्ण क्षमता का उपयोग करना है ।

उपर्युक्त विषयों के अंतर्गत वर्ष 1990-91 के दौरान जिन महत्वपूर्ण क्षेत्रों के संबंध में कार्रवाई की गई, वे इस प्रकार हैं :-

1. अंतर-विश्वविद्यालय केंद्र तथा संकाय

2. दूरवर्ती शिक्षा

3. शिक्षकों के अभिविन्यास के लिए अकादमिक स्टाफ कालेज

4. विश्वविद्यालय स्वायत्तता, उत्तरदायित्व, योजना, निधियां तथा विश्वविद्यालय, राज्य सरकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के बीच परस्पर संबंध जैसे पहलुओं पर ध्यान देते हुए प्रबंध वैकल्पिक मॉडल ।

5. विशेष सहायता कार्यक्रम ।

6. लेक्चरारों की भर्ती के लिए पात्रता परीक्षा ।

7. कुछ और सहायक विभाग सृजित करके विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी की आधार-संरचना को सुदृढ़ करना ।

8. अतिचालकता तथा संधनित पदार्श विज्ञान ।

9. प्रौढ़ शिक्षा तथा राष्ट्रीय साक्षरता मिशन ।

10. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों अल्पसंख्यकों तथा महिलाओं के लिए संवर्धित सुविधाएं ।

11. अध्येतावृत्तियां/छात्रवृत्तियां

12. जन-संपर्क तथा शैक्षिक प्रौद्योगिकी नेटवर्क का विस्तार ।

आलोच्य वर्ष के दौरान आयोग ने आठवीं योजना अवधि में कालेजों के विकासार्थ दिशानिर्देश परिचालित किए और शिक्षक अध्येतावृत्ति, अनियत अनुदान, योजना फोरम तथा भारतीय लेखकों द्वारा विश्वविद्यालय स्तर की पुस्तकें तैयार करने से संबंधित जैसी योजनाओं के लिए नए दिशानिर्देश तैयार किए । आयोग ने विश्वविद्यालयों में "अभ्यागत संकाय" सृजित करके समाज के प्रति अपनी नई वचनबद्धता को पूरा किया ताकि कश्मीर विश्वविद्यालय तथा उसके संबद्ध कालेजों के शिक्षकों को शिक्षण/अनुसंधान कार्य सौपा जा सके ।

भावी परियोजनाएं

विश्वविद्यालयों को परिचालित आठवीं योजना की विकास योजनाओं के लिए दिशा-निर्देश में आयोग ने आगामी पांच वर्षो में विश्वविद्यालयों के लिए निम्नलिखित प्राथमिकताओं का पता लगाया है :-

(i) विश्वविद्यालयों के वर्तमान विभागों का अभिविन्यास किया जाए ताकि शिक्षण तथा अनुसंधान का वातावरण बेहतर बनाया जा सके और विस्तार को शिक्षा का अभिन्न अंग बनाया जा सके ।

(ii) विशिष्ट अभिविन्यास प्रदान करने वाले पाठ्यक्रमों को क्षेत्रीय तथा राष्ट्रीय विकास के संगत बनाए जाने के उद्देश्य से उन्हें आधुनिक बनाया जाना आवश्यक हैं ।

(iii) विशेषीकृत पाठ्यक्रम या वर्तमान विभागों में और अंतर-विभागीय आधार पर अध्ययन के क्षेत्र । इनमें भी पूर्वस्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तरों पर पाठ्यचर्या में नवप्रवर्तन तथा पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन करना आवश्यक होगा ताकि उन्हें सामजिक जरूरतों और ग्रामीण तथा कृषि क्षेत्रक समेत विभिन्न विकास क्षेत्रकों से जोड़ा जा सके ।

(iv) प्रयोगशाला तथा पुस्तकालय सुविधाओं और सेवाओं एवं कार्यशाला सुविधाओं, केंद्रीय यंत्रीकरण और उपस्करों के अनुरक्षण को उन्नत बनाया जाए ।

(v) कर्मचारियों के वर्तमान पदों का पूरा उपयोग किए जाने की बात को ध्यान में रखते हुए केवल परमावश्यक जरूरतों को पूरा करने के लिए अपेक्षित अतिरिक्त अकादमिक स्टाफ के संबंध में विचार किया जाए ।

(vi) विभिन्न अकादमिक गतिविधियों के सहायतार्थ कैम्पस में पानी तथा बिजली की पूर्ति जैसी सेवाओं सहित सुविधाओं को उचित महत्व दिया जाए ।

(vii) सभी विभागों को शिक्षण सहायता साधन प्रदान किए जाएं । पुस्तकालयों को सूचना केंद्रों में बदल दिया जाए और आधुनिक संचार टेक्नालाजी के माध्यम से पुस्तकालय को विभन्न विभागों से जोड़ने की कार्रवाई की जाए । पुस्तकालय सेवाओं में इस दृष्टि से वृद्धि की जाए ताकि पुस्तकालय को पूर्ण दिवसीय संस्था बनाया जा सके और वह कम्प्यूटर अनुसंधान तथा प्रलेखन सेवाओं सहित सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस हो ।

(viii) अकादमिक भवनों तथा प्रयोगशाला उपस्करों की आधार-संरचनात्क कमियों को इस बात को ध्यान में रखते हुए उचित रूप से पूरा किया जाए कि ऐसी सुविधाओं का इष्टतम उपयोग किया जाता हैं ।

(ix) उपबोधन सेवाओं सहित छात्रों के लिए सामूहिक सुविधाओं तथा उचित रोजगार एजेंसियों के साथ संपर्क में सुधार किया जाए ।

उसी प्रकार , आठवीं योजना के दौरान कालेजों के विकास से संबंधित आयोग की नीति के निम्नलिखित चार मुख्य आधार होंगें :- (क) शिक्षा के स्तरों तथा गुणवत्ता में सुधार (ख) उच्च शैक्षिक सुविधाओं में असमानताओं तथा क्षेत्रीय असंतुलनों को दूर करना (ग) पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन तथा विविधीकरण तथा (घ) सुपात्र कालेजों को स्वायत्त दर्जा प्रदान करना ।

इन उद्देश्यों की प्राप्त के लिए, आयोग उन कोलजों को सहायता प्रदान करेगा जो पात्रता की न्यूनतम शर्तें पूरा करते हैं और जिनके पास आवश्यक सक्षमता एवं संभाव्यता है और जो बेहतर स्तर प्राप्त करने के लिए प्रयास कर रहे है । ताकि वे बुक बैंकों के सुदृढ़ीकरण सहित पुस्तकों तथा पत्रिकाओं, पूर्व-स्नातक स्तर पर उचित शिक्षण के लिए आवश्यक बुनियादी वैज्ञानिक उपस्करों, भवन निर्माण, शिक्षण तथा तकनीकी स्टाफ, समाज के कमजोर वर्गों के छात्रों के लिए उपचारी पाठ्यक्रमों, विस्तार कार्यक्रम, परीक्षा सुधार तथा भारत में अकादमिक सम्मेलनों, कार्यशालाओं/संगोष्ठियों में शिक्षकों की सहभागिता से संबंधित अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा कर सकें । असमानताओं तथा क्षेत्रीय असंतुलनों को समाप्त करने की दृष्टि से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों की जरूरतों को पूरा करते हुए तथा पिछड़े/ग्रामीण/सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित कालेजों के गहन विकास के लिए भी कालेजों को सहायता प्रदान की जाएगी ।

खंड - 1

संस्थाओं, नामांकनों तथा संकायों की संख्या में वृद्धि

1.01 गत दशक के दौरान भारत में उच्च शिक्षा प्राणाली पर पर्याप्त दबाव रहा हैं । इसका कारण दो चुनौतियां थी अर्थात् एक तरफ तो संस्थाओं, नामांकन आदि की संख्या में वृद्धि हो रही थी और दूसरी तरफ स्तर बनाए रखने की जरूरत थी । हाल के वर्षो में विशेषकर कमजोर वर्ग के लोग केवल उच्च शिक्षा को ही प्रत्यक्ष, सामाजिक एवं आर्थिक विकास का साधन मानते हैं । इन उद्देश्यों की पूर्ति हेतु इस बात को सुनिश्चित करने के लिए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विपुल निवेश करने की आवश्यकता है कि उच्च शिक्षा संस्थाएं भौतिक आघार-संरचना, तकनीकी एवं अनुसंधान सहायता, साज-सामान, पुस्तकें आदि खरीदने के संसाधनों से संबधित न्यूनतम सुविधाओं से लैस हैं । संसाधनों की कमी के बावजूद, आयोग आवश्यक सुविधाएं जुटाने के लिए प्रयास करता रहा है ताकि उच्च शिक्षा प्रणाली में गुणात्मक एवं मात्रात्मक संबंधी परस्पर विरोधी आवश्यकताओं के बीच संतुलन बना रहे ।

रिपोर्ट के इस खंड में गत दशंक के दौरान देश की उच्च शिक्षा का संख्यात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया है जिसमें नामांकन, स्टाफ तथा संस्थाओं की संख्या में हुई वृद्धि का उल्लेख किया गया है ।

1.02 नए विश्वविद्यालय

वर्ष 1990-91 के दौरान निम्नलिखित नए विश्वविद्यालय की स्थापना की गई :-

नार्थ महाराष्ट्र विश्वविद्यालय, जलगाँव

इस प्रकार, 31 मार्च 1991 को विश्वविद्यालयों की कुल संख्या 147 थीं ।

1.03 केन्द्रीय सहायता प्राप्त करने के लिए योग्य घोषित किए गए विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 12(ख) के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार निम्नलिखित विश्वविद्यालय अर्थात् अमरावती विश्वविद्यालय,

अमरावती को केंद्रीय सहायता एवं संस्थागत विकास हेतु सहायता प्राप्त करने के लिए योग्य घोषित किया गया ।

1.04 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 3 के तहत "विश्वविद्यालय मानी गई नई संस्थाएं"

आलोच्य वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सिफारिशों के आधार पर भारत सरकार ने वि. अ. आ. अधिनियम की धारा 3 के अधीन निम्नलिखित संस्थाओं को "विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाएं" घोषित किया :-

जैन विश्वभारती संस्थान, लाडनूं (राजस्थान)

इस प्रकार 31 मार्च 1991 को उपर्युक्त संस्था को मिलाकर "विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाओं" की कुल संख्या बढ़कर 29 हो गई । राज्य विधायिका अधिनियमों के अधीन स्थापित किए गए विश्वविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाओं तथा संस्थानों को काल क्रमानुसार सूची परिशिष्ट-I में दी गई हैं ।

1.05 धारा 2 (च) के अधीन कालेज

वर्ष 1990-91 के अंत में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 2 (च) के तहत रखी गई सूची में स्नातकोत्तर कालेजों सहित 4210 कालेज शामिल किए गए हैं ।

1.06 छात्र नामांकन

जहां तक केवल संख्या का संबंध हैं, गत वर्षो के दौरान नामांकनों एवं संस्थाओं की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि होती रही है जैसा कि नीचे सारणी 1.1 में दिखाया गया है । सारणी से पता चलेगा कि वर्ष 1981-82 के दौरान 118 विश्वविद्यालय, 13 विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाओं तथा 4886 कालेजों में नामांकित छात्रों की संख्या 29.52 लाख थी जबकि वर्ष 1990-91 के दौरान 147 विश्वविद्यालयों, 29 विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाओं तथा 7121 कालेजों में नामंकित छात्रों की संख्या 44.25 लाख थी ।

सारणी 1.1

वर्ष	विश्वविद्यालय का नाम	कालेजों की संख्या*	छात्रों की संख्या
1	2	3	4
1981-82	118+13 विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाएं	4,886	29,52,066
1982-83	120+13 विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाएं	5,039	31,33,093
1983-84	124+15 विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाएं	5,246	33,22,939
1984-85	125+15 विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाएं	5,590	34,04,096
1985-86	132+17 विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाएं	5,816	36,05,029
1986-87	136+19 विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाएं	6,512	37,54,407
1987-88	142+22 विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाएं	6,685	39,10,828***
1988-89	144+25 विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाएं	6,779	40,74,676***
1989-90	146+28 विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाएं	6,942**	42,46,878***
1990-91	147+29 विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाएं	7,121**	44,25,247***

* उपर्युक्त कालेजों में कनिष्ठ कालेज तथा वे कालेज शामिल नहीं हैं । जिनमें डिप्लोमा/प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम चलाए जाते है ।

** अंनतिम

*** अनुमान

1.07 नामांकन की वृद्धि दर

विश्वविद्यालय प्रणाली में गत बीस वर्षों के दौरान अर्थात् वर्ष 1971-72 से वर्ष 1990-91 तक छात्र नामांकन की वृद्धि का विवरण परिशिष्ट-II में दिया गया है । वर्ष 1981-82 से 1990-91 के दौरान नामांकन की दशाब्दिक औसत वृद्धि दर लगभग 4.9 प्रतिशत रही जबकि पिछले दशक अर्थात् 1971-72 से 1980-81 के दौरान नामांकन की दशाब्दिक औसत वृद्धि दर 3.5 प्रतिशत थी । दस वर्षों अर्थात् 1981-82 से 1990-91 के दौरान वर्षवार नामांकन वृद्धि दर को देखने से यह पता चलता है कि वर्ष 1981-82 में वृद्धि दर सर्वाधिक रही अर्थात् 7.3 प्रतिशत तक पहुँच गई । उसके बाद उसमें गिरावट आनी शुरू हुई और वर्ष 1984-85 मे घटकर 2.9 प्रतिशत रह गई । तत्पश्चात् उसमें पुनः वृद्धि हुई और 1985-86 में बढ़ कर 5.9 प्रतिशत हो गई तथा 1986-87 से 1990-91 तक लगभग 4 प्रतिशत स्थिर बनी रही । पांच वर्षों के दौरान अर्थात् 1986-87 से 1990-91 तक यह वृद्धि दर 4.2 प्रतिशत थी जैसाकि परिशिष्ट-III में दिखाया गया है । परिशिष्ट-III के देखने से यह पता चलेगा कि विभिन्न राज्यों में इस औसत वृद्धि दर में काफी अंतर था । उदाहरण के लिए, तमिलनाडु में उक्त अवधि के दौरान नामांकन की वार्षिक औसत मिश्रित दर 9 प्रतिशत थी जबकि उड़ीसा में यही वार्षिक मिश्रित वृद्धि दर 2.9 प्रतिशत थी । वर्ष 1986-87 से 1990-91 के दौरान 14 राज्यों में औसत वृद्धि दर अखिल भारतीय औसत दर से 4.2 प्रतिशत से कम थी ।

1.08 स्तरवार नामांकन

वर्ष 1986-87 से 1990-91 के दौरान स्नातक, स्नातकोत्तर, अनुसंधान तथा डिप्लोमा/प्रमाण-पत्र स्तरों पर स्तरवार नामांकन का विवरण परिशिष्ट-IV में दिया गया है इससे पता चलता है कि विभिन्न स्तरों पर नामांकनों का प्रतिशत वर्ष 1990-91 में वही था जो 1989-90 में था ।

गत पांच वर्षों के दौरान भी स्नातक, स्नातकोत्तर/अनुसंधान तथा डिप्लोमा/प्रमाण-पत्र स्तरों पर नामांकनों का प्रतिशत प्रत्येक वर्ष लगभग वही अर्थात् क्रमशः 88.1 प्रतिशत, 10.6 प्रतिशत तथा 1.3 प्रतिशत रहा ।

परिशिष्ट-V में 1987-88 से 1990-91 तक चार वर्ष का विश्वविद्यालय विभागों/विश्वविद्यालय कालेजों तथा संबद्ध कालेजों का अलग-अलग स्तरवार नामांकन दिया गया है । इस परिशिष्ट के देखने से यह मालूम होगा कि इनमें से प्रत्येक वर्ष के दौरान

संबद्ध कालेजों में कुल मिलाकर सभी स्तरों पर नामंकन का प्रतिशत लगभग 83 प्रतिशत रहा । वर्ष 1990-91 के दौरान संबद्ध कोलेजों में स्तरवार कुल नामांकन स्नातक स्तर पर 88 प्रतिशत, स्नातकोत्तर स्तर पर 57 प्रतिशत, अनुसंधान स्तर पर 15 प्रतिशत तथा डिप्लोमा/प्रमाण-पत्र स्तर पर 44 प्रतिशत रहा । उक्त विभिन्न स्तरों पर शेष नामांकन विश्वविद्यालय विभागों/विश्वविद्यालय कालेजों में था । गत वर्षो के दौरान भी लगभग यही स्थिति थी ।

1.09 संकायवार नामांकन

वर्ष 1986-87 से 1990-91 तक पांच वर्षो के दौरान छात्र नामांकन का संकायवार वितरण परिशिष्ट-VI में दिया गया है । इसमें सभी संकायों के कुल नामांकन के प्रतिशत के रूप में प्रत्येक संकाय का नामांकन दिखाया गया है । इससे पता चलता है कि कला संकाय । (प्राच्य विद्या सहित) में प्रत्येक वर्ष कुल नामांकन के प्रतिशत के रूप में सबसे अधिक नामांकन रहा है । उसके बाद क्रमशः वाणिज्य, विज्ञान एवं विधि का स्थान है । सभी संकायों के कुल नामांकन की दृष्टि से प्रत्येक संकाय के नामांकन के प्रतिशत में हर वर्ष का अंतर मामूली रहा है । उदाहरण के लिए, वर्ष 1986-87 से 1990-91 तक पांच में से प्रत्येक वर्ष के दौरान कला संकाय का नामांकन 40.4 प्रतिशत रहा है । उसी प्रकार, वाणिज्य संकाय में 1986-87 से 1990-91 तक पांच वर्षो के दौरान नामांकन का प्रतिशत 21.9 रहा । पांच वर्षो के दौरान विज्ञान संकाय का प्रतिशत 19.6 रहा । अन्य संकायों में भी ऐसी ही प्रवृत्ति रही । लेकिन, इन संकायों में नामांकन का प्रतिशत कला, वाणिज्य तथा विज्ञान संकायों में नामांकन के प्रतिशत की तुलना में बहुत ही कम रहा ।

1.10 नए कालेजों की स्थापना

वर्ष 1990-91 के दौरान स्थापित किए गए नए कालेजों की संख्या 179 थी । इस प्रकार वर्ष 1989-90 में 6942 कालेजों की तुलना में 1990-91 में संबद्ध कालेजों की कुल संख्या बढ़कर 7121 हो गई (परिशिष्ट-VII) । नए स्थापित किए गए 179 कालेजों में से 99 कालेज कला/विज्ञान/वाणिज्य के थे । शेष कालेज विभिन्न संकायों से संबधित व्यावसायिक कालेज थे, जिनका ब्यौरा इस प्रकार है :-

शारीरिक शिक्षा तथा शिक्षा शास्त्र (37), आर्युविज्ञान/औषध निर्माण-विज्ञान / आयुर्वेद / नर्सिंग/दंत-विज्ञान / होमियोपैथिक (17), इंजीनियरी / प्रौद्योगिकी (9), कृषि (9), विधि (8).

1.11 कालेजों की संख्या में राज्यवार वृद्धि

वर्ष 1986-87 से 1990-91 के दौरान स्थापित किए गए नए कालेजों का राज्यवार वितरण परिशिष्ट-VIII में दिया गया है । इस अवधि के दौरान देश में कालेजों की संख्या में 609 की वृद्धि हुई । इस अवधि के दौरान सर्वाधिक वृद्धि (128) महाराष्ट्र में दर्ज की गई । अन्य राज्यों में भी कालेजों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि हुई जिसका विवरण इस प्रकार हैं :- आंध्रप्रदेश (93), कर्नाटक (82), मध्य प्रदेश (62) ।

उक्त अवधि के दौरान उक्त चार राज्यों में कालेजों की कुल संख्या में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई । कुछ अन्य राज्यों में कालेजों की संख्या में न के बराबर वृद्धि हुई जबकि कुछ राज्यों में यह वृद्धि पर्याप्त नहीं थी । कालेजों की संख्या में केवल एक की वृद्धि हुई (परिशिष्ट-IX) से यह पता चलेगा कि वर्ष 1986-87 से 1990-91 के दौरान कलेजों की कुल संख्या में जो 609 कालेजों की वृद्धि हुई थी उनमें कला/विज्ञान/वाणिज्य के कालेजों की संख्या 387 थी जो कुल वृद्धि के लगभग 65 प्रतिशत थी ।

1.12 स्टाफ की संख्या

परिशिष्ट-X में वर्ष 1986-87 से 1990-91 के दौरान विश्वविद्यालय विभागों/विश्वविद्यालय कालेजों में शिक्षण स्टाफ की संख्यां तथा वित्तरण दिखाया गया है । वर्ष 1990-91 में विश्वविद्यालय विभागों/विश्वविद्यालय कालेजों में शिक्षकों की संख्या 58,661 थी । इनमें 7509 प्रोफेसर, 15,369 रीडर, 33,437 लेक्चरार तथा 2346 अनुशिक्षक एवं निर्देशक थे । कुल शिक्षण स्टाफ में वरिष्ठ शिक्षकों यथा प्रोफेसरों तथा रीडरों का प्रतिशत 1986-87 से 1990-91 के दौरान 39 रहा । पिछले वर्षो के दौरान विश्वविद्यालय विभागों/विश्वविद्यालय/कालेजो में शिक्षण स्टाफ की संख्या में 1989-90 में 1759 की तुलना में 1990-91 में 1929 की वृद्धि हुई । संबद्ध कालेजों के शिक्षण स्टाफ (परिशिष्ट-XI) की कुल संख्या 1990-91 में 2,04,464 थी । इसमें 28,421 वरिष्ठ शिक्षक, 1,67,047 लेक्चरार तथा 8996 अनुशिक्षक एवं निर्देशक शामिल थे । संबद्ध कालेज के स्टाफ की कुल संख्या में 1989-90 की तुलना में 1990-91 के दौरान 5129 की वृद्धि हुई जबकि 1988-89 की तुलना में 1989-90 के दौरान 5240 की वृद्धि हुई ।

1.13 डाक्टरेट की प्रदत्त उपाधियॉं

1985-86 से 1989-90 के दौरान प्रदान की गई डाक्टरेट की उपाधियों का संकायवार विवरण परिशिष्ट-XII में दिया गया है । इस परिशिष्ट के देखने से यह पता

चलता है कि इस अविध के दौरान प्रदत्त डाक्टरेट की डिग्रियों की संख्या में साल-दर-साल वृद्धि होती रही । लेकिन वर्ष 1986-87 के दौरान इनकी संख्या में कमी हो गई । वर्ष 1989-90 में सभी संकायों में कुल मिलाकर 8521 डाक्टरेट की डिग्रियाँ प्रदान की गई । जहां तक संकायवार उपाधियों का संबंध है, इस अवधि में सबसे अधिक डाक्टेरट की उपाधियाँ कला संकाय में प्रदान की गई । उसके बाद विज्ञान संकाय का स्थान है । कृषि संकाय का स्थान स्पष्ट रूप से तीसरा रहा और उसके बाद वाणिज्य का स्थान था । वर्ष 1989-90 के दौरान कला में 3375 और विज्ञान में 3110 उपाधियाँ प्रदान की गई । अन्य संकायों में डाक्टरेट की उपाधियाँ प्रदान करने का क्रम इस प्रकार रहा ।

कृषि (807), वाणिज्य (383), शिक्षा (249), इंजीनियरी/प्रौद्योगिकी (233), पशुचिकित्सा विज्ञान (132) तथा आयुर्विज्ञान (90) । अन्य संकायों, जिनमें ललित कलाएं आदि शामिल है, की संख्या 88 थी । विधि में सबसे कम अर्थात् केवल 44 डिग्रियाँ प्रदान की गई ।

खंड - 2

अंतर-विश्वविद्यालय केन्द्र तथा सूचना केन्द्र

2.01 हाल के वर्षों में आयोग ने विभिन्न क्षेत्रों में अंतर-विश्वविद्यालय केंद्र स्थापित करने में पहल की है । इसका उद्‌देश्य विश्वविद्यालय प्रणाली में राष्ट्रीय अनुसंधान संबंधी सुविधाएं प्रदान करना है । जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में स्थित ऐसा पहला न्यूक्लीय विज्ञान केंद्र हैं जिसकी स्थापना 1984 में की गई थी । उसके बाद, सन् 1988 में पूना में खगोलविज्ञान तथा तारा-भौतिकी केंद्र और सन् 1989 में इंदौर में अंतर-विश्वविद्यालय संकाय की स्थापना की गई । आयोग इन केंद्रों के माध्यम से केवल स्थनगत प्रायोगिक सुविधाएं प्रदान करता रहा है । इस स्थिति में आयोग विभिन्न विश्वविद्यालयों को व्यक्तिगत रूप से या अलग-अलग सुविधाएं प्रदान नहीं कर सकता । ये केंद्र स्वायत्त संस्थाएं हैं जिन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 12 (सी सी सी) के अधीन स्थापित किया गया है । वर्ष 1990-91 के दौरान विभिन्न केंद्रों की प्रगति तथा कार्यकलापों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जा रहा हैं:

2.02 न्यूक्लीय विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली

न्यूक्लीय केंद्र की स्थापना सन् 1984 में की गई थी । इसका उद्‌देश्य मूल नाभिकीय भौतिकी के अतिरिक्त परमाणु भौतिकी, संघनित द्रव्य भौतिकी, न्यूक्लीय रसायन, जीव-विज्ञानों तथा अन्य अनेक सहबद्ध क्षेत्रों में त्वरणप्रधान अनुसंधान के लिए विश्वविद्यालय क्षेत्रक में अनुसंधान की सुविधाएं प्रदान करना हैं । यह केंद्र विश्वविद्यालयों तथा अन्य शिक्षण संस्थाओं से सहबद्ध किया जाएगा ताकि वैज्ञानिक तथा तकनीकी -- दोनों प्रकार के व्यक्तियों की संख्या की वृद्धि में संतुलन बना रहे । प्रथम चरण में इस केंद्र में एक 15 मिलियन वोल्ट अनुक्रमिक त्वरित्र की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी । तीन परिवर्तनीय आवेशीय आयन स्रोतों वाले एक 380 केवी अंतः श्रेपित्र और नेनो सेकंड लाइट तथा भारी आयन स्पंदनतंत्र से लैस 15 यूडी पेलेट्रान सर्वतोमुखी आयन त्वरित्र की व्यवस्था करता है जो प्रायः किसी भी आयन का त्वरण आवर्त सारणी में प्रोटीन से यूरेनियम और उससे 200 एम. ई. डब्लू. ऊर्जा तक कर सकता है । केंद्र का प्रथम चरण, जैसाकि परियोजना रिपोर्ट में प्रकल्पित किया गया था, पूरा हो गया हैं । बीम लाइन 18 दिसंबर, 1990 को उपलब्ध कराई गई थी । यह त्वरित्र 18 दिसंबर 1990 को मानव संसाधन विकास के तत्कालीन केंद्रीय मंत्री द्‌वारा चालू एवं राष्ट्र को समर्पित किया गया था ।

भिन्न-भिन्न ऊर्जाओं में विभिन्न आयनों के लिए पेलेट्रान के निष्पादन, निरूपण परीक्षण किए गए है । इन परीक्षणों में प्रोटोन, ऐल्फाकण निकेल तथा आयोडीन आयनों का त्वरण किया गया । संतत बीमों तथा स्पंदित बीमों -- दोनों के लिए त्वरित्र का परीक्षण किया गया ।

प्रोटोन के लिए । नैनो सैकंड से अधिक और भारी आयनों के साथ 3 नैनो सेकंड से भी कम स्पंद विस्तार उपलब्ध किया गया । इस अवधि के दौरान कुछ प्रयोक्ताओं ने प्रारंभिक प्रयोग किए ।

त्वरित्र उपयोक्ता समिति द्वारा बीम टाइम आबंटन के अनुसार प्रथम प्रायोगिक चक्र जुलाई 8, 1990 में शुरू हुआ । प्रयोगों के प्रथम चक्र में पुणे, चंडीगढ़, अमृतसर, दिल्ली, कुरूक्षेत्र, वाल्टेयर , जे एन यू, एन पी एल, वाराणसी तथा बंबई से आए उपयोक्ताओं ने पैलेट्रान का उपयोग किया ।

आयोग दृवारा संस्वीकृत विशेष परियोजनाओं अर्थात् भारी आयन अभिक्रिया विश्लेषक (हीरा) गामा संसूचक सरणी (जी डी ए) तथा प्रकीर्णन चैम्बर का प्रथम चरण लगभग पूरा होने को है । 'हीरा' के सभी घटक अर्थात् स्थिर वैद्‌युत विक्षेपक चुंबकीय द्विध्रुव, चतुर्ध्रुव आदि घूर्णन प्लेटफार्म पर लगा दिए गए है और उनका संरेक्षण कर दिया गया है । एक स्थिर वैद्‌युत विक्षेपक को 450 केवी तक पूर्णतः अनुकूलित कर दिया गया है । दूसरे का अनुकूलन किया जा रहा है । एक विशेष उच्च निर्वात सरकवां सील चैम्बर तैयार है और उसका परीक्षण किया जा रहा है । सम्पूर्ण प्रकीर्णन चैम्बर का परीक्षण ऐल्फा कणों के साथ शीघ्र ही किया जाएगा । संसूचक माउंट तथा सहबद्ध इैल्क्ट्रनिक्स के साथ जी डी ए बीम लाइन पूरी हो गई है । जी डी ए इैल्क्ट्रानिक्स ने अनुपूरक के रूप में अनेक देशी माड्यूलों का निर्माण कर दिया गया हैं । गामा संसूचक्रव्यूह (जी डी ए) का प्रथम आयन बीमा-परीक्षण किया गया । इस परीक्षण में दिल्ली, चंडीगढ़ वाराणसी, और बंबई विश्वविद्यालय के व्यक्तियों ने भाग लिया । बंगलौर विश्वविद्यालय के सहयोग से केंद्र द्‌वारा अभिकल्पित 1.6 मी. व्यास वाले एक विशाल प्रकीर्णन चैम्बर का देश में ही निर्माण किया गया । अब इसे संस्थापित तथा संरोखित कर दिया गया है और परीक्षण के लिए सामान्य उद्‌देशीय निर्वात चैम्बर के रूप में इसका प्रयोग किया जा रहा हैं ।

सामग्री विज्ञान बीम लाइन के लिए धन की व्यवस्था करने हेतू विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग को प्रस्तुत की गई परियोजना को अब अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है । जैसे ही निधियां जारी की जाती है, बीम लाइन विकास कार्यक्रम शुरू कर दिया जाएगा । इसी बीच केंद्र में एक लघु बहु-उद्‌देश्यीय चैम्बर का निर्माण किया गया और उसे

एक बीम लाइन पर संस्थापित किया गया । इसकी व्यवस्था निर्धारित बीम लाइन के चालू किए जाने से पहले प्रारंभिक माप हेतु समाग्री विज्ञान के उपयोक्ताओं के लिए की जा रही है ।

यीस्ट सेलों के भारी आयानों के प्रभाव का अध्ययन करने के संबंध में कुछ प्रयोगिक भाप करने के लिए एक लघु परियोजना शुरू की जा रही है । अतिचालन रेखिक माड्यूल को रखने तथा अन्य इमारतों के साथ-साथ भावी बीम ढाल के वास्ते चरण II के लिए भवन विन्यास का अनुमोदन शहरी आर्ट्स आयोग द्वारा पहले ही किया जा चुका है । निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है । एन पी एल, नई दिल्ली के सहयोग से अतिचालन परिनालिका चुम्बक तैयार किया जा रहा है । चरण II त्वरित्र संवर्धन के लिए उच्च आवृत्ति इैल्क्ट्रानिकी के क्षेत्र में कुछ कार्य शुरू किया गया है ।

विभिन्न विश्वविद्यालयों और स्नातकोत्तर कालेजों के छात्रों को केंद्र में दो सप्ताह के परियोजना कार्य के लिए आमंत्रित किया जाता है । इस सुविधा का उपयोग व्यापक रूप से किया जा रहा है ।

केंद्र ने विभिन्न विधाओं में उपयोक्ताओं के लिए विभिन्न कार्यशालाएं आयोजित की है ।

2.03 पूना विश्वविद्यालय के कैम्पस में खगोल-विज्ञान तथा तारा-भौतिकी का अंतर-विश्वविद्यालय केंद्र

यह केंद्र दिसंबर, 1988 से एक स्वायत्त संस्था के रूप में कार्य कर रहा है । इसका मुख्य उद्देश्य खगोल-विज्ञान तथा तारा-भौतिकी में शिक्षण, अनुसंधान तथा विकास के लिए विश्वविद्यालय-प्रणाली में एक उत्कृष्ट केंद्र की व्यवस्था करना तथा विश्वविद्यालयों में इस विषय में सक्रिय ग्रुपों का केंद्रक बनाना तथा उसके विकास को बढ़ावा देना है यह केंद्र अपने यहां एक जोरदार अनुसंधान कार्यक्रम चलाएगा । इसके अतिरिक्त, यह केंद्र विश्वविद्यालयों के शिक्षाविदों को अति आधुनिक खगोलीय उपकरणों, सैद्धांतिक जानकारी, उपस्करों से लैस इलैक्ट्रानिक्स प्रयोगशालाओं, उत्कृष्ट पुस्तकालय, आंकड़ा केंद्र तथा उच्च कोटि की कम्प्यूटर सुविधाएं प्रदान करेगा । यह केंद्र विश्वविद्यालयों में खगोल-विज्ञान तथा तारा-भैतिकी में शिक्षण एवं अनुसंधान को शुरू करने तथा उनको सुदृढ़ करने मे विश्वविद्यालयों का सक्रिय सहयोग करेगा ।

इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए खगोल-विज्ञान तथा तारा-भौतिकी का अंतर-विश्वविद्यालय केंद्र अनेक क्षेत्रों में निम्नलिखित कार्य कर रहा है :



गामा संसूचक व्यूह (जीडीए) न्यूक्लीय विज्ञान केंद्र, जे एन यू कैम्पस, नई दिल्ली ।

सद्भाव ज्ञापन (एम ओ यू) - खगोल विज्ञान तथा तारा-भौतिकी में अंतर-विश्वविद्यालय केंद्र और पूना विश्वविद्यालय के बीच हस्ताक्षर ।

श्री पी.एन. हक्सर द्वारा पूना में द्वितीय आई.यू.सी.सी.ए. प्रतिष्ठान दिवस व्याख्यान ।

(I) खगोल-विज्ञान तथा तारा-भौतिकी का अंतर-विश्वविद्यालय केंद्र संकाय विभिन्न विश्वविद्यालयों के सहयोग से भैतिकी तथा तारा-भौतिकी में एम. एस.सी. स्तर पर शिक्षण में भाग लेता है तथा खगोल-विज्ञान और तारा-भौतिकी में पी.एच. डी. डिग्री के लिए छात्रों को अनुसंधान कार्य में मार्गदर्शन देता है ।

(II) शैक्षिक समुदाय इस क्षेत्र के मुख्य कार्यक्रमों में जो भाग लेगा, उसका समन्वय भी यक केंद्र करता है ।

(III) यह केंद्र सामयिक अनुसंधान के विषयों में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम, उच्च स्तरीय स्कूल एवं कार्यशालाओं का आयोजन करता है ।

(IV) यह केंद्र विज्ञान को लोकप्रिय बनाने का कार्य करता है और भारत तथा विदेश में विश्वविद्यालय ग्रुपों, भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थनों तथा इसी प्रकार के अन्य ग्रुपों के बीच सहयोगी अनुसंधान परियोजनाओं को प्रोत्साहन देता है ।

खगोल-विज्ञान तथा तारा-भौतिकी के अंतर-विश्वविद्यालय केंद्र की स्थापना को तीन वर्ष हो चुके है और इस अवधि के दौरान इसका सर्वतोमुखी विकास हुआ है । खगोल-विज्ञान तथा तारा-भौतिकी के अंतर-विश्वविघालय केंद्र का आकाश गंगा काम्प्लैक्स लगभग पूरा हो चुका है । यह काम्प्लैक्स इस केंद्र की एक आवासीय कालोनी है । अकादमिक तथा प्रशासनिक कार्यालयों और पुस्तकालय को कम्प्यूटरों से लैस किया गया है । श्री पी. एन. हक्सर ने 29 दिसंबर 1990 को “इंडिया एंड द वर्ल्ड सम रिफ्लेक्शंस” विषय पर द्वितीय प्रतिष्ठान दिवस का व्याख्यान दिया । आई सू सी ए ए के बुलेटिन “खगोल” का प्रकाशन प्रत्येक तिमाही में नियमित रूप से जारी रहा है । इस बुलेटिन के संबंध में अनुकूल टीका-टिप्पणियां प्राप्त हुई हैं ।

खगोल-विज्ञान तथा तारा-भौतिकी के अंतर-विश्वविद्यालय केंद्र “इनूफिलबूनेट” के लिए एक संरक्षक का कार्य करता है । “इनूफ्लिबूनेट” विश्वविद्यालय अुनदान आयोग के अंतर-पुस्तकालय नेटवर्क की एक व्यापक नई योजना है जिसमें उपग्रही संचार टेक्नालाजी का प्रयोग किया जाता है ।

2.04 अंतर-विश्वविद्यालय संकाय, इंदौर

परमाणु ऊर्जा विभाग की सुविधाओं के लिए अंतर-विश्वविद्यालय संकाय की स्थापना 1989 में की गई थी । इसका उद्देश्य विश्वविद्यालय तथा परमाणु ऊर्जा विभाग के कार्मिकों के बीच अंतः क्रिया को बढ़ावा देना है । परमाणु ऊर्जा विभाग ने ट्रांबे में

ध्रुवरिऐक्टर तथा कलकत्ता में परिवर्ती ऊर्जा साइक्लोट्रान जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं स्थापित की है । उच्च प्रौद्योगिकी केंद्र में सिंक्रोट्रान विकिरण स्रोत की स्थापना की जा रही है । अंतर-विश्वविद्यालय संकाय -- परमाणु ऊर्जा विभाग सुविधाओं का उद्देश्य विश्वविद्यालय के स्कालरों द्वारा इन सुविधाओं का प्रयोग किए जाने को बढ़ावा देना है । अंतर-विश्वधिालय संकाय-परमाणु ऊर्जा विभाग सुविधाओं से यह आशा भी की जाती है कि उनके द्वारा विभिन्न वैज्ञानिक संस्थाओं के कार्मिकों के हितलाभ के लिए वर्तमान उच्च विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा ।

अंतर-विश्वविद्यालय संकाय -- परमाणु ऊर्जा विभाग सुविधाओं का पंजीकरण एक स्वायत्त सोसायटी के रूप में 1973 के मध्यप्रदेश सोसायटी पंजीकरण अधिनियम संख्या 44 के अधीन किया गया था । इसने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर से अधिगृहीत इमारत के एक हिस्से में काम करना शुरू कर दिया है ।

इस संकाय द्वारा निम्नलिखित प्रमुख मदें प्राप्त की गई :-

(1) दो विंडों सहित रिगाकू, जापान से एक घूर्णी ऐनोड एक्सरे जनित्र (12 कि. वा.) । इसकी एक विंडो पर एक "एकसाफ्स" उपस्कर लगाए जाएंगें ।

(2) यू पी एस, एक्स पी एस तथा आगर स्पैक्ट्रम-विज्ञान के लिए बी एस डब्लू, यू. के. से इ एस सी ए उपस्कर ।

इसके अतिरिक्त, फोटो ईलेक्ट्रान स्पेक्ट्रोमीटर के संविरचन के लिए बल्जेर्स से एक टर्बो-मालेक्यूलर पंप एसेंबली और वी एस डब्लू से यू एच वी निर्वात चैम्बर फ्लेंज और पारभरण प्राप्त किए गए है ।

द्रुतशीतित जल संयंत्र तथा सर्वो नियंत्रित वोल्टेज स्थायीकारियों जैसी आधार-संरचनात्मक सुविधाओं के तैयार होते ही इस उपस्कर को चालू कर दिया जाएगा ।

रैखिक प्रकार के एक पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत प्रयोगशाला ई एक्स ए एफ एस स्पेक्ट्रोमीटर का सफल विकास एवं निर्माण कर लिया गया है । इसमें बंकित भू-फोकसन का इस्तेमाल किया जाता है और जोहानसन प्रणाली में क्रिस्टलों का विश्लेषण किया जाता है । स्पेक्ट्रोमीटर में रैखिक प्रकाशीय एन्कोडरों का प्रयोग किया जाता है और इसे 5 माइक्रोन की संक्रमण शुद्धियों के लिए सौफ्टवेयर से चालित किया जाता है । कुक में

8 ev का वियोजन उपलब्ध कर लिया गया है । इसे आई यू सी प्रयोगशलाओं में संस्थापित किया जाएगा ।

आई यू सी के लिए डा. पिंपले (आई यू सी) डा. चौधरी, पुणे तथा डा. सप्रे नागपुर विश्वविद्यालय द्वारा एक फोटो इलेक्ट्रान स्पेक्ट्रोमीटर का विकास किया जा रहा है घूर्णी ऐनोड सोफ्ट एक्सरे का डिज़ान भी प्रो. वी. जी. भिड़े तथा उनके सहयोगियों द्वारा पूरा कर दिया गया है ।

वी ई सी सी, कलकत्ता में 24-26 जुलाई, 1990 तक परियोजना लीडरों की एक कार्यशाला आयोजित की गई । इस कार्यशाला में विभिन्न विश्वविद्यालयों, परमाणु ऊर्जा विभाग, टीआई एफ आर आदि के पचास व्यक्तियों ने भाग लिया । तीस परियोजना लीडरों ने अपनी अनुसंधान परियोजनाएं प्रस्तुत कीं जिन पर विस्तार से चर्चा की गई । संबधित क्षेत्रों में वर्तमान अध्ययनों की समीक्षा करने तथा ऐसे अनुसंधान कार्यक्रम तैयार करने के लिए निम्नलिखित छह ग्रुप गठित किए गए जिनमें एक सहयोगी ढंग से अनेक अनुसंधान कार्यकर्त्ता भाग ले सकें ।

1. पूर्व-साम्यावस्था परिघटना
2. आवेशित कण अभिक्रिया
3. उच्च प्रचक्रण न्यूक्लीय संरचना गामा किरण स्पेक्ट्रम विज्ञान
4. विखंडन भौतिकी
5. सामग्री विज्ञान
6. न्यूक्लीय रसायन

इनमें से कुछ ग्रुपों ने बैठकें की है और अपनी रिपोर्टे प्रस्तुत की है । लक्ष्य, संसूचक तथा इलैकट्रानिकी प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए अनुवर्ती कार्रवाई की जा रही है ।

दो बीम लाइनों (एक एक्सरे तथा यूवी फोटो इलेक्ट्रान स्पेक्ट्रम विज्ञान के लिए और दूसरी अल्पवेधी एक्सरे अवशोषण अध्ययनों के लिए) पर चर्चा करने, उनका मूल्यांकन करने तथा उनको अंतिम रूप देने के लिए इंदौर में 26-27 जून, 1990 को

दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई । इस कार्यशाला का उद्‌घाटन प्रो. यशपाल ने किया और इसमें भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, उच्च प्रोद्योगिकी केंद्र तथा भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान तथा विभिन्न विश्वविद्यालयों के व्यक्तियों ने भाग लिया । आई यू सी के समाचार-पत्र "सहयोग" के दिसंबर, 1990 के अंक में दो बीम लाइनों का प्रकाशीय विन्यास दिया गया है और उसका निरूपण किया गया है ।

ध्रुव पर आई यू सी परियोजनाओं पर चर्चा करने के लिए तथा इन परियोजनाओं के लिए धन की व्यवस्था करने के संबंध में कार्यविधि तैयार करने के लिए 29 अक्तूबर 1990 को भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में परियोजना लीडरों की एक बैठक आयोजित की गई । प्रत्येक परियोजना को प्रस्तुत किया गया और उस पर चर्चा की गई तथा 13 परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया ।

एक 200 केवीए ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है और उसे चालू कर दिया गया है ताकि उपकरणों के लिए उचित सप्लाई वोल्टेज तथा बिजली उपलब्ध हो सके । स्पाइक मुक्त सर्वोनियंत्रित तीन फेजी वोल्टता स्थायीकारी लगा दिए गए हैं ।

घूर्णी ऐनोड एक्सेर जनित्र तथा ई एस सी ए उपस्करों के लिए 5 टन की द्रुतशीतित जल यूनिट खरीद ली गई है ।

आंकड़ा विश्लेषण, आकंड़ा अर्जन तथा कार्यालय स्वचालन के लिए चार कम्प्यूटर खरीद लिए गए है और उन्हें चालू कर दिया गया है ।

2.05 क्रिस्टल वृद्धि केंद्र, अन्ना विश्वविद्यालय, मद्रास

क्रिस्टल वृद्धि केंद्र ने क्रिस्टल वृद्धि के विभिन्न विषयों में व्यापक अनुसंधान किया है और इन पर अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं 14 मूल शोध लेख प्रकाशित किए है तथा राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में 37 लेख पढ़े हैं । आलोच्य वर्ष के दौरान पी. एच. डी. के पांच शोध प्रबंध पूरे किए गए है । औद्योगिक तथा प्रौद्योगिकीय दृष्टि से महत्वपूर्ण क्रिस्टलों यथा - जी ए एस, आई एन पी की वृद्धि की गई है । III-V यौगिकों के 2" व्यास और 3" लम्बे एकल क्रिस्टलों की भी वृद्धि की गई । भारत आठवां देश है जिसने यह क्षमता प्राप्त कर ली है । आयातित अभिकर्षक के लिए देश में ही समस्त सहायक प्रणाली का डिज़ाइन तैयार और उसका निर्माण कर लिया गया है । सम्पूर्ण देश से आए 31 आगंतुकों ने इस केंद्र का दौरा किया और उन्होंने क्रिस्टल वृद्धि के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त किया ।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने "अर्धचालक सामग्री के अधिरोहण पर जोर देते हुए प्रकाशजनक युक्तियों के लिए सुविधा विकास" तथा प्रकाश इलेक्ट्रानिक तथा लेसर क्रिस्टल के विकास और उच्च प्रौद्योगिकी के लिए अभिलक्षण" पर दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है आर उनके लिए क्रमशः रु. 17 लाख तथा 5 लाख की वित्तीय सहायता दी है ।

विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार ने "प्रकाशीय गुणता वाले बृहदाकर यूरिया क्रिस्टलों की वृद्धि तथा अभिलक्षण" पर एक अनुसंधान परियोजना मंजूर की है और रू. 3.56 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान की है ।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने "क्रिस्टल वृद्धि केंद्र : यू जी सी -- अन्ना विश्वविद्यालय सुविधा" के कार्यकलापों के लिए रु. 150 लाख अनुमोदित किए है । मई 17-18, 1990 के दौरान क्रिस्टल वृद्धि केंद्र, अन्ना विश्वविद्यालय ने उच्च-प्रौद्योगिकी अतिचालकों की क्रिस्टल वृद्धि पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की । इस संगोष्ठी में सम्पूर्ण देश के लगभग 60 व्यक्तियों ने भाग लिया । 25 अनुसंधान लेख प्रस्तुत किए गए । इस संगोष्ठी में मुख्यत : अतिचालन सामग्री की वृद्धि तथा उच्च प्रौद्यो. एकल क्रिस्टलों के भौतिक गुणों के अन्वेषण पर विचार किया गया ।

क्रिस्टल वृद्धि केंद्र के एक अनुसंधान छात्र ने जून 18-20, 1990 कें दौरान लीध विश्वविद्यालय, यू. एस. ए. में आयोजित "64वीं कोलाइड तथा पृष्ठीय विज्ञान परिचर्चा" में भाग लिया और एक शोध लेख प्रस्तुत किया । उसने जुलाई 15-20, 1990 के दौरान वेल, यू. एस. ए. में आयोजित "क्रिस्टल वृद्धि पर VIII वे अमरीकी सम्मेलन" में भी भाग लिया ।

अर्ध-चालक भौतिकी संस्थान, यू० एस० एस० आर० के विज्ञान अकादमी में तनु फिल्म विकास संबंधी वैज्ञानिक परिषद के अध्यक्ष भौतिकी तथा गणित के डाक्टर प्रो. सी. एन. अलेक्जेड्रोव, नोवोसिविर्क्स (यू एस एस आर), डा० राजेंद्रन, मोबील सोलर , यू० एस० ए०, प्रो. उस्मान ए० शिर्नशिन एन एस एफ, यू एस ए तथा अन्य विशिष्ट विदेशी आगंतुकों ने इस केंद्र का दौरा किया ।

23-24 अगस्त, 1990 के दौरान इंडियन फिजीकल सोसायटी, कलकत्ता दूवारा आयोजित युवा भौतिक विज्ञानियों के लिए परिसंवाद अपना योगदान प्रस्तुत करने के लिए इस केंद्र के तीन अनुसंधानकर्ताओं को आमंत्रित किया गया । इस वार्षिक कार्यक्रम के शुरू किए जाने के वर्ष से लेकर साल-दर-साल इस वार्षिक राष्ट्रीय कार्यक्रम में सहभगिता के संबंध में इस केंद्र का विशिष्ट स्थान है ।

क्रिस्टल वृद्धि केंद्र के अनुसंधानकर्ताओं ने राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, नई दिल्ली घन अवस्था भौतिकी प्रयोगशाला, नई दिल्ली, टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान, बंबई, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, बंबई, साहा न्यूक्लीय भौतिकी संस्थान् कलकत्ता और सी ई सी आर आई, करैकुडी, इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र कलपक्कम जैसी राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं के क्रिस्टल वृद्धि केंद्र के अनुसंधानकर्ताओं ने क्रिस्टलों के विषय में क्षेत्रीय कार्य तथा अभिलक्षणन के संबंध में इस क्रिस्टल वृद्धि केंद्र का दौरा किया हैं ।

2.06 पश्चिमी क्षेत्रीय यंत्रीकरण केंद्र, बम्बई

वर्ष 1989 के दौरान आयोग ने यह निर्णय लिया कि बंबई विश्वविद्यालय स्थित विद्यामान पश्चिमी क्षेत्रीय यंत्रीकरण केंद्र का दर्जा बढ़ाकर "यंत्रीकरण में अंतर-विश्वविद्यालय केंद्र" कर दिया जाए ।

यह केंद्र विश्वविद्यालय विज्ञान यंत्रीकरण केंद्रों के स्टाफ के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करेगा तथा शिक्षण और अनुसंधान के लिए अपेक्षित यंत्रों का विकास करेगा । इस केंद्र की यह खास जिम्मेदारी होगी कि वह अनुसंधान तथा विकास शिक्षण के लिए यंत्रों का विकास करेगा और विश्वविद्यालयों के समुचित नेटवर्क के माध्यम से विश्वविद्यालय क्षेत्रक में सभी स्तरों पर जनशक्ति के लिए उपयुक्त प्रशिक्षण की व्यवस्था करेगा तथा अन्य राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और यंत्र-उद्‌योगों के साथ सहयोग करेगा । यह केंद्र विश्वविद्यालय क्षेत्रक में एक नोडल संस्था के रूप में कार्य करेगा जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालयों और राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं तथा उद्योगों के बीच आवश्यक संपर्क स्थापित करना होगा ताकि विश्वविद्यालयों के यंत्रीकरण के स्तर को सुधारने के लिए यंत्रीकरण विशेषज्ञों का समागम किया जा सके यह केंद्र विश्वविद्यालयों, राष्ट्रीय प्रयोगशालोओं तथा उपयोगों के बीच सहयोग की एक उपयुक्त प्रक्रिया उपलब्ध कराएगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि केंद्र पर यंत्रों के अनुसंधान, डिज़ाइन तथा विकास के परिणामस्वरूप उनके उत्पादन में शीघ्रता लाई जा सके ।

प्रस्तावित केंद्र के निम्नलिखित उद्देश्य होंगे :

I. यंत्रों के उचित प्रयोग तथा अनुरक्षण के लिए यू एस आई सी स्टाप तथा छात्रों का प्रशिक्षण ।

II. छात्रों तथा यू एस आई सी वरिष्ठ स्टाफ के लिए स्नातकोत्तर तथा डाक्टरेट के स्तर पर यंत्रों का प्रशिक्षण ।

III. विश्वविद्यालयों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं तथा उद्योगों के शिक्षकों, अनुसंधान कार्यकर्ताओं के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों आदि जैसे उच्च अध्ययन कार्यक्रमों को संचालित करना ।

IV. विश्वविद्यालयों तथा कालेजों में शिक्षण और अनुसंधान से प्रत्यक्ष संबध रखने वाले वैज्ञानिक उपकरणों का विकास और उत्पादन के लिए उद्योग को उपलब्ध तकनीक का प्रसार ।

V. विश्वविद्यालयों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं तथा उपयोगों के बीच सहयोगी साधनों का प्रयोग करते हुए उच्च प्रौद्योगिकी पर आधारित वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए अधुनातन उत्पादन-योग्य यंत्रों का विकास ।

VI. विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकीय मिशनों की सहायता के लिए अपेक्षित यंत्रों का विकास ।

परियोजना रिपोर्ट तथा प्रस्तावित केंद्र के बहिर्नियमों को भारत सरकार ने अनुमोदन प्रदान कर दिया है । अभी बंबई विश्वविद्यालय के साथ प्रक्रियो को अंतिम रूप दिया जाना हैं ।

2.07 शैक्षिक संचार के लिए अंतर-विश्वविद्यालय संकाय

(न्यूक्लीय विज्ञान केंद्र का एक परियोजना प्रकार)

संचार एक अत्यंत महत्वपूर्ण शैक्षिक प्रक्रिया है । व्यापक क्षेत्रों तथा प्रदेशों में सचार प्रौद्योगिकी के विस्तार के साथ-साथ, जनसंपर्क का महत्व उत्तरोत्तर बढ़ता जा रहा है । यदि संचार प्रक्रियाओं का कारगर ढंग से संभाला जाए तो अविकसित, अल्पविकसित तथा विकासशील क्षेत्रों एवं समुदायों में आधुनिकीकरण तथा विकास की चुनोतियों का सामना किया जा सकता है । अनौपचारिक तथा सामाजिक शिक्षा, मुक्त एवं दूरवर्ती शिक्षा समेत शिक्षा के सभी स्तरों पर जन-संपर्क की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है । जन-संपर्क माध्यम से कृषि, उपयोग तथा स्वास्थ्य आर उद्यमों का व्यापक क्षेत्र लाभन्वित होता है । यही बात महिलाओं तथा बच्चों पर लागू होती है जिन तक औपचारिक शैक्षिक संस्थाओं के माध्यम के अपेक्षाकृत रेडियों तथा टी वी के जरिए अपनी बात सरलता से पहुँचाई जा सकती है । आवश्यक साक्षरता के अभाव में टी वी जैसे दूरवर्ती माध्यम से आवश्यक अनौपचारिक आगतों के साथ दूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों से संपर्क किया जा सकता

है । शहरी तथा देहाती -- सभी दर्शकों के लिए शिक्षा की गुणवत्ता समान होगी । इस मीडिया का उपयोग जितने अधिक दर्शक करेंगे उतनी ही प्रति शिक्षार्थी लागत कम होगी ।

राष्ट्रीय ज़रूरतों के अनुक्रियास्वरूप विकासमान सूचना प्रणाली की दृष्टि से संचार प्रोद्यूोगिकी उत्तरोत्तर शक्तिशाली बनती जा रही है । संपर्क कार्यकलाप विविध तथा विभिन्न प्रकार के बन गए है । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग शीघ्र ही इस बात को समझ गया कि छात्रों तथा भारत के नागरिकों को उच्च कोटि की शैक्षिक सामग्री उपलब्ध करने में राष्ट्रीय उपग्रह प्रणाली का शक्तिशाली प्रयोग किया जा सकता है । इसलिए, जैसे ही यह स्पष्ट हो गया कि देश में 'इन्सेट प्रणाली' चालू करने की योजना बनाई जा रही है । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने इस बात को सुनिश्चित करने की पहल की कि इस प्रणाली में उच्च शिक्षा के लिए कुछ समय उपलब्ध कराया जाए और उसने इस 'स्लाट' की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए शैक्षिकी टीवी कार्यक्रम तैयार करे हेतु एक आधार-संरचना सृजित करने के लिए कदम उठाए ।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग दूवारा किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप राष्ट्रीय नेट वर्क पर उच्च शिक्षा कार्यक्रमों के प्रसारण के लिए एक सप्ताह में छह दिन के लिए एक-एक घंटे के दो 'स्लाट' निर्धारित किए गए । "देश व्यापी कक्षा कार्यक्रम" 15 अगस्त 1984 को शुरू हुआ था ।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने दूरदर्शन कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए अपेक्षित आधार संरचना को निर्धारित करने के हेतु एक कृतिक बल का गठन किया । कृतिक बल ने विश्वविद्यालय में शैक्षिक माध्यम अनुसंधान केंद्र तथा दृश्य-श्रव्य अनुसंधान केंद्र स्थापित किए जाने की सिफारिश की । कृतिक बल ने यह सिफ़ारिश भी की कि इस कार्य के समन्वय कार्य के लिए एक राष्ट्रीय केंद्र स्थापित किया जाए शैक्षिक माध्यम अनुसंधान केन्द्रों के समन्वय तथा 'दूरदर्शन' के साथ संपर्क बनाए रखने के लिए वि. अ. आ. में एक 'इन्सेट सेल' स्थापित किया गया ।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने चार शैक्षिक माध्यम अनुसंधान केंद्र तथा तीन दृश्य-श्रव्य अनुसंधान केंद्र स्थापित करने का कार्य शुरू किया । यह आधार-संरचना वस्तुतः सभी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं थी अतः कुछ कार्यक्रम आयात करने पड़े । बहरहाल, आधार-संरचना को शुरू में कम से कम इसलिए रखना पड़ा ताकि इस प्रणाली को अनुभव प्राप्त किया जा सके । यह आधार संरचना शंनैः शनैः अस्तित्व में आने लगी और चालू हो गई । इस प्रणाली में विशेषज्ञा और सुविधाओं में वृद्धि तथा

सुधरे हुए प्रबंध के परिणाम-स्वरूप प्रसारण संबंधी अपेक्षाओं के लिए अधिक से अधिक स्वदेशी योगदान किया गया । फलस्वरूप आयातित कार्यक्रमों में कमी हो गई ।

जैसे-जैसे अनुभव प्राप्त होता गया कुछ और दृश्य-श्रव्य अनुसंधान केंद्र स्थापित किए गए और आजकल "देशव्यापी कक्षा" प्रणाली में चार शैक्षिक माध्यम अनुसंधान केंद्र तथा दस दृश्य-श्रव्य अनुसंधान कार्य कर रहे है ।

"देशव्यापी कक्षा" का कार्यक्रम गत वर्षा के दौरान काफी कारगर सिद्ध हुआ है । इस कार्यक्रम ने न केवल प्रसारण संबधी आवश्यकताएं पूरी की हैं बल्कि गुणवत्ता सुधार की दिशा में भी निश्चित रचनात्मकता प्रदर्शित की है । प्रतिपुष्टि से संकेत मिलता है कि प्रसारण से समाज के सभी वर्गों को बहुविषयक शैक्षिक सूचना पहूँचाने का प्रयोजन सिद्ध हुआ है ।

शैक्षिक माध्यम अनुसंधान केंद्र तथा दृश्य-श्रव्य अनुसंधान केंद्र अन्य कुछ एजेंसियों के सहयोग से वर्तमान संचार आवश्यकताओं को पूरी करने के लिए अपने ही ढंग से कार्य कर रहे है । 'इन्सेट सैल' दूरदर्शन के साथ शैक्षिक माध्यम अनुसंधान केंद्रों तथा दृश्य-श्रव्य अनुसंधान केंद्रों की गतिविधियों का समन्वय करने में एक प्रमुख भूमिका अदा कर रहा है । अनेक विश्वविद्यालयों में संचार विभाग पूर्वस्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर पर संचार में शिक्षा प्रदान कर रहे हैं । इन प्रयासों मे समन्वय और सुधार किए जाने की आवश्यकता है ताकि कार्य की पुनरावृत्ति न हो । यदि एक अंतर-विश्वविद्यालय संकाय सृजित किया जाता है तो संचार के विभिन्न विभागों, शैक्षिक माध्यम अनुसंधान केंद्रों तथा दश्य-श्रव्य अनुसंधान केंद्रों के कार्यकलापों को मजबूत बनाया जा सकता है ।

शैक्षिक संचार के अंतर-विश्वविद्यालय संकाय दृश्य-श्रव्य संवर्धन का विकास करते हुए तथा शिक्षा के प्रसार में संचार-प्रौद्योगिकी को नवीन रूप देते हुए देश में शिक्षा की मीडिया संबंधी जरूरतों को पूरा करेगा ।

2.08 एम एस टी रडार केंद्र – श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय

आयोग ने श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय के परिसर में एक केंद्र की स्थापना की है । इसका नाम 'एम एस टी रडार केंद्र है । मध्य मंडल, समताप मंडल तथा क्षोभ मंडल (एम एस टी) रडार प्रणाली तिरूपति के निकट लगाई जा रही हैं ।

यह एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सुविधा है जो डी ओ एस, डी एस टी तथा दूसरों के द्वारा स्थापित की जा रही है । एस. वी. यूनिवर्सिटी एक ऐसा विश्वविद्यालय है जो एम

एस टी रडार सुविधा के सबसे निकट है और यह वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए सर्वथा उपयुक्त है । इसका लाभ उठाने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने यह निर्णय लिया कि एस. वी. यूनिवर्सिटी में एक एम एस टी रडार केंद्र की स्थापना की जाए ताकि उसकी सुविधाओं का उपयोग किया जा सके । आयोग ने शुरू में इसका कार्यभार पांच वर्ष के लिए संभाला । एस. वी. विश्वविद्यालय के साथ एक 'एमओयू' पर हस्ताक्षर किए गए है । इस केंद्र के उद्देश्य इस प्रकार हैं :-

1. इस केंद्र की सेवाओं का लाभ विशेषतः एम एस टी रडार से संबद्ध विषय के संदर्भ में वायुमंडलीय विज्ञानों के क्षेत्र में काम करने वाले भारतीय विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिक तथा अनुसंधानकर्ता उठाएंगें ।

2. यह केंद्र अुनसंधान के लिए आवश्यक सुविधाएं तथा आधारभूत अभिकली सहायता उपलब्ध कराएगा ।

3. यह केंद्र वायुमंडलीय तथा भू-विज्ञानों के क्षेत्र में दौराओं के आदान-प्रदान के लिए एक मंच उपलब्ध कराएगा ताकि भारतीय वायुमंडलीय विज्ञान समुदाय ऐसे सहयोग से लाभ उठा सकें ।

4. यह केंद्र महत्वपूर्ण क्षेत्र के चुनौतीपूर्ण अनेक कार्या में स्नातकोत्तर अध्ययन तथा अनुसंधान अध्येताओं के प्रशिक्षण में सहायता प्रदान करेगा ।

5. यह केंद्र वायुमंडलीय गतिकी के क्षेत्र में एम एस टी रडार तथा अन्य यंत्रीकरण सुविधाओं का उपयोग करते हुए, प्रायोगिक कार्यक्रम का समन्वय करने में मदद करेगा ।

6. यह केंद्र, व्यापक राष्ट्रीय आंकड़े एकत्र करेगा । यह केंद्र भारतीय अक्षांशों पर मध्यवर्ती वायुमंडल के लिए माडल तैयार करने तथा उनकों अद्यतन करने में सहायता प्रदान करेगा ।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग आवर्ती व्यय के लिए आधार-संरचना हेतु तथा केंद्र के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु अभ्यागत कार्यक्रमों के लिए धनराशि की व्यवस्था करेगा ।

2.09 विज्ञान सूचना केंद्र, भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलौर

यह केंद्र भौतिकी, जीव-विज्ञानों, रसायन, गणित, मृदा-विज्ञानों तथा इंजीनियरी

जैसी विधाओं में प्रामाणिक एवं अद्यतन सार सेवाएं प्रदान करता रहा है ।

यह केंद्र उपयोक्ताओं को उनके अनुरोध पर सामयिक लेखों की पूरी फोटो प्रतियों प्रदान करता है और सूचना सेवाओं के इष्टतम उपयोग के लिए आवश्यकतानुसार पृच्छाएं तैयार करने में उनको शिक्षित करता है । कम्प्यूटरीकृत प्रबंध प्रणाली जर्नल अधिप्राप्ति, अनुवर्ती कार्रवाई नवीकरण, केंद्र में प्राप्त जर्नलों के लिए पावती आदि की प्रक्रिया को सरल एवं कारगर बनाती है ।

यह केंद्र कम्प्यूटरों तथा सूचना प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों की पर्याप्त जानकारी प्रदान करने के लिए एक वर्ष का प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाता है ।

2.10 मानविकी तथा सामाजिकी विज्ञानों में सूचना केंद्र, एम. एस. विश्वविद्यालय, बड़ौदा तथा एस एन डी टी वीमेंस यूनिवर्सिटी, बंबई

आयोग ने मानविकी तथा सामजिक विषयों में दो सूचना केंद्रों की स्थापना की है -- एक एस एन डी टी वीमेंस यूनिवर्सिटी बंबई में तथा दूसरा एम. एस. यूनीवर्सिटी बड़ौदा में। एस एन डी टी केंद्र में समाज-शास्त्र, गुजराती, महिला अध्ययनों, गृह-विज्ञान, पुस्तकालय विज्ञान तथा विशेष शिक्षा जैसी विधाएं हैं और एम एस यूनिवर्सिटी, बड़ौदा स्थित केंद्र में अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, शिक्षा तथा मनोविज्ञान ।

ये केंद्र शिक्षकों तथा छात्रों को तत्परता के साथ सामयिक जानकारी/सूचना सेवाएं, संदर्भ सेवाएं तथा सूचना, प्रदान करते रहे हैं । साथ ही वे संबधित विधाओं में संदर्भ ग्रंथसूची संबधी सहायता तथा अद्यतन प्रलेखन उपलब्ध कराते रहे है ।

विश्वविद्यालयों के पुस्तकालयों में उपलब्ध संसाधनों का इष्टतम उपयोग किया जा रहा है और इन केंद्रों में भारत तथा विदेशी सैकड़ों पत्रिकाओं के विश्लेषण द्वारा तैयार अभिकलनी आंकड़ा बेस संबधी सेवाओं का विकास किया जा रहा है ।

2.11 सूचना तथा पुस्तकालय नेटवर्क (इनफ्लिबनेट)

जनसाधारण में सूचना का कारगर प्रसार किसी राष्ट्र के विकास में एक महत्वपूर्ण बात है । पुस्तकालय तथा सूचना केंद्र पारंपरिक है लेकिन वे ज्ञान के विशाल भंडार हैं । 'इनफ्लिबनेट' इस ज्ञान का उपयोग करने की प्रक्रिया उपलब्ध कराता है और उसके लिए वह देश में नेटवर्क पुस्तकालयों के लिए कम्प्यूटरों तथा संचार की उपयुक्त सूचना टेक्नालाजी का प्रयोग करता है ताकि साहित्य संसाधनों का इष्टतम उपयोग किया जा सके और यथासंभव पुनरावृत्ति से बचा जा सके ।

गत वर्ष यह सूचित किया गया था कि आयोग ने 'इनूफि़्लबनेट' का परिष्कृत ब्यौरा तैयार करने हेतु अपने द्वारा गठित छह कृतिक समूहों की रिपोर्ट प्राप्त कर ली है ताकि कार्यक्रम के कार्यान्वयन में राष्ट्रीय 'इनूफि़लबूनेट' केंद्र की सहायता की जा सके ।

समिति उपलब्ध संसाधनों पर विचार करते हुए 'इनूफि़लबूनेट' कार्यक्रम शुरू करने के लिए एक संशोशिधत योजना तैयार की गई है जिस पर आठवीं योजना के दौरान चार वर्षो के दौरान रू. 25 करोड़ का प्रारंभिक निवेश किया जाएगा । लागत में यह कमी नेटवर्क में नोडों की संख्या कम करके हासिल की गई है । 'इनूफि़लबूनेट' का मूल उद्देश्य एक कारगर सूचना अंतरण प्रणाली तैयार करना है । इस योजना में सूचनासमृद्ध संस्थाओं से सूचना शून्य संस्थाओं के लिय सूचना प्रवाह में सुधार करने पर जोर दिया गया है । इन संस्थाओं का सूचना शून्य होने का कारण उनकी प्रतिकूल भौगोलिक स्थिति और/ या संसाधनों का अभाव हैं ।

यह योजना तैयार की गई है कि 45 विश्वविद्यालय पुस्तकालयों का पता लगाया जाए और उनको आधुनिक बनाया जाए, 10 प्रलेख संसाधन केंद्रों तथा 5 अनुसंधान एवं विकास/क्षेत्रक सूचना केंद्रों को सहायता प्रदान की जाए । इन केंद्रों को सहयता प्रदान की जाए । इन नोडों तथा पहले से चालू यू० जी० सी० राष्ट्रीय सूचना केंद्रों को एक उपग्रह से जोड़ा जाएगा । दूरवर्ती क्षेत्रों के उन पुस्तकालयों पर जोर दिया जाएगा जिनके पास पुस्तकों एवं संसाधनों का अभाव है । इससे कुछ वंचित पुस्तकालयों को देश में विशाल पुस्तकालय बनने का अवसर प्राप्त होगा जिसके परिणामस्वरूप समानता आएगी ।

'इनूफि़लबूनेट' के उद्देश्य इस प्रकार हैं :-

I संचार सुविधाओं का संवर्धन करना तथा उनकी स्थापना करना ताकि सूचना अंतरण की क्षमता में सुधार हो सके जिससे संबधित ऐजेंसियों के सहयोग तथा सहभागिता से विद्धत्ता, अधिगम, अनुसंधान तथा शैक्षिक कार्यो में मदद मिलती है ।

II विश्वविद्यालयों, विश्वविद्यालय मान ली गई संस्थाओं, राष्ट्रीय महत्व की संस्थाओं, वि० आ० आ० के सूचना केंद्रों, अनुसंधान तथा विकास संस्थाओं और कालेजों में पुस्तकालयों तथा सूचना केंद्रों का संपर्क जोड़ने के लिए सूचना तथा पुस्तकालय नेटवर्क 'इनफि़लबूनेट' -- एक कम्प्यूटर संचार नेटवर्क स्थापित करना ।

III इलैक्ट्रनिक मेल, फाइल हस्तांतरण, कम्प्यूटर/ओडियों/वीडियों सम्मेलन क्रिया के जरिए वैज्ञानिकों, इंजीनियरों , अनुसंधानकर्ताओं, सामाजिक वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों संकायों तथा छात्रों में वैज्ञानिक संचार को सुकर बनना ।

IV विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर के विश्वविद्यालयों को "देशव्यापी कक्षा" के कार्यान्वयन तथा विस्तार के लिए आवययक सलाह, परामर्श तथा सेवाएं प्रदान करना ।

V कुशल नेटवर्क स्थापित करने के लिए संचार, कम्प्यूटर नेट वर्किंग, सूचना व्यवस्था तथा आंकड़ा प्रबंध के क्षेत्र में प्रणाली डिज़ाइन तथा अध्ययन करना ताकि बढ़ती हुई आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उसका उन्नयन करना ।

VI 'नेट वर्क' के लिए उपयुक्त नेटवर्क नियंत्रण तथा परिवीक्षण प्रणाली स्थापित करना तथा अनुरक्षण की व्यवस्था करना ।

प्रारंभिक योजना में प्रस्तुत की गई 'इन्फ्लिबनेट' परियोजना के कार्यान्वयन देश मे सूचना अंतरण वातावरण को जीवंत बनाए रखने के लिए सफलता पूर्वक चलता रहेगा और उसमें सथासंभव कम से कम निवेश किया जाएगा । चार वर्ष की अवधि के अंत में, जैसाकि मूल योजना में प्रस्ताव किया गया है, उसके सभी मूल अवयवों के साथ-साथ 'हब अर्थ स्टेशन' सहति 60 नोडों एक नेटवर्क स्थापित किया जाएगा । चूँकि प्रकल्पित स्कीम का स्वरूप माडुलर है अतः यह संभव होगा कि 9वीं योजना अविध के दौरान इस नेटवर्क की क्षमता इतनी बढ़ जाए ताकि सम्पूर्ण देश लाभान्वित हो सके । प्रारंभिक चरणों में तैयार की गई परियोजना के केंद्र की देखभाल अंतर-विश्वविद्यालय खगोल विज्ञान एवं तारा-भोतिकी कंद्र कर रहा है और इस केंद्र के लिए एक निदेश की नियुक्ति कर दी गई है ।

खंड - 3

उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्र और अनुसंधान तथा विकास के प्रयास

3.01 अतिचालकता कार्यक्रम

1987 से उच्च तापमान (77 के) पर कुछ आक्साइडों में अतिचालकता का पता लगने के परिणामस्वरूप अनवेषण के क्षेत्र में अतिचालकों के अनेक अनुप्रयोग होने लगे हैं क्योकि पर्याप्त मात्रा में और साथ ही सस्ते में उपलब्ध प्रशीतलक द्रव नाइट्रोजन की सहायता से अतिचालन अवस्था आसानी से प्राप्त की जा सकती है । अभी तक खोजे गए सभी उच्च ताप अतिचालक (एच टी एस सी) सिरेमिक आक्साइड के उच्च ताप सिन्टरन से तैयार किए गए सिरेमिक पदार्थ है और इसलिए वे अनेक दृष्टि से पारंपरिक धातु/मिश्रातु निम्न-तापमान अतिचालकों (एल टी एस सी) से भिन्न होते है । इसके परिणामस्वरूप तारों, टेपों या रिबनों जैसे प्रौद्योगिकी की दृष्टि में उपयोगी आकार-प्रकारों मे एच टी एस सी के विरचन, क्रांतिक अतिचालन प्राचलों पर उनकी कण-प्रकृति के प्रभाव और उनके परिवेशी विकोटिकरण ने बड़े पैमाने पर किए जाने वाले अनुप्रयोग के लिए बिल्कुल ही नए क्षेत्र खोल दिए है ।

क्रांतिक तापमान (Tc) और क्रांतिक चुबकीय क्षेत्र (He) के अतिरिक्त, जोकि अतिचालकों के तेल अभिलक्षण है, अतिचालन अवस्था भी नर्ष्ट हो जाती है बशर्ते पदार्थ का वर्तमान घनत्व क्रांतिक मान से, जिसे क्रांतिक वर्तमान घनत्व (Jc) कहा जाता है, अधिक होता है । इस प्रकार क्षेत्र और वर्तमान घनत्व दोनों मिलकर यह निर्धारित करते है कि कोई पदार्थ अतिचालन बना रहेगा अथवा नहीं । अतिचालन असवस्था नीचे चली जाती है और त्रिविम क्रांतिक पृष्ठ पर, जोकि प्रत्येक अतिचालक के लिए एकल होती है, विलुप्त हो जाती है । क्रांतिक ताप और क्रांतिक चुंबकीय क्षेत्र के विपरीत, आतिचालक के क्रांतिक वर्तमान घनत्व को धातुकर्मी संसाधन द्वारा तथा इसमे दोषों को लागू करके नियंतित्रत किया जा सकता है । नए उच्च ताप अतिचालक में उच्च क्रांतिक तापमान और क्रांतिक चुबकीय क्षेत्र होता है पर क्रंतिक वर्तमान घनत्व संसाधन और विरचन अवस्थाओं पर बहुत कुछ निर्भर करता है । इस तरह, किसी अतिचालक के गुणता का निर्धारण इस आधार पर किया जाता है कि क्रांतिक तापमान कितना अधिक है । तापमान जितना अधिक होगा, अतिचालकता की गुणता उतनी ही अधिक होती है ।

उपर्युक्त अधिसंख्या अनुप्रयोगों की अतिचालन युक्तियों का या तो इस्तेमाल किया जा रहा है, या वे नए सिरेमिक एच टी एस सी का अविष्कार होने से पहले की एल टी एस सी युक्तियों के रूप में विकास के उन्नत चरणों मे हैं । पर, उन विशेष क्षेत्रों को छोड़कर, जहां लागत कोई रूकावट नहीं पैदा करती, द्रव. हिलियम प्रशीतलक का प्रयोग सदा ही एक रूकावट का काम करता है । भविष्य में एच टी एस एस की मितव्ययिता और सुविधा की दृष्टि से एस सी युक्तियों का प्रयोग बड़े पैमाने पर होने लगेगा । अधिसंख्या प्रोद्योगिकीविद् इस बात से सहमत है कि यदि सिरेमिक लगभग कक्ष-तापमान पर हो तो इससे समाज को व्यापक लाभ होगा और साथ ही आधुनिक प्रौद्योगिकी में एक क्रांति आ जाएगी । व्यावहारिक एस सी युक्तियों में प्रयोगार्थ व्यापक रूप में स्वीकार किए जाने से पहले वर्तमान एच टी एस सी को कुछ तकनीकी रूकावटों का सामना करना पड़ रहा है ।

एच टी एस सी के तनु फिल्म विकास के संबंध में गहन अनुसंधान तथा विकास प्रयासों के परिणाम स्वरूप निम्न क्रांतिक वर्तमान घनत्व या अवस्तर अन्योन्यक्रिया जैसी तनुफिल्म संबंधी समस्याओं का सामधान या तो कर दिया है या किया जाने वाला हे । जैसे -जैसे उच्च-गुणवत्ता वाली एच टी एस सी तनु फिल्म के ताप-प्रक्रम विकसित होते जाएंगे, वैसे-वैसे उच्च क्रांतिक वर्तमान घनत्व और उच्च क्रांतिक तापमान के संदर्भ में इनका लाभ विश्वसनीय और किफायती युक्तियों के रूप में प्राप्त होने लगेगा । इस प्रंसग में T_1 पर आधंरित तनु फिल्म युक्तियों का भविष्य उज्जवल नज़र आता है । आप्टौमाइक्रों और अतिचालन इलेक्ट्रानिक प्रौद्योगिकीयों और एम ई टी (चुंबकीय क्षेत्र प्रभाव ट्रांजिस्टर) के सर्वात्तिम लाभों वाले फ्यूचरिष्टिक हाइब्रिड चिप ऐस एच टी एस सी युक्तियों के उदाहरण है । आशा की जाती है कि निकट भविष्य में तनु फिल्म युक्तियां अतिचालन इलेक्ट्रानिकी के क्षेत्र में ही प्रभावित करने लगेंगी ।

हाल ही में इस अति नवीन क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण विकास हुए है । नए उच्च ताप उच्च चालक V-Sr-T_1-O का आविष्कार 1987-89 में किए गए एच टी एस सी के आविष्कार से बिलकुल भिन्न है । इस स्थिति में सक्रिय इलेक्ट्रानिक वारफेमर के ताबां नहीं होता, निम्नतम विपणन अनुप्रयोग निष्क्रिय माइक्रोवेव युक्तियों के एच टी एस सी में होता है और अतिचालन जोसेफ्सन एच टी एस सी स्विचित विलंव लाइनें हैं ।

इन सभी से हाल ही में एच टी एस सी मे हुए विकास के कुछ उदाहरण है । यह प्रायः निश्चित है कि यथासमय एच वाई एस सी का महत्व भी उतना हो जाएगा जितना कि आज अर्ध-चालकों का है । यदि अनुसंधान-प्रयास को जारी रखें गए तो आधुनिक प्रौद्योगिकी और समाज पर एच टी एस सी का व्यापक प्रभाव पड़ेगा ।

अति नवीन इस क्षेत्र के महत्व को ध्यान में रखकर आयोग 1987 से विश्वविद्यालयों को अतिचालकता में आधारभूत और अनुप्रयुक्त - दोनों ही प्रकार की शिक्षा तथा अनुसंधान योग्यताओं के विकास के लिए सहायता प्रदान करता रहा है । मार्च 1991 के अंत तक उपलब्ध परिणामों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है :

- राष्ट्रीय तथा अंतराष्ट्रीय ख्याति की पत्रिकाओ में लगभग 400 अनुसंधान रचानाएँ प्रकाशित हुई हैं ।

- जैसाकि विशेषज्ञों ने मूल्यांकन किया है - 40 प्रतिशत संस्थाओं के शैक्षिक परिणाम "बहुत अच्छा", 35 प्रतिशत के 'अच्छा' रहे और 20 प्रतिशत के "संतोषजनक" रहे ।

- देश और विदेश में 60 प्रतिशत संस्थाएं संस्था के अंदर ही सहयोग जारी रखे हुई है ।

- इन संस्थाओं की उपलब्धियों को राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय पुरस्कारों के जरिए मान्यता प्रदान की गई है ।

- 38 पी-एच. डी./एम. फिल डिग्रियां सृजित की गई हैं ।

- अनेक संस्थाओं ने स्नातकोत्तर स्तर पर विशेष पाठ्यक्रम शुरू कर दिए है ।

- अन्य राष्ट्रीय/अंतराष्ट्रीय एजेन्सियों के लिए उनकी उपलब्धियों के आधार पर 30 परियोजनाएं/ निधियां सृजित की गई है ।

- संबधित क्षेत्र का महत्व एवं बोध कराने के लिए विचार-विमर्श तथा पारस्परिक हितलाभों के लिए 20 सम्मेलनों/संगोष्ठियों का आयोजन किया गया ।

- कुछ ऐसे अदृश्य कारक भी है जिनके आधार पर विश्वविद्यालय क्षेत्रक में सक्रिय अभिरूचि पैदा हुई है और अनुसंधान तथा विकास और शैक्षिक कार्यकलापों में गहनता आई है ।

आयोग में एक स्थायी समिति है जो विश्वविद्यालय प्रणाली में कार्यक्रम को कारगर ढंग से लागू करने के लिए आयोग की सहायता करती है । स्थायी समिति ने फरवरी, 1991 में आयोजित अपनी बैठक में कार्यकलापों की समीक्षा की । इस समिति ने कार्यक्रम

की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और अतिचालकता से संबधित आधारभूत अनुसंधान और अनुप्रयोग की महत्वपूर्ण उपलब्धियों की प्रशंसा की । जहां तक मात्रात्मक शैक्षिक उपलब्धता का संबंध है, प्रभावी लागत काफी अधिक रही है कुछ संस्थाएं तो अपने विशेषता के क्षेत्रों में उत्कृष्टता केन्द्र बन गई है । उन्होने सक्रिय समूह विकसित किए है और मूल प्रस्तावों में प्रकल्पित आवश्यक कार्यकलापों का आयोजन किया है । इस कार्यक्रम से अनुसंधान तथा विकास ओर शैक्षिक कार्यकलापों में सहयोगी दृष्टिकोण के संबंध में विश्वविद्यालय प्रणाली में एक रचनात्मक प्रभाव उत्पन्न हुआ है ।

समिति का विचार था कि इस कार्यक्रम को कारगर ढंग से लागू करने और उसके कार्यकलापों का पर्यवेक्षण करने के लिए एक शून्य बजट अपंजीकृत-विश्वविद्यालय संकाय स्थापित किया जाए । इससे इस क्षेत्र में कार्य कर रही विभिन्न संस्थाओं की सुविधाओं और विशेषज्ञों की सेवाओं का पूरक उपयोग करने में सुविधा होगी । प्रस्तावित संकाय की देखभाल करने के लिए एक समन्वय समिति का गठन किया गया है ।

3.02 जैव-प्रौद्योगिकी (जैव-प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार वि० अ० आ० सहयोगी कार्यक्रम)

जैव-प्रौद्योगिकी विभाग (भारत सरकार) - विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के बीच सन् 1985-86 से सहयोगी कार्यक्रम चल रहा है । इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन विश्वविद्यालयों में चयनात्मक आधार पर जैव-प्रौद्योगिकी में शिक्षण और प्रशिक्षण को सदृढ़ बनाना है जिनके पास सक्रिय क्षेत्रीय अनुसंधान ग्रुप है । इस क्षेत्र में अभिज्ञात छह विश्वविद्यालय यथा - बनारस हिंदू जादवपुर, जवाहरलाल नेहरू, मदुरै कामराज, एम. एस. बड़ौदा विश्वविद्यालय तथा पूना वि. वि. जैव-प्रौद्योगिकी में एम. एस. सी./एम. टेक. पाठ्यक्रम संचालित करते रहे है जिनके लिए जैव-प्रौद्योगिकी विभाग साज-सामान, पुस्तकें तथा पत्रिकाएं, आकस्मिक निधियां, अकादमिक स्टाफ का वेतन तथा विद्यार्थी वृत्तियां प्रदान करके वित्तीय सहायता दे रहा है और आयोग प्रशासनिक तथा तकनीकी सहायक स्टाफ के वेतन तथा भवन निर्माण लागत का आंशिक खर्च वहन कर रहा है । आयोग ने जैव-प्रौद्योगिकी में पी. एच. डी. करने के लिए प्रत्येक केंद्र में दो कनिष्ठ अनुसंधान फैलोशिपें भी प्रदान कीं आयोग विश्वविद्यालय को जैव-प्रौद्योगिकी में कार्यशालाएं/संगोष्ठियां आयोजित करने के लिए भी सहायता प्रदान करता है ।

3.03 समुद्रविज्ञान तथा प्रौद्योगिकी का विकास

आयोग विश्वविद्यालय क्षेत्रक में समुद-विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए समुद्र विकास विभाग, भारत सरकार के साथ सहयोग करता रहा है । इस सहयोग

तथा संयुक्त निधीयन ने विशेषतः उन विश्वविद्यालयों की सहायता की है जो तटीय क्षेत्रों में स्थित है और जिन्होंने उपयोक्ता एजेसियों के लिए आवश्यक जनशक्ति को प्रशिक्षण देने एवं समुद्र-विज्ञान-शिक्षा को उच्च बनाने के लिए सुविधाओं और विशेषज्ञा का विकास कर लिया है । उस कार्यक्रम के भाग के रूप में अन्य संस्थाओं के साथ शिक्षण, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान की परिप्रेक्ष्यी योजना भी शुरू की गई है ।

3.04 वायुमंडल-विज्ञान

यह कार्यक्रम 1987-88 में शुरू किया गया था । इसका उद्देश्य विश्वविद्यालय प्रणाली में मौसम तथा वायुमंडल-विज्ञानों को बढ़ावा देने के लिए मध्यम दूरी का पूर्वानुमान बताने के लिए मौसम तथा मृदा-विज्ञान परिषद द्वारा स्थापित कि जा रही कम्प्यूटर प्रणाली में प्रशिक्षित व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करना था । इस प्रयोजन के लिए, आयोग ने सात विश्वविद्यालयों यथा आंध्र, कलकत्ता, कोचीन, गुजरात, पूना, रूड़की तथा भारतीय विज्ञान संस्थान (बंगलौर) में वायुमंडल विज्ञानों, पोस्ट एम. एस-सी./ एम. टेक. तथा अनुसंधान स्तर के पाठ्यक्रम शुरू किए है । इनमें भौतिक, मौसम-विज्ञान, तरल यांत्रिकी, गतिक मौसम-विज्ञान, वायु प्रदूषण तथा वायु मंडलीय रसायन, जल-मौसम-विज्ञान, संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान ऊर्जा के गैर पारंपरिक स्रोत तथा उपग्रह मौसम विज्ञान आदि के पाठ्यक्रम शामिल हैं ।

इन कार्यक्रमों की प्रगति का समय-समय पर मूल्यांकन करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक स्थायी समिति गठित की गई है ।

3.05 जनसंचार और शैक्षिक प्रौद्योगिकी

(क) देशव्यापी कक्षा कार्यक्रम .

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को उच्च शिक्षा से संबंधित देशव्यापी कक्षा कार्यक्रम के प्रसारण के लिए सप्ताह में छह दिन 1.00 बजे अपराह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक और 4.00 बजे अपराह्न से 5.00 बजे अपराह्न तक 2 घंटे का प्रसारण-समय नियत किया गया है । यह कार्यक्रम मूलतः संवर्धन प्रकार का है जिसका उद्देश्य देश के दूरवर्ती, ग्रामीण पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा का प्रसार करना है ।

इन कार्यक्रमों की प्रस्तुति दो प्रकार के माध्यम केन्द्रों अर्थात शैक्षिक माध्यम अनुसंधान केन्द्र (ई एम आर सी) और दृश्य-श्रव्य अनुसंधान केन्द्र (ए वी आर सी) द्वारा

की जाती है । इस वर्ष जोधपुर विश्वविद्यालय, मदुरै कामराज विश्वविद्यालय और सेन्ट जेवियर कोलज, कलकत्ता दृश्य-श्रव्य अनुसंधान केन्द्र को शैक्षिक माध्यम अनुसंधान केन्द्र बना दिया गया है । इस प्रकार, मार्च 91 के अंत में देश के विभिन्न भागों के विभिन्न विश्वविद्यालयें में सात शैक्षिक माध्यम अनुसंधान केंद्र और सात दृश्य-श्रव्य अनुसंधान केंद्र थे । इनमें से सात माध्यम केन्द्रों के कार्यकलापों का समन्वयन जामिया मिलिया इस्लामिया में स्थित यू जी सी इन्सेट परियोजना द्वारा किया जाता है । 31.3.1991 तक माध्यम केन्द्रों द्वारा लगभग 2000 कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा चुके है । ये कार्यक्रम अनुप्रयुक्त विज्ञान, शुद्ध विज्ञान, कला, समाज विज्ञान, भाषा और साहित्य, इतिहास और भूगोल, दर्शन और मनोविज्ञान, इंजीनियरी, प्रौद्योगिकी और आयुर्विज्ञान आदि जैसे विविध क्षेत्रों से संबधित हैं ।

आयोग ने आठवीं योजना के दौरान अलग-अलग राज्यों में छह और माध्यम केन्द्र स्थापित करने का विचार किया है । यह भी प्रस्ताव हे कि हिन्दी में शीघ्र ही कार्यक्रम प्रसारित किए जाएं । वर्ष 1990-91 के दौरान विभिन्न माध्यम केन्द्रों द्वारा 9223 मिनट के 466 कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । माध्यम केन्द्रों से प्राप्त विषयवार कार्यक्रमों का विवरण परिशिष्ट - XIII में दिया गया है । इस स्थिति को रिपोर्ट के अंत में दिए गए रेखाचित्र द्वारा भी दर्शाया गया है ।

परिशिष्ट - XIV में उन विभिन्न स्रोतों अर्थात मिडिया केन्द्रों द्वारा (चाहे वे देश के स्रोत हों या विदेशी स्रोत के) प्रसारित कार्यक्रमों को विवरण दिया गया है । इस स्थिति को दर्शाने वाला एक चार्ट रिपोर्ट के अंत में दिया गया है ।

(ख) रेस टु सेव प्लेनेट (पृथ्वी की रक्षा हेतु कार्य)

आयोग गत दो वर्षो से "रेस टु सेव प्लेनेट" नामक दस भाग वाले दूरदर्शन धारावाहिक तैयार करने के लिए एक प्रमुख सार्वजनिक प्रसारण निगम, डब्लू.जी.बी. एच., बोस्टन के साथ सहयोग कर रहा था । इस धारावाहिक का प्रसारण 14 अक्टूबर, 1990 से रविवार को दूरदर्शन नेटवर्क पर किया गया । इस धारावाहिक के कार्यक्रमों का शॉट अंटाटिका सहित संपूर्ण विश्व में लिया गया । यह धारावाहिक वर्तमान समय के अत्यंत महत्वपूर्ण इस धर्मसंकट का प्रस्तुतीकरण करता है और उनका विश्लेषण करता है कि "पर्यावरण के परिरक्षण और सुधार तथा मनुष्य के रहन-सहन की गुणवत्ता में वृद्धि करने की अवश्यकता का समाधान वृद्धि और विकास की तीव्र लालसा के साथ किस प्रकार किया जा सकता है । यह धारावाहिक उस समय प्रस्तुत किया जा रहा है जब देश और विदेश में इन समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ती जा रही है । इस धारावाहिक के अंतर्गत पृथ्वी

पर मानवीय कार्यकलापों की कहानी का परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत किया गया है और साथ ही विकास कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं चुनने का विवेक प्रदान किया गया है ।

आयोग ने पूर्व-स्नातक छात्रों के लिए प्रसारणेतर वीडियो लेक्चरों की परियोजना को भी अपने हाथ में लिया है । इस कार्यक्रम के लिए 15 विषयों का चयन किया गया है । इनमें से आठ विषयों में वीडियो पाठ्यक्रम की सामग्री तैयार कर ली गई है । शेष विषयों पर कार्य चल रहा है ।

अक्टूबर 29 से नवंबर 3, 1990 तक मदुरै कामराज विश्वविद्यालय के ए वी आर सी (जिसे बाद में ई एम आर सी बना दिया गया है) में अनुसंधानकर्त्ताओं के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई थी ।

3.06 फिल्म अध्ययन केन्द्र

आयोग ने कुछ विश्वविद्यालयों और कालेजों में फिल्म अध्ययन केन्द्र स्थापित किए है जिनका उद्देश्य इस प्रकार है :

(i) एक व्यवस्थित ढंग से विभिन्न रूपों के अंतर्राष्ट्रीय और भारतीय फिल्म क्लासिकों को छात्रों को दिखाकर सामाजिक संपर्क और शिक्षा के 20वीं शताब्दी माध्यम के रूप में आधुनिक कला के रूप में फिल्म और सिनेमा के प्रति जागरूकता में वृद्धि करना ।

(ii) परिसरगत फिल्म कल्चर के संवर्धन के लिए फिल्म के किसी भी पहलु पर परिचर्चाओं, संगोष्ठियों, व्याख्यानों और प्रकाशनों का आयोजन करना ।

(iii) परिसर में अध्ययन किए जा रहे अन्य विषयों और ललित कलाओं के साथ एक विषय के रूप में फिल्म को संबंधित करना; और

(iv) वैयक्तिक वृद्धि और सामाजिक विकास की आवश्यकताओं के साथ सिनेमा के संबंध में जानकारी बढ़ाना ।

31 मार्च, 1991 को 22 विश्वविद्यालयों/कालेजों में फिल्म अध्ययन केन्द्र कार्य कर रहे थे । इन केन्द्रों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की जा रही है ।

3.07 प्राग्विद्यालय टी. वी.

विश्वविद्यालय अनुदान अयोग प्राग्विद्यालय बच्चों के लिए हिन्दी में 13 घटनाओं वाले शैक्षिक टी वी धारावाहिक की प्रस्तुति करने और परीक्षण करने पर विचार कर रहा है । धारावाहिक के प्रत्येक घटना की अवधि लगभग 30 मिन्ट की होगी और जिसका फार्मेट एक पत्रिका के रूप का होगा जिसमें माड्यूल कठपुतलियों, कंप्यूटर ग्राफिक्स, नकल और बच्चों के कार्यकलापों के साथ बच्चों की शैक्षिक अभिरुचि वाले अन्य विषयों के मुक्त माड्यूल स्लाट भी होंगे । इस परियोजना की मंजूरी लेडी इर्विन कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय को दी गई है जहां इसका कार्यान्वयन किया जा रहा है । आशा की जाती है कि 1991 में यह परियोजना पूरी हो जाएगी ।

3.08 सहयोगी कार्यक्रम

(i) यू जी सी - सी एस आई आर सहयोग :

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विश्वविद्यालयों में अनुसंधान और विकास कार्यकलापों के लिए वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सी एस आई आर) के साथ एक सद्भाव ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं जिससे परिणामस्वरूप एक दूसरी की विशेषता और आधार संरचना, मानव संसाधन विकास और विचार-विनिमय संकल्पनाओं और तकनीकों को बढ़ावा मिलेगा । यह पारस्परिक लाभ के लिए अत्यंत हितकर सिद्ध होगा । इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए, एक संयुक्त समन्वय निकाय स्थापित किया गया है जिसका कार्य परस्पर - क्रिया के लिए नीति तैयार करना, बृहद संयुक्त अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों को अनुमोदित करना और एक दूसरे के संगठनों को आवश्यक वित्तीय प्रावधानों की सिफारिश करना है । इसके लिए, यू जी सी - सी एस आई आर कार्यक्रम के एक समन्वयकर्त्ता की नियुक्ति की गई है ।

(ii) यू. जी. सी. - आई. आई. ए. एस. सहयोग :

15 जनवरी 1991 को भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान के रजत जयंती समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष तथा आई आई ए एस के शासी निकाय के अध्यक्ष ने वि. अ. आ. तथा भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान के बीच सम्पन्न एक सद्भाव ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।

मानविकी और समाज-विज्ञान में अंतर-विश्वविद्यालय केन्द्र की स्थापना का उद्देश्य उच्च शिक्षा और अनुसंधान के हित में विश्वविद्यालयों/कालेजों के शिक्षकों,

स्कालरों और छात्रों के बीच अन्योन्य-क्रिया को बढ़ावा देना है । यू.जी.सी. और भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान के बीच की सहयोगी व्यवस्था से न्यूनतम वित्तीय संसाधनों से ही एक महतवपूर्ण राष्ट्रीय हित की पूर्ति होगी । एक समन्वय समिति का गठन किया गया है जो मानविकी और समाज-विज्ञानों के लिए अंतर-विश्वविद्यालय केन्द्र के रूप में संस्थान की भूमिका से संबद्ध कार्यों के लिए विशेष रूप से आवश्यक कार्यकलापों की रूपरेखा संयुक्त रूप से तैयार करेगी और उनको बढ़ावा देगी ।

3.09 बृहत् अनुसंधान परियोजनाएं (मानविकी तथा समाज-विज्ञान)

आयोग विश्वविद्यालयों तथा. कालेजों के सेवारत तथा सेवा-निवृत्त शिक्षकों को उनके विशेषज्ञता क्षेत्रों में अनुसंधान या अकादमिक कार्य सम्पन्न करने के लिए सहायता प्रदान करता है । इस योजना के अधीन परियोजनाएं व्यक्तिगत शिक्षक या शिक्षक समूह द्वारा सहयोगी आधार पर शुरू की जा सकती है । अनुसंधान के उन विषयों को प्राथमिकता दी जाती है जो अंतर - विषयक प्रकार के होंगे । अनुसंधान परियोजनाएं आयोग द्वारा गठित विशेषज्ञों तथा विशेषज्ञ समितियों की सिफारिशों के आधार पर अनुमोदित की जाती है । अनुसंधान परियोजनाओं के लिए दी जाने वाली आयोग की सहायता में कनिष्ठ अनुसंधान अध्येताओं, अनुसंधान एसोशिएटों, क्षेत्रीय कार्य के लिए दौरों, उपस्करों, परिकलन कार्य, पुस्तकों तथा पत्रिकाओं, आकस्मिकताओं तथा इस परियोजना के लिए आवश्यक अन्य मदों के लिए धन की व्यवस्था शामिल है ।

आलोच्य वर्ष के दौरान आयोग ने 59 बृहत् अनुसंधान परियोजनाओं का अनुमोदन किया । इनमें मानविकी तथा सामाजिक विज्ञानों के विभिन्न विषयों में सेवा-निवृत्त शिक्षकों की परियोजनाएं भी शामिल हैं। इस प्रयोजन के लिए रू. 28.65 लाख के अनुदान जारी किए गए ।

3.10 लघु अनुसंधान परियोजनाएं (मानविकी तथा समाज-विज्ञान)

इस कार्यक्रम के तहत आयोग किसी विश्वविद्यालय या कालेज के ऐसे शिक्षक को रु. 15,000/- तक की वित्तीय सहायता प्रदान करता है जो अल्पकालीन अनुसंधान परियोजना या किसी अनुमोदित पर्यवेक्षक के अधीन डाक्टरेट की डिग्री के संबंध में अन्वेषण कार्य करने का इच्छुक हो । इस कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालयों के विशेष रूप से उन कालेज शिक्षकों या कनिष्ठ शिक्षकों को सहायता प्रदान की जाती है जिनके पास डिग्री या व्यक्तिगत परियोजना के किसी भाग के लिए अनुसंधान कार्य से संबंधित खर्च को पूरा करने के वास्ते पर्याप्त संसाधन नहीं हैं । यह सहायता ऐसी पुस्तकों

तथा पत्रिकाओं की खरीद, क्षेत्रीय कार्य, प्रश्नावली तैयार करने, परिकलन कार्य, उपस्कर तथा आकस्मिकताओं के लिए मिल सकती है जो प्रस्तावित परियोजना के लिए विशेष रूप से जरूरी हो लेकिन जो सामान्यतः उस संस्था में उपलब्ध न हों, जिसमें शिक्षक काम कर रहा है ।

3.11 विज्ञान में बृहत् अनुसंधान परियोजनाएं

आयोग विश्वविद्यालयों/कालेजों के शिक्षकों द्वारा विज्ञान विषयों में शुरू की गई परियोजनाएं शुरू करने, मानविकी तथा सामाजिक विज्ञानों की परियोजनाओं के पैटर्न पर आयोग विज्ञान विषयों में किसी शिक्षक/शिक्षक समूह द्वारा शुरू की गई बृहत् अनुसंधान परियोजनाओं के लिए सहायता प्रदान करता है ताकि वे अपने विषय क्षत्रों के नवीनतम विकासों की अद्‌यतन जानकारी प्राप्त कर सकें । यह सहायता उसी आधार पर प्रदान की जाती है जैसे कि मानविकी तथा विज्ञान विषयों के लिए दी जाती है । प्रत्येक परियोजना के परिवीक्षक की सहायता से तथा विभिन्न विषयों की सभी परियोजनाओं के लिए सामूहिक परिवीक्षण आयोजित करके हर वर्ष परियोजनाओं का परिवीक्षण किया जाता है । वर्ष के दौरान आयोग ने विज्ञान की विभिन्न शाखाओं में 268 परियोजनाएं अनुमोदित कीं । वर्ष 1990-91 के दौरान इस प्रयोजन के लिए रु. 329.77 लाख के अनुदान जारी किए गए ।

3.12 विज्ञान में लघु अनुसंधान परियोजनाएं

मानविकी विषयों की भांति विज्ञान विषयों में लघु अनुसंधान परियोजनाएं शुरू करने के लिए भी सहायता प्रदान की जाती है । यह सहायता विशेषतः प्रस्तावित परियोजना के लिए पुस्तकें और पत्रिकाएं खरीदने, क्षेत्रीय कार्य, साज-सामान, आकस्मिताओं आदि के लिए दी जाती है । आलोच्य वर्ष के दौरान इन परियोजनाओं के लिए सहायता की अधिकतम राशि बढ़ाकर रु. 25,000/- कर दी गई ।

3.13 इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी में बृहत् अनुसंधान परियोजनाएं

आयोग विश्वविद्यालयों / कालेजों के संकाय सदस्यों तथा सेवा निवृत्त शिक्षकों को सहायता प्रदान कर रहा है ताकि वे राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं, नए क्षेत्रों में तथा अंतर-विषयक प्रकार के अनुसंधान तथा विकास पर विशेष जोर देते हुए इंजीनियरी/प्रौद्योगिकी में सुनिश्चित तथा समयबद्ध अनुसंधान परियोजनाएं शुरू कर सकें । वर्ष के दौरान आयोग ने ऐसी 18 परियोजनाओं का अनुमोदन किया और इस प्रयोजन के लिए रू. 27.33 लाख

का अनुदान जारी किया गया ।

3.14 इंजीनियरी/प्रौद्योगिकी में लघु अनुसंधान परियोजनाएं

आयोग इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी में लघु अनुसंधान परियोजनाएं शुरू करने के लिए भी सहायता प्रदान करता है । आलोच्य वर्ष के दौरान आयोग ने पांच लघु अनुसंधान परियोजनाओं का अनुमोदन किया ।

3.15 वृत्तिक पुरस्कार

आयोग द्वारा 1979-80 में शुरू की गई योजना का लक्ष्य उन मेधावी युवा शिक्षकों का पता लगाना है जिनके पास उनके विशेषज्ञता के क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए प्रमाणित योग्यता तथा क्षमता होगी । इसका उद्देश्य शिक्षण की कम जिम्मेदारियों के साथ अनुसंधान तथा अध्ययन के लिए उनसे प्रयास करा के और उनकी क्षमताओं का उपयोग कराके उनकी व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देना है । साधारणतः वृत्तिक पुरस्कार विश्वविद्यालयों तथा कालेजों के उन लेक्चरारों तथा रीडरों को तीन वर्ष के लिए प्रदान किया जाता है जिनकी आयु सामान्यतः 40 वर्ष से अधिक नहीं है और जिन्होंने डाक्टरेट/पश्च-डाक्टरेट या अन्य समकक्ष व्यावसायिक प्रशिक्षण पूरा कर लिया है । आयोग पुरस्कार पाने वालों को उनका पूरा वेतन तथा भत्ते देता है । इसके अतिरिक्त, आयोग पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को वास्तविक अपेक्षाओं के आधार पर सामाजिक विज्ञानों तथा मानविकी के मामले में एक लाख रूपये और विज्ञान, इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी विषयों के मामले में रू. 1.5 लाख का अनुसंधान अनुदान और पुरस्कार अविध के दौरान दो या तीन अनुसंधान अध्येताओं की व्यवस्था करता है । पुरस्कार प्राप्त करने वाले व्यक्ति अपनी संस्था या देश की किसी अन्य अनुमोदित संस्था में अपनी पुरस्कार अवधि को व्यतीत कर सकते है । उनसे यह भी आशा की जाती है कि वे संबंधित विभाग के शिक्षण कार्यक्रमों में भाग लें । प्रत्येक वर्ष विज्ञान तथा इंजीनियरी में 20 तथा मानविकी तथा सामाजिक विज्ञानों में 15 पुरस्कार उपलब्ध हैं ।

खंड - 4

"कासिस्ट" कार्यक्रम

4.01 उद्देश्य तथा प्रगति

मंत्रिमंडल की भूतपूर्व विज्ञान सलाहकार समिकित तथा भारत सरकार (शिक्षा मंत्रालय) की सिफारिश के आधार पर आयोग ने वर्ष 1983-84 में एक योजना शुरू की थी जिसका नाम "विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी की आधार-संरचना को सुदृढ़ बनाना" था ।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य ऐसे विभागों को केवल चुनींदा मामलों में आधार-संरचना संबंधी सहायता प्रदान करना है जिन्होंने अनुसंधान में उच्च कोटि की प्रगति दिखाने या उत्तम गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने या दोनों का वचन दिया है । इस योजना का अंतिम लक्ष्य यह है कि ये विभाग यथासमय विश्व में अन्यत्र अपने समकक्ष विभागों के समान बना जाएंगे और देश में पहले से उपलब्ध शिक्षाविदों से उत्कृष्ट कार्य करवाया जाएगा । सामान्यतः इस कार्यक्रम के तहत पांच वर्ष की अवधि के लिए सहायता प्रदान की जाती है और अगली सहायता देने के प्रश्न पर प्रत्येक विभाग के निष्पादन के आधार पर विचार किया जाता है ।

इस योजना के अंतर्गत जो विभाग सहायता प्रदान करने के योग्य पाए जाते है उनका चयन ऐसे अत्यंत कठोर मानकों के आधार पर किया जाता है जो विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी की आधार-संरचना को सुदृढ़ बनाने के लिए आयोग द्वारा गठित स्थायी समिति (कासिस्ट) ने निर्धारित किए हों । इस समिति में विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ तथा अन्य निधीयन एजेंसियों यथा डी एस टी, सी एस आई आर, ए आई सी टी ई आदि के प्रतिनिधि शामिल हैं । विभागों के अंतिम चयन के लिए संबधित क्षेत्रों के विशेषज्ञ ग्रुपों की सहायता लीं जाती है ।

इस योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसमें विषय विशेषज्ञों द्वारा सतत परिवीक्षण किये जाने की आंतिरक व्यवस्था विद्मान है । ये विषय-विशेषज्ञ योजना के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए समय-समय पर विभागों का दौरा करते रहते हैं । "कासिस्ट" द्वारा सहायता प्रदंत्त विभागों को कार्य के संबंध में यह स्वायत्तता प्रदान की गई है कि वे सतत रूप से अपनी पाठ्यचर्या को अद्यतन बना सकते हैं, उनके क्षेत्र तथा विषयों में वृद्धि कर सकते हैं ऐसी शिक्षण प्रणालियां लागू कर सकते हैं जो विद्यार्थियों के अधिगम के लिए अध्यापकों द्वारा दिए गए शिक्षण के अपेक्षाकृत अधिक लाभदायक हों । वे ऐस प्रयोग भी लागू कर सकते हैं जिनका चालू अनुसंधान कार्यक्रमों से सीधा

संबंध हो । परिवीक्षण रिर्पोटों से यह पता चलता है कि अनेक विभागों ने उपर्युक्त दिशा में रचनात्मक कदम उठाए हैं इस योजना के तहत सहायता प्रदत्त अधिसंख्य विभागों ने अनुसंधान के क्षेत्र में पर्याप्त योगदान किया है जैसाकि अनुसंधान प्रकाशनों तथा "प्रभावकारक" और पी एच डी की डिग्री प्राप्त करने वालों की संख्या से प्रकट होता है । 'कासिस्ट' द्वारा सहायता-प्रदत्त अनेक विभागों में सकाय सदस्यों को राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले हैं । इसके अतिरिक्त चूंकि पर्याप्त आधार-संरचनात्मक सहायता उपलब्ध है अतः इससे उन विभागों को अन्य निधीयन एजेसियों यथा डी एस टी, डी ए ई, डी आर डी ओ, सी एस आई आर, डी ओ ई आदि से भी परियोजना सहायता प्राप्त हुई है ।

आशा की जाती है कि 'कासिस्ट' द्वारा सहायता प्रदत्त विभाग यथासमय महत्वपूर्ण (नोडल) निकायों के रूप में काम करने लगेंगे और अनुसंधान तथा शिक्षण में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अन्य विभागों को प्रोत्साहित करने में एक उत्प्रेरक की भूमिका निभाएंगें ।

चूंकि 'कासिस्ट' सहायता का अधिकांश भाग अति उन्नत उपस्करों को मुहैया करने के लिए आबंटित किया गया है अतः इस बात को सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त उपाय किए गए हैं कि इन उपस्करों का रख-रखाव उचित रूप से किया जाता है और वे कार्यशील बने रहते है । इस प्रयोजन के लिए उपस्करों की लागत के 5 प्रतिशत के बराबर राशि इन विभागों को आबंटित की जा रही है ।

इस योजना के शुरू होने के समय से इसके तहत सहायता-प्रदत्त विभागों की वर्षवार सूची नीचे दी जा रही है :-

(रू० लाख में)

वर्ष	चुने गए विभागों की संख्या	किया गया कुल व्यय
1983-84	12	452.2
1984-85	26	699.8
1985-86	16	380.3
1986-87	8	799.9
1987-88	19	999.5
1988-89	17	899.1
1989-89	12	799.7
1990-91	1	849.2+
जोड़ :	111	

+ इसमें पहले तथा दूसरे चरण में सहायता के लिए अभिज्ञात विभागों के प्रदत्त अनुदान की राशि शामिल हैं ।

इस योजना के अधीन सहायता-प्रदत्त विभागों की विस्तृत सूची परिशिष्ट - XIV और XV में दी गई हैं ।

4.02 परिवीक्षण तथा मूल्यांकन

जैसाकि ऊपर कहा गया है, सहवर्ती परिवीक्षण और मूल्यांकन की प्रक्रिया इस योजना का एक अभिन्न अंग है । सामान्यतः अनुदान की प्रारंभिक किस्त देने की तारीख के लगभग एक वर्ष बाद विषय-विशेषज्ञ इन विभागों का दौरा करते हैं ।

अलोच्य वर्ष के दौरान इस योजना के अधीन 5 वर्ष से अधिक समय से सहायता प्राप्त कर रहे 35 विभागों के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन उनकी अनुसंधान-मात्रा, प्रशिक्षित वैज्ञानिक जनशक्ति (पी० एच० डी० डिग्री प्राप्त करने वालों की संख्या); पाठ्यक्रमों के आधुनिकीकरण के संदर्भ में एक-एक विशेषज्ञ समिति द्वारा किया गया जिसमें संबंधित विषयों के विशेषज्ञ शामिल थे । इस समीक्षा के आधार पर, विशेषज्ञ समिति ने यह टिप्पणी दी कि 34 विभागों ने उन लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है जिनके लिए उन्हें 'कासिस्ट' सहायता दी गई थी । अतः 34 विभागों को दूसरे चरण अर्थात् 1991-91 से 1993-95 के लिए भी सहायता प्रदान की जाती रहेगी । एक विभाग को अर्थात जोधपुर विश्वविद्यालय के रसायन विभाग को दूसरे चरण में सहायता प्रदान नहीं की गई क्योंकि इसका कार्य-निष्पादन आशा के अनुरूप नहीं पाया गया । लेकिन इस बात पर सहमति थी कि उपर्युक्त विभाग को एक वर्ष तक केवल आवर्ती खर्चे की राशि उपलब्ध कराई जाए । उसके बाद, उसके कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन करके यह निर्णय लिया जाएगा कि उसे योजना को जारी रखने के लिए कहा जाए या योजना समाप्त कर दी जाए ।

इस योजना के अधीन सहायता प्रदान करने के लिए उपर्युक्त विभागों के अतिरिक्त, एक और नए विभाग अर्थात् विश्वविद्यालय (दक्षिण दिल्ली परिसर) के पादप और कोशिका जैविकी विभाग का पता लगाया गया है और उसे आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई हैं । सहायता के दूसरे चरण का अनुमोदन करने के दौरान 'कासिस्ट' स्थायी समिति ने यह इच्छा व्यक्त की थी कि जब 'कासिस्ट' कार्यक्रम के अधीन भविष्य में सहायता प्रदान की जाए तो मंजूरी पत्रों मे उन मदों का स्पष्ट उल्लेख अवश्य दिया जाना चाहिए जिनके लिए अनुदान दिया जा रहा है, अर्थात् शिक्षण और अनुदान का अलग-अलग रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए ताकि उन घटको का स्पष्ट रूप से पता लग जाए जिनका अनुमोदन शिक्षण तथा अनुसंधान के लिए किया गया है । समिति ने यह भी इच्छा व्यक्त की थी कि 'कासिस्ट योजना के अंतर्गत सहायता प्रदत्त विभागों को एक संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत करनी चाहिए जिसमें उन्हें उन लक्ष्यों का उल्लेख करना चाहिए जिन्हें उनको प्रदत्त सहायता के साथ वर्ष 1994-95 तक प्राप्त करना चाहते है ।

समिति ने यह भी इच्छा व्यक्त की है कि मूल्यांकन के लिए सहायता प्रदत्त विभागो को चाहिए कि वे निम्नलिखित सूचना प्रस्तुत करें

- प्रकाशित शोध लेखों का शीर्षक और साथ ही उन पत्रिकाओं का ब्यौरा जिनमें ये लेख प्रकाशित हुए हैं ।
- कार्यक्रम से लाभ प्राप्त करने वाले ग्रुप के प्रत्येक सदस्य का अनुसंधान कार्य ।
- इसका विवरण कि इस कार्यक्रम के अधीन प्रदत्त उपकरणों का उपयोग किस सीमा तक किया जा रहा है ।
- आस-पास के विश्वविद्यालय के गैर-कासिस्ट विभागों से किया गया संपर्क और उसका परिणाम ।

समिति द्वारा यह भी इच्छा व्यक्त की गई थी कि उपर्युक्त सूचना विशेषज्ञ-समिति को प्रस्तुत की जाए ताकि सहायता जारी रखने या कार्यक्रम का नवीकरण करने के प्रश्न पर विचार करते समय इन बातों को ध्यान में रखा जा सकें ।

4.03 उप-समूह की सिफारिशें

आठवीं योजना के लिए उच्च शिक्षा के उपसमूह ने कार्यक्रम पर विचार-विमर्श किया और कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं के बारे में सिफारिशें कीं । उपसमूह द्वारा की गई कुछ महत्वपूर्ण सिफारिशें निम्नलिखित हैं :

(I) वर्तमान कार्यक्रम :

'कासिस्ट' के वर्तमान कार्यक्रमों को यथावश्यक जारी रखा जाना चाहिए और जहां कहीं भी संभव हो, स्टाफ और भवन की व्यवस्था भी की जानी चाहिए । विशेष परिस्थितियों में ही योजना के अंतर्गत खरीदे गए उपस्करों को रखने के लिए भवन-अनुदान की व्यवस्था की जाती है । उपस्करों के रख-रखाव के लिए चयनात्मक आधार पर स्टाफ की व्यवस्था की जाती है ।

(II) संपर्क :

(क) 'कासिस्ट' के अंतर्गत सहायता प्रदत्त विभागों को अतिरिक्त अनुदान दिया जा सकता है, ताकि वे 'कासिस्ट' या 'साप' से सहायता प्राप्त न करने वाले विभागों



घन अवस्था भौतिकी (प्रायोगिक) अर्ध-चालक प्रयोगशाला, कासिस्ट ।



एक्स-रे कैमरा और संसूचक का पास का चित्र, मद्रास विश्वविद्यालय ।



एसीबीज और रिले कन्ट्रोल पेनल सहित एलटी स्विच बोर्ड ।

भू-विज्ञान विभाग, जादवपुर विश्वविद्यालय

को आमंत्रित करके उपयुक्त संपर्क स्थापित कर सकें । ऐसा करने से विकासशील विभागों को शिक्षण और अनुसंधान की गुणवत्ता को बढ़ाने में सहायता मिल सकती है । इस कार्य के लिए प्रत्येक कासिस्ट विभाग को उन विभागों को चुनना है जिनके साथ उन्हें संपर्क स्थापित करना है ।

(ख) संसाधनों के इष्टतम उपयोग के लिए अधिक निवेश वाले उपस्करों का प्रयोग राष्ट्रीय सुविधाओं के रूप में किया जा सकता है और इन उपस्करों को कासिस्ट योजना के जरिए प्राप्त किया जा सकता है । इस प्रयोजन के लिए सामान्य सुविधाओं के प्रभावशाली उपयोग के लिए यात्रा, रखरखाव या किराया प्रभार जैसे अनुदान दिए जा सकते हैं और उपभोज्य वस्तुओं की व्यवस्था की जा सकती है ।

(III) नए विभागों के लिए धन की व्यवस्था :

प्रमाणित मानकों के अनुसार नए विभागों को सहायता प्रदान करने की आवश्यकता है ।

(IV) सक्षम अनुसंधान ग्रुपों के लिए सहायता का विस्तार :

देश में कुछ ऐसे विभाग हैं जिन्हें शिक्षण, अनुसंधान या दोनो ही में निष्पादन की दृष्टि से उत्कृष्ट नहीं माना जा सकता । लेकिन ऐसे विभागों में कुछ प्रतिभाशाली शिक्षक हैं जो अच्छे स्तर के अनुसंधान कार्य करने की क्षमता रखते हैं और इनमें से अधिसंख्य शिक्षक ऐसे है जिन्होंने वैयक्तिक/सामूहिक प्रयासों से अपने विशेषज्ञता-क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान किया है जिसे संबधित विषयों के विशेषज्ञों द्वारा स्वीकारा गया है । विज्ञान और प्रौद्योकिगी में आधारिक संरचना को सुदृढ़ करने से संबंधित स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया है कि ऐसे अनुसंधान समूहों या शिक्षकों की पहचान करके उनके निष्पादन का मूल्यांकान करना चाहिए और उसके आधार पर उन्हें आवश्यक आधार-संरचनात्मक सुविधाएं उपलब्ध करनी चाहिए । इस योजना के अधीन सहायता प्रदान करने के लिए उच्च कोटि के अंतर-विषयक अनुसंधान/शिक्षण संबंधी प्रस्तावों पर भी विचार किया जा सकता है ।

(V) राष्ट्रीय सुविधाओं के साथ संपर्क और आधार संरचनात्मक विकास :

शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत सभी क्षेत्रों मे उच्च गुणवत्ता वाली अनुसंधान आधरिक संरचना का निर्माण संभव नहीं है । अतः 'कासिस्ट' योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाली उच्च शिक्षा के क्षेत्रों की प्रयोगशालाओं को, संयुक्त अनुसंधान कार्य और साथ ही विशिष्ट क्षेत्रों में प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं या उद्योगों जैसी अन्य अनुसंधान तथा विकास प्रयोगशालाओं के साथ उपयुक्त संपर्क स्थापित करना चाहिए ।

खंड - 5

स्तरों का अनुरक्षण और समन्वय

5.01 आयोग का यह सांविधिक उत्तरदायित्व है कि वह विश्वविद्यालय शिक्षा का संवर्धन और समन्वय करे और शिक्षण, परीक्षा और अनुसंधान के स्तरों का निर्धारण और अनुरक्षण करे । इस उत्तरदायित्व को निभाने के लिए आयोग विश्वविद्यालयों और बाहर के विशेषज्ञों से परामर्श लेता है । इस संबध में माडल शैक्षिक कैलेण्डर बनाने, शिक्षकों की नियुक्ति के लिए शिक्षकों की योग्यता से संबधित विनियम बनाने, परीक्षा करने के लिए राष्ट्रीय परीक्षा आयोजित करने और नियुक्ति के लिए लैक्चररों की पात्रता निर्धारित करने जैसे उनके उपाय किए गए हैं । आयोग विश्वविद्यालयों को इस बात के लिए जोर दे रहा है कि वे बदलते हुए समाज की आवश्यकताओं के अनुसार अपने पाठ्यक्रम की संरचना करें जिसमें छात्र की पहल और सृजनता के उपयोग से संबंधित परियोजना/क्षेत्र-कार्य पर अधिक ज़ोर दें । व्यावसायिक योग्यता में सुधार लाने के लिए, विशेष रूप से शिक्षक-समुदाय के हित के लिए, अनेक पत्रिकाओं का प्रकाशन शुरू किया गया है । आठवीं पंचवर्षीय योजना में, आयोग ने विश्वविद्यालयों को यह सलाह दी है कि वे वर्तमान कार्यक्रमों को समेकन करें और विश्वविद्यालय प्रणाली से इतर एजेन्सियों और संस्थाओं से विशेष रूप से अनुसंधान और विकास कार्य में लगी संस्थाओं से संपर्क स्थापित करें जिससे कि विश्वविद्यालय शिक्षा को और अधिक सार्थक बनाया जा सके ।

5.02 प्रबंध के वैकल्पिक माडल

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 की कार्य योजना के अंतर्गत अन्य बातों के साथ-साथ उच्च शिक्षा को और अधिक गतिशील बनाने पर जोर दिया गया है । इस संबध में, उपर्युक्त दस्तावेज में अनेक सुझाव दिए गए जिनमें से एक सुझाव यह था "विश्वविद्यालय प्रणाली के नए उत्तरादायित्वों को ध्याान में रखते हुए विभिन्न विश्वविद्यालयों/निकायों की संरचना, भूमिका और उत्तरदायित्वों सहित प्रंबध पैटर्न की समीक्षा करना ।

उपर्युक्त सिफारिशों का अनुसरण करते हुए आयोग ने निम्नलिखित विचारार्थ विषयों के लिए प्रो. ए. ज्ञानम की अध्यक्षता में जनवरी, 1987 में एक समिति गठित की :

I विश्वविद्यालय प्रणाली के नए उत्तरदायित्वों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विश्वविद्यालयों/निकायों की संरचना, भूमिका और उत्तरदायित्वों सहित प्रबंध पैटर्न की समीक्षा करना ताकि प्रभावी वैकल्पिक माडलों को विकसित किया जा सके और

II शिक्षा-संस्थाओं के निष्पादनों का मूल्यांकन करने की कसौटी निर्धारित करना ।

समिति की मुख्य सिफारिशें विशेष रूप से सहभागिता दृष्टिकोण और अधिक विकेन्द्रीकरण की दृष्टि से विश्वविद्यालय के प्रबंध पैटर्न की संकल्पना से संबधित है। । इसमें विश्वविद्यालय, राज्य सरकार और वि० अ० आ० के बीच पारस्परिक संबंध, विश्वविद्यालय स्वायत्ता, उत्तरदायित्व, योजना और निधि जैसे पहलुओं पर भी जोर दिया गया है । इसमें विश्वविद्यालय प्रणाली के निकायों और विभिन्न प्रबंधकों/प्राधिकारियों के अधिकारों और कार्य को भी परिभाषित किया गया है । 30-31 जुलाई, 1990 और 11 अक्तूबर, 1990 को आयोजित आयोग की विशेष बैठक में इस रिपोर्ट पर चर्चा की गई । आयोग ने अपनी सिफारिशों के साथ इस रिपोर्ट को आगे की कार्रवाई के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शिक्षा विभाग को भेज दिया है । भारत सरकार के शिक्षा विभाग ने आयोग द्वारा की गई सिफारिशों के साथ ज्ञानम समिति की रिपोर्ट को 8-9 मार्च, 1991 को आयोजित सी ए बी ई की बैठक में प्रस्तुत किया । इस रिपोर्ट के दूरगामी प्रभावों को ध्यान में रखकर सी ए बी ई ने यह इच्छा व्यक्त की कि इस रिपोर्ट की जाँच के लिए एक उप-समिति का गठन किया जाए ।

5.03 राष्ट्रीय शिक्षा परीक्षा

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग भाषाओं सहित मानविकी और समाज विज्ञान के विषयों के लेक्चरर के पदों और कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति के लिए साल मे दो बार परीक्षाएं आयोजित करता है । विज्ञान के विषयों के लिए भी इस प्रकार की परीक्षाएं साल में दो बार वि० अ० आ० और वै० औ० अनु० परि० संयुक्त रूप से आयोजित करते हैं । उन उम्मीदवारों ने जिन्हें मास्टर डिग्री की परीक्षा में 55 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किए हों और 31 मार्च 1991 तक एम० फिल० पूरा कर लिया हो और साथ ही उन उम्मीदवारों को जिन्हें दिसंबर, 1992 तक पीएच. डी. की डिग्री मिल जाएगी, उन्हें केवल लेक्चररशिप के पद के लिए यू. जी. सी. - सी. एस. आई. आर. की परीक्षा में बैठने से छूट दे दी जाएगी ।

1990-91 के वर्ष में आयोग ने केवल एक बार भाषा सहित मानविकी और समाज विज्ञान के 85 विषय समूह में कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति देने और लेक्चरर के पद की पात्रता के लिए 83 केन्द्रों में 20 जनवरी, 1991 को परीक्षा आयोजित की । इन विषयों की एक सूची परिशिष्ट - XVI में दी गई है । इस परीक्षा में पंजीकृत किए गए 34981 उम्मीदवारों मे से 25596 उम्मीदवार परीक्षा में बैठे जिनमें 906 को कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति देने के लिए एंव लेक्चरर पद के योग्य और केवल लेक्चरर पद के लिए 1346 को योग्य घोषित किया गया । वि. अ० आ. और वै. औ. अनु. परि. द्वारा संयुक्त रूप से विज्ञान के विषयों में साल में दो बार अर्थात् 30 जनू, 1990 और 30 दिसंबर 1990 को परीक्षाएं आयोजित की गई इनमें जिन-जिन विषयों मे प़रीक्षाएं ली गई उनकी सूचियाँ क्रमशः परिशिष्ट-XVII और XVIII में दी गई है । जून, 1990 की परीक्षा में 13555 उम्मीदवार पंजीकृत किए गए जिनमें से 8955 उम्मीदवार परीक्षा में बैठे और 392 को कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति के लिय योग्य घोषित किया गया । दिसंबर, 1990 की परीक्षा में 13895 उम्मीदवार पंजीकृत किए गए, जिनमें से 8489 उम्मीदवार परीक्षा में बैठे । इनमें से 411 को कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृति देने के लिए और लेक्चरर के पद के लिए और 503 को केवल लेक्चर के पद के लिए योग्य घोषित किया गया ।

5.04 पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन

प्रथम डिग्री पाठ्यक्रम को परिवेश तथा समुदाय की विकासात्मक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने और शिक्षा को कार्य/क्षेत्र/व्यावहारिक अनुभव और उत्पादकता के साथ जोड़ने की दृष्टि से आयोग ने पांचवीं योजना में पाठ्यक्रमों के पुनर्गठन की योजना को शुरू किया था ।

इस योजना को पूर्व-स्नातक स्तर पर उच्च शिक्षा में किए जाने वाले सुधार का एक प्रमुख कार्यक्रम माना गया है । इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक पूर्व-स्नातक छात्र को निम्नलिखत क्षेत्रों से परिचित कराना है :

> भारत का इतिहास और संस्कृति, भारत और विश्व के अन्य देशों मे स्वतंत्रता-संग्राम का इतिहास, विकास की संकल्पनाओं और प्रक्रियाओं सहित भारत में सामाजिक और आर्थिक जीवन, विकास में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका सहित वैज्ञानिक प्रणाली, वैकल्पिक मूल्य व्यवस्थाएं और उन पर आधारित समाज, एशिया और अफ्रीका (कुछ खास देशों) की संस्कृति और गांधी की विचारधारा जैसे विषयों के प्रति जागरूकता लाने की दृष्टि से बनाए गए आधार पाठ्यक्रम ।

II कुछ विषयों से, जिनमें एक या अधिक विषयों का गहन अध्ययन शामिल है, मोटे तौर पर परिचित होने के लिए छात्रों को सुअवसर प्रदान करने से संबद्ध मूल पाठ्यक्रम ।

III कुछ अनुप्रयुक्त अध्ययन/परियोजनाएं/क्षेत्र कार्यकलाप, ताकि पाठ्यक्रमों का समाकलित कार्यकलाप तैयार किया जा सके और उन्हे अंतिम वर्ष में लागू किया जा सके ।

IV प्रथम दो वर्ष में राष्ट्रीय अथवा सामाजिक सेवा के कार्यक्रम में भाग लेना ।

इस योजना के अंतर्गत अधिक संख्या में कालेजों को शामिल किए जाने के लिए अयोग ने आठवीं पंचवर्षीय योजना के लिए बनाई गई योजना में भाग लेने वाले कालेज को दी जाने वाली (पांच वर्ष तक की अवधि के लिए) सहायता रू 5.00 लाख से बढ़ाकर रू 7.5 लाख कर दी है ।

31/2/1991तक इस योजना के अधीन 9 विश्वविद्यालय और 208 कालेजों ने पुर्नगठित पाठ्यक्रम लागू किए हैं । आयोग ने भी यह इच्छा व्यक्त की है कि पाठ्यक्रमों का पुर्नगठन करने का कार्य पाठ्यचर्या विकास केन्द्र के पैटर्न पर किया जा सकता है ।

5.05 कालेज मानविकी और समाज-विज्ञान सुधार कार्यक्रम (कोहसिस्प)

यह कार्यक्रम 1974-75 में शुरू किया गया था । इसका उद्देश्य इस प्रकार था: (क) नई शिक्षण विधियों को अपनाना, (ख) पुस्तकालय सेवाओं का विस्तार करना, (ग) विशेष पाठ्यक्रमों को लागू करना, (घ) अंतर-विषयक कार्यक्रम चालू करना, (ड़) परीक्षा-सुधार के विभिन्न उपायों को लागू करना, च) उपचारी शिक्षण लागू करना और (छ) क्षेत्र/परियोजना कार्य आदि करके संबद्ध कालेजों में पूर्वस्नातक स्तर पर मानविकी और समाज-विज्ञान के विषयों के शिक्षण में गुणतात्मक सुधार करना । इस कार्यक्रम से कालेजों को शिक्षण, अधिगम, पाठ्यचर्या ओर परीक्षा-पैटर्न में सुधार लाने की दृष्टि से प्रयोग करने के अवसर प्राप्त होते है । 31/3/1991 तक कार्यक्रम के प्रथम चरण में 685 कालेजों को (जिनमें 50 शिक्षक प्रशिक्षण कालेज शामिल हैं) और दूसरे चरण में 99 कालेजों को सहायता प्रदान की गई है । इस कार्यक्रम की समीक्षा की जा रही है ।

5.06 कालेज विज्ञान कार्यक्रम (कोसिप)

1971 से चलाए जा रहे इस कार्यक्रम का उद्देश्य संबद्ध कालेजों में पूर्व-स्नातक

स्तर पर विज्ञान के विषयों के शिक्षण में गुणतात्मक सुधार लाना है । यह विषय-वस्तु शिक्षण विधियों, पाठ्यविवरणों, पाठ्यचर्यायों, प्रयोगशाला अभ्यासों, कार्यशालाओं, पुस्तकालय और शिक्षण सामग्री में सुधार करके किया जाएगा । इस कार्यक्रम से कालेज/विश्वविद्यालय स्तर पर विज्ञान के महत्व के प्रति जागरूकता आयी है । 31 मार्च, 1991 को 314 कालेजों में यह कार्यक्रम लागू किया गया । इस कार्यक्रम की समीक्षा की जा रही है ।

5.07 विश्वविद्यालय नेतृत्व कार्यक्रम

विश्वविद्यालय नेतृत्व कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी कालेजों में कुछ खास विषयों की पढ़ाई में सुधार लाना है । चुनिंदा विश्वविद्यालय का संबंधित विभाग कालेज के विभागों को पाठ्यचर्या-सुधार, शिक्षण-विधि, पाठ्यविवरण और पाठ्यक्रमों के संबध में आवश्यक सहायता, परामर्श और मार्गदर्शन प्रदान करता है । निर्धारित पाठ्य विवरण और परीक्षा-प्रक्रिया के वर्तमान ढाँचे के अंदर ही संबधित विषय के शिक्षण में सुधार करना है । 31 मार्च, 1991 को इस कार्यक्रम में मानविकी और समाज-विज्ञान के विषयों मे 24 विश्वविद्यालय-विभागों और विज्ञान के विषयों में 41 विश्वविद्यालय-विभागों ने भाग लिया । इस कार्यक्रम की समीक्षा की जा रही है ।

5.08 विषय नामिकाएं

आयोग के पास विश्वविद्यालयों से लिए गए विशेषज्ञों की नामिकाएं हैं जो आयोग को विभिन्न विषयों के शिक्षण और अनुसंधान की गुणवत्ता के अनुरक्षण और सुधार से संबंधित मामलों पर सलाह देती है । विषय-पाठ्यक्रम के अद्यतन और आधुनिकीकरण में और शिक्षण तथा अनुसंधान को एक नया आयाम देने में इन विशेषज्ञों की सिफारिशों एक बहुत बड़ी भूमिका निभाती हैं इलेक्ट्रानिकी और यंत्रीकरण तथा इंजीनियरी के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा वर्ष 1990-91 के दौरान की गई सिफारिशें नीचे दी गई है विज्ञान और समाज-विज्ञान सहित मानविकी के अन्य विषयों के विशेषज्ञ-नामिकाओं की बैठक नहीं हो सकी क्योंकि आलोच्य वर्ष के दौरान इनका गठन फिर से किया जा रहा था ।

5.09 इलेक्ट्रानिकी और यंत्रीकरण की नामिका

आयोग एम. एस-सी. के इलेक्ट्रॅनिकी-विज्ञान पाठ्यक्रम के लिए सहायता दिल्ली विश्वविद्यालय, पूना विश्वविद्यालय, कलकत्ता विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कोचीन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, बरहामपुर

विश्वविद्यालय, बिहार विश्वविद्यालय, बंगलौर विश्वविद्यालय, सरदार पटेल विश्वविद्यालय और गुवाहाटी विश्वविद्यालय को प्रदान कर रहा है ।

1990-91 में आयोजित नामिका की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार एम. एस-सी. इलेक्ट्रानिकी के स्थानपर एम. एस-सी. इलेक्ट्रानिक विज्ञान पाठ्यक्रम रख दिया गया है । नामिका ने यह भी निर्णय लिया है कि इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता मे सलाहकार समितियों का गठन किए जाए, जिनमे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा इलेक्ट्रानिकी विभाग का एक-एक प्रतिनिधि हो और पाठ्यक्रम के कुछ प्रोफेसर हों पुराने विभागों, जैसे दिल्ली, पूना और कलकत्ता के विभागों के निष्पादन की समीक्षा की जा सकती है ।

5.10 इंजीनियरी की नामिका

नामिका ने यह सुझाव दिया हे कि आयोग अन्ना विश्वविद्यालय द्वारा वि. अ. आ. को इंजीनियरी में एक पुरस्कार देने के लिए दी गई रू. 2 लाख में से प्रतिवर्ष रू. 20,000/ का एक पुरस्कार देने की व्यवस्था करे ।

5.11 विशेष सहायता कार्यक्रम (सैप)

आयोग इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्नातकोत्तर और अनुसंधान स्तर पर अध्ययन की गुणवत्ता और विषय-वस्तु में सुधार लाने के लिए कार्य और उपलब्धियों के आधार पर सावधानीपूर्वक चुने गए अनेक विश्वविद्यालय विभागों को आवश्यक जनशक्ति, शिक्षण-सामग्री और उपस्करों के रूप में पर्याप्त सहायता प्रदान करता है । अतः इस योजना का मुख्य लक्ष्य 'उत्कृष्टता की खोज' को प्रोत्साहित करना है ।

आयोग तीन स्तरों अर्थात् उच्च अध्ययन केन्द्र (सी ए एस), विशेष सहायता विभाग (डी एस ए) और विभागीय अनुसंधान सहायता पर सहायता प्रदान करके इस कार्यक्रम को चला रहा है । कुछ विभागों को उच्च अध्ययन केन्द्र (सी ए एस) के रूप में चयन करने की योजना आयोग ने 1963-64 में शुरू की थी, जबकि विशेष सहायता विभाग (डी एस ए) की योजना उच्च अध्ययन केन्द्र (सी ए ए) के एक सहायता कार्यक्रम के रूप में 1972 में शुरू की गई थी । इसका मुख्य उद्देश्य उच्च अध्ययन और सामूहिक अनुसंधान प्रयास को बढ़ावा देना रहा है जिससे कि अभिज्ञात विभाग अपने विषय-क्षेत्रों के अनुसंधान कार्य में तेजी ला सके । डी एस ए को उच्च अध्ययन केन्द्र के रूप में यथासमय मान्यता दी जा सकती है । सामूहिक अनुसंधान प्रयास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष सहायता विभाग कार्यक्रम के एक समर्थक कार्यक्रम के रूप में 1977 में विभागीय

बीज गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला में प्रयुक्त युक्तियां, अनुप्रयुक्त वनस्पति विज्ञान, मैसूर विश्वविद्यालय ।



पोल राइजिंग माइक्रोस्कोप, भूविज्ञान विभाग, बगलौर विश्वविद्यालय ।



पालिवार माइक्रोस्कोप, सूक्ष्म जैविकी विभाग, एम.एस. विश्वविद्यालय बड़ौदा ।

अनुसंधान सहायता योजना शुरू की गई जिससे कि मूल्यांकन के बाद पहचाने गए विभाग को विशेष सहायता विभाग के रूप में मान्यता दी जा सके । विशेषज्ञ समितियों की सिफारिशों पर आयोग स्टाफ, (अकादमिक और तकनीकी) भवन, उपस्कर, पुस्तकों और पत्रिकाओं, कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति/अनुसंधान एसोशिएट, आकस्मिक व्यय, रासायनिक पदार्थो और कांच के सामानों यात्रा, संगोष्ठी/परिचर्चा, अभ्यागत संकाय, परिवहन, अनुरक्षण आदि की व्यवस्था करके विशेष सहायता कार्यक्रम में शत प्रतिशत सहायता प्रदान कर रहा है । विशेष सहायता योजना में भाग ले रहे विभागों के निष्पादन का सतत परिवीक्षण किया जाता है । यहा तक कि इस योजना के अंतर्गत भाग लेने वाले विभाग चयन करने से पहले भी संबंधित विषय नामिका द्वारा उसकी उपलब्धियों की जाँच की जाती है । नामिका की सिफारिशों पर अंतिम विचार आयोग करता है । आयोग का अनुमोदन मिल जाने के बाद विशेषज्ञ-समितियां इन विभागों का दौरा करती है और संकाय तथा छात्रों के साथ विस्तृत चर्चा करके उनकी आवश्यकताओं का निर्धारण करती हैं । आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सी ए एस/डी एस ए/डी आर एस के स्तर पर एस ए पी के अंतर्गत विभागों के लिए यह आवश्यक है कि वे कार्यक्रम के कार्यान्वयन का परिवीक्षण करने के लिए एक सलाहकार समिति का गठन करे । इस समिति की बैठक साल में एक बार अवश्य होनी चाहिए और बैठक में उन्हें विभाग की वार्षिक रिपोर्ट और भावी कार्यक्रमों की जांच करनी चाहिए । दौरा करने वाली विशेषज्ञ समितियों की सहायता से 3/5 वर्षो की अवधि पर विभागों की आगे समीक्षा की जाती है । समान्यतः ये समितियां विभागों का दौरा करके विशेष अवधि के दौरान उनकी उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा करती हैं और यदि योजना के कार्यान्वयन में कोई कठिनाई हो तो तदनुसार उसके लिए सिफारिश करती हैं । अंत में विशेषज्ञ समितियों की रिपोर्टो को अनुमोदन के लिए आयोग को प्रस्तुत किया जाता है ।

विश्वविद्यालय प्रणाली में शिक्षण /अनुसंधान कार्य का उच्चतम स्तर बनाए रखने के लिए योजना का परिवीक्षण सख्ती से किया गया है । योजना की समीक्षा करने से यह पता चला है कि इसने एस ए पी विभागों को राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सहयोगी कार्यक्रम चलाने के लिए प्रेरित किया है और साथ ही देश के अति प्रतिभाशाली व्यक्तियों को इस कार्यक्रम की ओर आकर्षित करने में सहायक रहा हैं । विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर विभाग की उपलब्धियों की दृष्टि से उसे समान स्तर या उससे उच्च स्तार पर बनाए रखा जाता है या उनकी मान्यता समाप्त कर दी जाती है । आयोग ने अनेक विभागों की मान्यता समाप्त कर दी है क्योंकि विशेषज्ञ समितियों द्वारा उनके निष्पादन को अपेक्षित स्तर का नहीं पाया गया । 31/3/1991 को मानविकी और समाज-विज्ञान में 16 सी ए एस, 93 डी एस ए और 18 डी आर एस थे (परिशिष्ट XIX, XX और XXI) और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के विषयों में 41 सी ए एस, 106 डी एस एस और 43 डी आर एस थे । (परिशिष्ट XXII, XXIII और XXIV) ।

5.12 पाठ्यचर्या विकास केन्द्र

1986 में शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य इस प्रकार है :- (I) उच्च शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर अलग-अलग विश्वविद्यालयों के वर्तमान पाठ्यविवरणों और पाठ्यक्रमों की समीक्षा करके: ओर (II) इन पाठ्यक्रमों का आधुनिकीकरण और पुनर्गठन करके इकाई पाठ्यक्रमों में बदलने के उपायों को सुझा करके: और (III) संबद्ध विषय के अध्ययन के विभिन्न पहलुओं को प्रभावित करने वाले वैकल्पिक माडलों को विकसित करके विभिन्न विषयों पाठ्यचर्या विकास केन्द्र स्थापित करना है ।

31 मार्च 1991 को विभिन्न विषयों में 27 पाठ्यचर्या विकास केंद्र स्थापित किए गए थे (विज्ञान के विषयों में 10 और मानविकी तथा समाज-विज्ञान के विषयों में 17) । इन केन्द्रों की एक सूची परिशिष्ट - XXV (क) और (ख) में दी गई हैं । आयोग ने इन केन्द्रों से माडल पाठ्यविवरण प्राप्त किए हैं, जिन्हे विश्वविद्यालयों में परिचालित करने के लिए राष्ट्रीय स्तर की कार्यशालाओं में चर्चा की गई थी आलोच्य वर्ष में आयोग ने पाठ्यचर्चा विकास केंद्र की रिपोर्ट को व्यापक रूप से परिचालित करने और उसे प्रकाशित करने और दिल्ली विश्वविद्यालय के ग्राफिक कला केन्द्र के जरिए बेचने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है । इस कार्य के लिए आयोग प्रकाशन पर होने वाले खर्चो में 50 प्रतिशत की आर्थिक सहायता प्रदान करेगा जिससे कि इसका विक्रय मूल्य इतना रखा जाए कि लोग इसे खरीद सकें ।

पाठ्यचर्याएं इस तरह बनाई गई है कि इनमें मानव संसाधन विकास के मूल तत्व के रूप में शिक्षण की तुलना में अधिगम पर अधिक बल दिया गया है शिक्षक व्याख्यान की ओर ध्यान देने की अपेक्षा अधिगम की ओर छात्र को प्रेरित करने पर अधिक बल देने वाले माड्यूलर-रूप में पाठ्यचर्या-कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया हो । इसके अंतर्गत छात्रों के लिए घर के लिए दत्त कार्य, ट्यूँटोरियल, प्रश्न-हल करने के सत्रों, टर्म पेपरों आदि की व्यवसायी की जाती है । परियोजना/क्षेत्र कार्य पाठ्यचर्या के अभिन्न अंग होने चाहिए जिससे कि छात्र पुस्तकालय और प्रयोगशाला सुविधाओं का नियमित रूप से प्रयोग करते रहें । पाठ्यचर्याओं को विभिन्न विश्वविद्यालयों, प्रयोगशालाओं और अन्य निकायों के संबद्ध विषयों के विशेषज्ञों ने विकसित किया है । पूर्व-स्नातक पाठ्यचर्या के संबंध में कालेजों से भी विशेषज्ञ लिए गए है ।

5.13 परीक्षा-सुधार

आयोग सतत आंतरिक मूल्यांकन, प्रश्न-बैंक का विकास, ग्रेडिंग पद्धति, सेमेस्टर

प्रद्धति जैसे परीक्षा-सुधारों और पाठ्य-विवरण, प्रश्न-पत्र और परीक्षा-आयोजन जैसे कुछ निम्नतम सुधारों से संबंधित विभिन्न उपायों को लागू करने पर जोर देता रहा है । 31/3/1991 को परीक्षा-सुधार से संबधित विभिन्न उपायों को लागू करने की स्थिति इस प्रकार थी :

I. 52 विश्वविद्यालयों, 18 विश्वविद्यालय मान ली गई संस्थाओं और 23 कृषि/प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयों ने विभिन्न स्तरों पर सतत आंतरिक मूल्यांकन करने की विधि लागू की है ।

II. 18 विश्वविद्यालयों, 8 विश्वविद्याालय मान ली गई संस्थाओं और 5 कृषि-विश्वविद्यालयों में प्रश्न-बैंक विकसित किए है या विकसित किये जा रहे है ।

III. 23 विश्वविद्यालयों, 12 विश्वविद्यालय मान ली गई संस्थाओं और 22 कृषि/प्रौद्योगिक विश्वविद्यालयों में ग्रेडिंग पद्धति लागू हैं ।

IV. 51 विश्वविद्यालय, 13 विश्वविद्यालयों विश्वविद्यालय मान ली गई संस्थाओं और 19 कृषि/प्रौद्योगिक विश्वविद्यालयों में सेमेस्टर पद्धति लागू है ।

V. 89 विश्वविद्यालयों/संस्थाओं ने प्रत्येक प्रश्न-पत्र के पाठ्यविवरण को विषयवार घटको के साथ विषय-वस्तु को सुपरिभाषित इकाइयों/क्षेत्रों में बाँटने के लिए कदम उठाए हैं या उठा रहे हैं ।

VI. 85 विश्वविद्यालयों/संस्थाओं ने यह निर्णय लिया है कि परीक्षकों को पिछली परीक्षा में दिए गए प्रश्नों को फिर से देने की छूट होनी चाहिए ।

VII. 84 विश्वविद्यालयों/संस्थाओं ने यह निर्णय लिया है कि प्रश्नों का उत्तर देने के लिए छात्रों को व्यापक विकल्प देने के स्थान पर यह पाठ्यविवरण की प्रत्येक इकाई तक ही सीमित होना चाहिए ।

VIII. 81 विश्वविद्यालयों ने इस विचार पर समर्थन किया है कि न्यूनमत संख्या में व्याख्यान/अनुशिक्षण प्रयोगशाला सत्र पूरा किए बिना कोई भी परीक्षा आयोजित नहीं की जानी चाहिए, और

IX. 86 विश्वविद्यालयों/संस्थाओं ने यह सूचित किया हे कि वे परीक्षा को ठीक

ढंग से आयोजित करने के लिए कारगर सुरक्षा उपाय, उचित पर्यवेक्षण और नकल करने तथा अनुचित सांधनों के प्रयोग से संबंधित सभी मामलों मे कठोर कार्रवाई करने जैसे कदम उठा रहे है ।

5.14 भारतीय लेखको द्वारा विश्वविद्यालय स्तर की पुस्तकों का निर्माण

1970-71 से आयोग एक ऐसी योजना चला रहा है जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालयों और कालेजों में उपयोग के लिए उच्च कोटि की पस्तकें, मानोग्राफ और अन्य संदर्भ सामग्री के निर्माण के लिए, विश्वविद्यालयों, कालेजों और उच्च अधिगम ओर अनुसंधान वाली अन्य संस्थाओं के उत्कृष्ट शिक्षा-विदों और स्कालरों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है । इस योजना को बीच ही में रोक दिया गया है और इसकी समीक्षा की जा रही है और इस संबंध में नए दिशा-निर्देश जारी किए गए है ।

5.15 डाक्टरेट के लिए शोध-प्रबंधों सहित विद्धतापूर्ण/अनुसंधान कृतियों का प्रकाशन

डाक्टरेट के लिए शोध प्रबंधों सहित विद्धतापूर्ण अनुसंधान कार्या के प्रकाशन की योजना के अंतर्गत आयोग विश्वविद्यालयों को सहायता प्रदान कर रहा है । आयोग दिशा-निर्देशों के अनुसार अधिक से अधिक दो विशेषज्ञों में से प्रत्येक विशेषज्ञ को पी. एच. डी. शोध-प्रबंध/विद्धतापूर्ण अनुसंधान कार्य का मूल्यांकन करने के लिए मानदेय के रूप में प्रति विद्धतापूर्ण कार्य/शोध-प्रबंध के लिए रू. 200 देने की व्यवस्था हैं ।

5.16 हरिओम आश्रम न्यास पुरस्कार

विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले उत्कृष्ट छात्रों को ये पुरस्कार दिए जाते हैं । इस पुरस्कार के अंतर्गत एक प्रशस्ति-पत्र और रू० 10,000 का नकद पुरस्कार दिया जाता है । इन पुरस्कारों में भैतिक विज्ञान में प्रयौगिक अनुसंधान के लिए सर सी० बी० रमण पुरस्कार, अनुप्रयक्त विज्ञान में अनुसंधान कार्य के लिए होमी जे. भाभा पुरस्कार सैद्धान्तिक विज्ञान में अनुसंधान कार्य के लिए मेघनाथ साहा पुरस्कार, जीव-विज्ञान में अनुसंधान कार्य के लिए जगदीश चन्द्र बसु पुरस्कार और विज्ञान और समाज के बीच परस्पर-क्रिया के लिए हरिओम आश्रम न्यास पुरस्कार शामिल हैं आलोच्य वर्ष में इन पुरस्कारों के लिए नामन आमंत्रित किए गए है ।

5.17 स्वामी प्रणवनंद पुरस्कार

ये पुरस्कार मानव-ज्ञान में उत्कृष्ट योगदान देन वाले सुप्रसिद्ध विद्धानों को दिया

जाता है । इस पुरस्कार में एक प्रशस्ति-पत्र और रू० 10,000 का नकद पुरस्कार दिया जाता है । ये पुरस्कार सामजिक विज्ञान और परिस्थिति विज्ञान सहित शिक्षा, समाज-विज्ञान, अर्थशास्त्र, राजनीति-शास्त्र ओर पर्यावरण विज्ञान के लिए दिए जाते है । आलोच्य वर्ष में इन पुरस्कारों के लिए नामन आमंत्रित किए गए है ।

5.18 गांधी अध्ययन

आयोग ने गांधी पर अध्ययनों और मूल्यों के विभिन्न कार्यक्रमों और गांधी भवनों को सुदृढ़ करने के लिए विश्वविद्यालयों को सहायता देना जारी रखा आयोग ने गांधी अध्ययन के अनुसंधान एसोशिएटों के पदों का अनुमोदन करना जारी रखा ।

गांधी अध्ययन कार्यक्रम के अधीन (I) "राष्ट्रीय हिंसा के जरिए संघर्ष संकल्पः विश्वविद्यालयों की भूमिका" और (2) ग्रामीण एवं जन-जातीय विकास के प्रति गांधी-दृष्टिकोण "नामक दो राष्ट्रीय संगोष्ठियां अक्टूबर 1990 और दिसंबर 1990 को क्रमशः दिल्ली विश्वविद्यालय और गुरू घासीदास विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गई ।

5.19 बौद्ध अध्ययन

आयोग बौद्ध-अध्ययनों को बढ़ावा देन के लिए कुछ चुने गए विश्वविद्यालय को योजना-आबंटन के अतिरिक्त शत-प्रतिशत सहायता प्रदान करता रहा है । बौद्ध-अध्ययनों से संबधित शिक्षण और अनुसंधान को सुदृढ़ करने की दृष्टि से मुख्यतः स्टाफ और पुस्तकों को खरीदने के लिए सहायता प्रदान की जाती है ।

5.20 नेहरू अध्ययन :

अगस्त, 1988 में आयोजित अपनी बैठक में नेहरू अध्ययन समिति ने यह सुझाव दिया है कि कुछ केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में नेहरू अध्ययन केन्द्र खोले जाएं । इस सुझाव को स्वीकार नहीं किया गया । इसके स्थान पर आयोग ने यह उपयुक्त समझा कि आपने कार्यकलाप-कार्यक्रमों में गांधी अध्ययन केन्द्र नेहरू की विचारधारा को भी शामिल कर सकते है जिसके लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग सहायता प्रदान कर सकता है । इस संबंध में गांधी अध्ययन केन्द्रों वाले विश्वविद्यालयों से परामर्श किया जा रहा है ।

खंड - 6
विश्वविद्यालयों का विकास

6.01 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 12(8) के अधीन उपयुक्त माने गए विश्वविद्यालयों को आयोग ऐसी आंतरिक संरचनात्मक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए, जो सामान्यतः सहायता प्रदान करने वाली राज्य सरकारों/अन्य निकायों से उपलब्ध नहीं होती, विकास-अनुदान देता हैं । शिक्षण और अनुसंधान की गुणवत्ता और स्तर बढ़ाने तथा विश्वविद्यालय परिसर में संगठित जीवन में सुधार लाने की दृष्टि से आयोग सामान्यतः शिक्षा-भवनों, छात्रावासों, उपस्करों, पुस्तकों और पत्रिकाओं, स्टाफ-क्वार्टरों और अन्य सुविधाओं के लिए सहायता प्रदान करता है ।

6.02 विश्वविद्यालयों की विकास योजनाओं का प्रस्ताव बनाने के लिए आठवीं योजना के दिशा निर्देश

आयोग का आठवीं योजना के दौरान शिक्षग और अनुसंधान के क्षेत्र में विश्वविद्यालयों की क्षमता को बढ़ाने का विचार है । आयोग ने विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय से परे ऐजन्सियों और संस्थाओं से, विशेष रूप से अनुसंधान और विकास में लगी एजेन्सियों और संस्थाओं के साथ संबध बनाए रखने की सलाह दी है ताकि विश्वविद्यालय-शिक्षा को और अधिक सार्थक बनाया जा सके । विश्वविद्यालयों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उभर रहे उन क्षेत्रों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा जिनका इलेक्ट्रनिक विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, समुद्र-विज्ञान और पर्यावरण और ऊर्जा अध्ययन जैसे सामाजिक एंव आर्थिक विकास में काफी योगदान है ।

गत वर्ष आयोग द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालयों को परिचालित 'विश्वविद्यालय की विकास योजनाओं का प्रस्ताव बनाने की आठवीं योजना के दिशा-निर्देश वर्तमान कार्यक्रमों का समेकित रूप हैं ।

प्रयोगशालाओं, कार्यशालाओं और पुस्तकालय सेवाओं को उपलब्ध कराकर वर्तमान स्नातकोत्तर विभागों को सुदृढ़ करने के काम को प्राथमिकता दी जाएगी ।

नए विशिष्ट कार्यक्रमों को चलाने या नए विभाग खोलने को अंतर-विषयक दिशा माना जा सकता है जिसे विकसित विश्वविद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं के साथ

कायम रखा जा सकता है । विकासशील विश्वविद्यालयों के संबंध में, समूचे राज्य या क्षेत्र में उपलब्ध सेवाओं और सुविधाओं को ध्यान में रखने और जनशक्ति की आवश्यकताओं का अध्ययन करने के बाद राज्य या क्षेत्र में विभागों की आवश्यकताओं पर विचार करके नए विभाग खोलने के बारे में निर्णय लिया जाएगा । विश्वविद्यालयों को चाहिए कि वे आगतों के कम व्यवहार्य स्तरों और अपर्याप्त तैयारी वाले नए अध्ययन-विभाग खोलने को प्रोत्साहित न करें । अप्रासंगिक या जो पुराने पड़ गए है उन पाठ्यक्रमों को समाप्त कर देना चाहिए और इन विषयों के शिक्षकों को पुनः प्रशिक्षित करना चाहिए ।

दिशा-निर्देशों के अनुसार विश्वविद्यालयों से यह भी अनुरोध किया गया है कि वे सभी विभागों में शिक्षण सहायता साधन उपलब्ध कराएं और शिक्षकों तथा छात्रों के लिए वीडियो टेपों पर मुख्य-मुख्य विषयों मे पाठ्यक्रम कार्यक्रम तैयार करें ताकि शिक्षक और छात्र अपनी विशेषता वाले क्षेत्रों में हो रही प्रगतियों और साथ ही शिक्षण-विधि से अवगत होते रहें । विश्वविद्यालयों को यह भी सलाह दी गई है कि वे छात्रों को उपयुक्त रोज़गार एजेन्सियों के साथ संबंध बनाए रखने ओर सेवाओं के बारे में परामर्श देने जैसी समान्य सुविधाओं में सुधार लाएँ ।

आठवीं योजना के दौरान संस्थागत विकास योजनाओं के अधीन पूर्व-स्नातक और स्नातकोत्तर शिक्षण और अनुसंधान सुविधाओं के लिए वि. अ. आ. द्वारा विश्वविद्यालयों को दी जाने वाली सहायता के पैटर्न में तरमीम की गई है । विश्वविद्यालयों को पुस्तकालय-भवनों और महिला-छात्रावासों के लिए शत प्रतिशत सहायता प्रदान की जाएगी और प्रयोगशालाओं,, कक्षाओं, केन्द्रीय कार्यशाला, ग्रीन हाउस, ग्लास हाउस, पशु हाउस, अतिथि गृह, लड़कों के छात्रावास, शिक्षकों के होस्टल, स्टाफ क्वार्टर, कैण्टीन की बिल्डिंग, अभ्यागत संकाय कार्यक्रम आदि, विश्वविद्यालय मुद्रणालयों की स्थापना/सुधार, स्वास्थ्य केन्द्र और वर्तमान छात्रावासों की सुविधाओं में सुधार लाने के लिए आयोग 75 प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान करेगा । पहले यह सहायता क्रमशः 75 प्रतिशत और 50 प्रतिशत थी । अब विश्वविद्यालय और बिजली सहित परिसर विकास के लिए भी 75 प्रतिशत सहायता प्रदान की जाएगी । अतिरिक्त शिक्षण, तकनीकी, पुस्तकालय और प्रशासनिक सहायता स्टाफ, उपकरण, पुस्तक और नई पत्रिकाओं, संकाय सुधार कार्यक्रम, विस्तार कार्यक्रम और प्रशिक्षण, सतत शिक्षा तथा सांस्कृतिक कार्यकलापों सहित सेवाओं के संबध में पहले की ही तरह वि. अ. आ. अब भी शत-प्रतिशत सहायता प्रदान करता रहेगा ।

6.03 आठवीं योजना में विश्वविद्यालयों के विकास प्रस्तावों की विशेषज्ञ समितियों की सिफारिशें

अयोग ने राज्य विश्वविद्यालयों के संबंध में आठवीं योजना के विकास-प्रस्तावों के संबंध में विशेषज्ञ समितियों द्वारा की गई सिफारिशों को स्वीकर कर लिया और इस बात से सहमत हो गया है कि फिलहाल रू. 2537.00 लाख की 1990-91 की वार्षिक योजनाओं को लागू किया जा सकता है । भाग-I और भाग-II में दिखाए गए आबंटनों को अन्तिम माना जाए क्योंकि इस योजना पर वि. अ. आ. के कुल योजना परिव्यय के आधार पर इनकी समीक्षा की जानी है । विश्वविद्यालयों को इस निर्णय को सूचित करते समय आयोग ने यह स्पष्ट कर दिया था कि यह केवल वर्ष 1990-91 की योजनाओं के लिए है और विश्वविद्यालय को भाग-I और भाग-II से संबधित निर्णयों को उन्हें अंतिम रूप दे देने के बाद सूचित किया जाएगा ।

6.04 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों और विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाओं का परिसर-विकास

आयोग ने केन्द्रीय विश्वविद्यालयों और विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाओं के परिसर विकास के लिए दी जाने वाली सहायता को जारी रखा । वर्ष 1990-91 के दौरान इस कार्य के लिए आयोग ने रू० 121.96 लाख का अनुदान दिया ।

6.05 केन्द्रीय विश्वविधालयों के आर्युविज्ञान कालेजों और अस्पतालों को योजनागत विकास स्कीमों के अधीन अनुदान

आयोग ने योजनागत विकास स्कीमों के अधीन आयोग आर्युविज्ञान शिक्षा के लिए अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय और विश्वविद्यालय आर्युविज्ञान कालेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) को दिए जाने वाले अनुदान को जारी रखा ।

आर्युर्विज्ञान शिक्षा के संबंध में इन संस्थाओं से उपने आठवीं योजना के विकास प्रस्ताव तैयार करने का अनुरोध किया गया था । जब तक उनके प्रस्ताव प्राप्त नहीं हो जाते तब तक के लिए आयोग ने पुस्तकों, पत्रिकाओं और उपकरणों से संबंध में आठवीं योजना आवंटन के प्रथम प्रभार के रूप में वर्ष 1990-91 के लिए उप-योजनागत आबंटन करने का निर्णय लिया है ।

वर्ष 1989-90 के दौरान आयुर्विज्ञान शिक्षा के लिए इन संस्थाओं द्वारा किए गए खर्च की प्रतिपूर्ति के लिए आठवीं योजना के प्रथम प्रभार के रूप में वर्ष 1990-91 के दौरान निम्नलिखित अनुदान दिए गए ।

सारणी 6.1

(रूपए लाख में)

विश्वविद्यालय	सातवीं योजना का आवंटन	(8वीं योजना के प्रथम प्रभार के रूप में) वर्ष 1990-91 में दिए गए अनुदान		
		आयुर्विज्ञान कालेज	अस्पताल	जोड़
अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय	263.00	2.00	32.00	34.00
बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय	282.70	31.75	25.00	56.75
विश्वविद्यालय आयुर्विज्ञान कालेज (दिल्ली विश्वविद्यालय)	200.00	15.00	-	15.00
	745.70	48.75	57.00	105.75

6.06 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की विकास योजना के लिए उपयोजना

आयोग के वार्षिक बजट के अंतर्गत केन्द्रीय विश्वविद्यालयों, केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के आयुर्विज्ञान कालेजों और इन कालेजों से जुड़े अस्पतालों और दिल्ली कालेज के भवनों के विकास के लिए उप-योजना के अधीन अलग आबंटन कर रहा है । वर्ष 1990-91 के दौरान आयोग ने यह निर्णय लिया कि सभी केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को निम्नलिखित घटकों के लिए 1990-91 में उप-योजना आबंटन की व्यवस्था की जाएगी :

I. आयोग द्वारा अनुमोदित वर्तमान भवन-निर्माण परि-योजनाओं को पूरा करने के लिए वर्ष 1990-91 में अपेक्षित राशि ।

II. पुस्तकों/पत्रिकाओं और उपस्करों के लिए सातवीं योजना मे आबिटत राशि के 1/5 भाग के बराबर राशि ।

III. सातवीं योजना में अनुमोदित पदों, (जिन्हें 31-3-1990 के बाद भरा गया है) के वेतन और आठवीं योजना पर प्रथम प्रभार के रूप में आयोग द्वारा अनुमोदित पदों के वेतन पर होने वाला खर्च ।

IV. आठवीं योजना आबंटन के प्रथम प्रभार के रूप में पहले से ही आयोग द्वारा अनुमोदित अन्य मदों पर होने वाला खर्च ।

वर्ष 1990-91 के दौरान उप-योजना के अधीन विभिन्न योजनाओं के लिए केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को दिए गए रू. 1385.13 लाख के अनुदान का ब्यौरा सारणी 6.2 में दिया गया है :

सारणी 6.2

योजना	1990-91 में दिया गया/ मंजूर किया गया अनुदान (रुपये लाख में)
मानविकी और समाज विज्ञान में सामान्य विकास	297.97
विज्ञान में सामान्य विकास	261.28
आयुर्विज्ञान कालेज	48.75
अस्पताल	57.00
केन्द्रीय विश्वविद्यालयों से जुड़े स्कूल	15.00
परिसर विकास	111.63
दिल्ली के कालेजों के भवन	182.85
केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को गृह निर्माण पेशगी	150.15
छात्रावास	68.06
विविध	192.44
जोड़:	1385.13

वर्ष 1990-91 के दौरान योजना और खंड-III के अधीन (मुख्य शीर्षकों के अनुसार) प्रत्येक विश्वविद्यालय को दिये गए अनुदानों का विवरण परिशिष्ट-XXVI में दिया गया है ।

6.07 इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी की विकास

आयोग उन विश्वविद्यालयों को वित्तीय सहायता प्रदान करता रहा है जिनमें इंजीनियरी प्रौद्योगिकी में उच्च शिक्षा और प्रौद्योगिकी के विषयों के अपने विभाग हैं । वर्ष 1990-91 के दौरान इस कार्य के लिए 35 विश्वविद्यालयों को सहायता प्रदान की गई है । विश्वविद्यालय के विभागों में इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी के छात्रों को स्नातकोत्तर छात्रवृत्ति/वरिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति देने के लिए भी आयोग सहायता प्रदान कर रहा है ।

1990-91 के दौरान इस कार्य के लिए आयोग ने विभिन्न विश्वविद्यालयों/संस्थाओं को रू. 1774.63 लाख का अनुदान दिया ।

6.08 प्रबंध पाठ्यक्रम

प्रबंध-अध्ययन में कार्यक्रम चलाने के लिए भी आयोग विश्वविद्यालयों/संस्थाओं को सहायता प्रदान करता रहा है । 31-3-1991 तक इन कार्यक्रमों को चलाने के लिए आयोग के 40 विश्व-विद्यालयों / संस्थाओं को सहायता प्रदान कर रहा था । 1990-91 के दौरान इस कार्य के लिए रू. 106.13 लाख की सहायता दी गई । यह राशि ऊपर के पैरा 6.07 में बताए गए इंजीनियरी/ प्रौद्योगिकी के विकास के लिए दिए गए कुल अनुदान का एक भाग है ।

6.09 जनशक्ति प्रशिक्षण के लिए कंप्यूटर सुविधाओं और कंप्यूटर शिक्षा का विकास

आयोग कंप्यूटर सुविधाएं प्रदान करने और कंप्यूटर केन्द्र खोलने के लिए विश्वविद्यालयों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है । वर्ष 1990 तक कंप्यूटर प्रणाली लगाने की योजना के अंत-र्गत 105 विश्वविद्यालयों को सहायता प्रदान की गई है ।

आयोग PC/XT कंप्यूटर प्रणाली खरीदने के लिए कालेजों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है । वर्ष 1990-91 के अंत तक 948 कालेजों को PC/XT कम्प्यूटर प्रणाली उपलब्ध करा दी गई थी ।

इस क्षेत्र में प्रशिक्षित जनशक्ति की कमी को पूरा करने के लिए आयोग निम्नलिखित विभिन्न जन-शक्ति विकास पाठ्यक्रम चलाने के लिए भी यू.जी.सी.डी.ओ. ई. के संयुक्त कार्यक्रम के अधीन विश्वविद्यालयों को सहायता प्रदान करता रहा है ।

(क) कंप्यूटर अनुप्रयोग में एकवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम (डी सी ए)

(ख) कंप्यूटर अनुप्रयोग का तीनवर्षीय मास्टर पाठ्यक्रम (एम सी ए)

(ग) कंप्यूटर विज्ञान में बी.टेक./बी.ई.

(घ) कंप्यूटर विज्ञान में एम.टेक./एम.ई.

(ड.) कंप्यूटर विज्ञान में एम. एस-सी.

इन विश्वविद्यालयों की संख्या जिनमें वर्ष 1990-91 तक विभिन्न पाठ्यक्रम अनुमोदित किए गए हैं, इस प्रकार है :

1. पोस्ट बी. एस-सी. डिप्लोमा पाठ्यक्रम	-	61
2. एम. एस-सी.	-	44
3. कंप्यूटर विज्ञान में बी.टेक./ बी.ई	-	13
4. कंप्यूटर विज्ञान में एम.टेक./ एम.ई.		
5. कंप्यूटर विज्ञान में एम.एस-सी.	-	1

6.10 अनियत अनुदान

वर्ष 1990-91 के दौरान आयोग ने विश्वविद्यालयों के लिए अनियत अनुदान योजना के दिशा-निर्देशों की समीक्षा की है । वर्ष 1990-91 के लिए अनियत अनुदान की संशोधित योजना के मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं:

आयोग द्वारा विश्वविद्यालयों की योजनाओं अर्थात (i) डाक्टरेट के शोध प्रबधं सहित लेखों/ शोध-कार्यो का प्रकाशन और (ii) विज्ञान, मानविकी और समाज-विज्ञान के विषयों में लघु, अनुसंधान परियोजनाओं को, जिनके लिए विश्वविद्यालय को सहायता प्राप्त होती है, अनियमित अनुदान योजना मे शामिल किया गया है ।

संशोधित स्कीम में चार ग्रुप हैं और प्रत्येक ग्रुप में विभिन्न घटक हैं जो इस प्रकार हैं:-

वर्ग क - यात्रा अनुदान

1. विदेशों में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों/ संगोष्ठियों/परिचर्चाओं में भाग लेने के लिए शिक्षकों/वैज्ञानिकों/तकनीकी अधिकारियों/ प्रशासनिक स्टाफ जैसे रजिस्ट्रारों, पुस्तकालयाध्यक्षों और शारीरिक शिक्षा निदेशकों को सहायता प्रदान करना ।
2. राष्ट्रमंडल कुलपति-सम्मेलन में भाग लेने के लिए कुलपतियों को सहायता ।
3. सी एस आई आर/आई एन एस ए और अन्य एजेन्सियों के अंतर्राराष्ट्रीय सहयोग विनियम कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय यात्रा-किराया और अनुरक्षण ।
4. अनुसंधान-केन्द्रों का दौरा करने या भारत में आयोजित शैक्षिक सम्मेलनों/संगौष्ठियों में भाग लेने के लिए शिक्षकों/अनुसंधान छात्रों/वैज्ञानिक/तकनीकी अधिकारियों और प्रशासनिक स्टाफ अर्थात रजिस्ट्रारों/पुस्तकालयाध्यक्षों/ शारीरिक शिक्षा निदेशकों को सहायता ।
5. शिक्षकों का आदान-प्रदान ।
6. आई सी टी पी के कार्यक्रमों और समकक्ष स्तर के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए शिक्षकों को अन्तर्राष्ट्रीय यात्रा-अनुदान ।

7. विदेशों में अभ्यागत प्रोफेसर के रूप में जाने के लिए भारतीय प्रोफेसरों/शिक्षकों को अन्तर्राष्ट्रीय यात्रा-किराया ।

8. विदेशों में अध्येतावृत्ति/वजीफा प्राप्त करने के लिए चुने गए शिक्षकों को अंतराष्ट्रीय यात्रा-किराया ।

वर्ग ख - संगोष्ठियां, परिचर्चाएं आदि

1. विश्वविद्यालयों में मॉडल पार्लियामेंट, प्लानिंग फोरम तथा राष्ट्रीय एकता कार्यकलाप आयोजित करना ।

2. अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/राज्य/क्षेत्रीय स्तरों पर संगोष्ठियां/परिचर्चाएं तथा सम्मेलन आयोजित करना ।

वर्ग ग - विश्वविद्यालयों को प्रकाशन अनुदान

डाक्टरेट के शोध प्रबंध सहित विद्वतापूर्ण कार्य/अनुसंधान कार्य के प्रकाशन के लिए विश्वविद्यालयों को अनुदान ।

वर्ग घ - यू. जी. सी. की मार्गदर्शिका के अनुसार विज्ञान, मानविकी और समाज विज्ञान में लघु अनुसंधान परियोजनाओं को हाथ में लेने के लिए सहायता ।

वर्ष 1990-91 के दौरान अनियत अनुदान के रूप में विश्वविद्यालयों को रू. 78-49 लाख दिया गया ।

6.11 प्रदर्शनकलाओं, संग्रहालयों और पुरा लेख सेलों का विकास

आयोग ललित कलाओं के विकास और प्रदर्शन कलाओं, संग्रहालयों, पुरालेख सेलों/वास्तुकला अध्ययनों और वास्तुकला तथा संग्रहालय/विज्ञान पाठ्यक्रमों जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा देने में काफी रूचि ले रहा है ।

वर्ष 1990-91 के दौरान इन कार्यक्रमों के लिए रू. 7.72 लाख का अनुदान दिया गया ।

6.12 विकासशील देशों का अध्ययन केन्द्र

वर्ष 1987-88 में स्थापित विकासशील देशों के सामाजिक-आर्थिक अध्ययन केन्द्र के लिए आयोग जामिया मिलिया इस्लामिया को सहायता प्रदान कर रहा है । पहले

चरण में यह सहायता पांच वर्ष के लिए है और इसमें स्टाफ, स्थान, संगोष्ठियों, आकस्मिक खर्च, पुस्तकों और पत्रिकाओं का अनुमोदन शामिल है ।

यह केन्द्र विकासशील देशों में योजना और सामाजिक-आर्थिक विकास की नीतियों के अनुसंधान-अध्ययन का संवर्धन करने में लगा हुआ है । यह आर्थिक और सामाजिक विकास के केस-अध्ययनों का पता लगाता है और उन्हें प्रलेखित करता है और नियोजन तथा विकास-प्रक्रिया के लिए स्थापित संस्थागत आंतरिक संरचना की जांच करता है । यह विभिन्न देशों में पर्यावरण के अनुकूल उचित विकास के वैकल्पिक माडल विकसित करने में सहायता प्रदान करता है और विकासशील देशों में सामाजिक-आर्थिक विकास का अध्ययन करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियां, कार्यशालाएं आदि आयोजित करता है ।

6.13 वैज्ञानिक समाजवाद केन्द्र

आयोग ने नागार्जुन विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित वैज्ञानिक समाजवाद केन्द्र को शिक्षण स्टाफ, अनुसंधान स्टाफ पुस्तकों और पत्रिकाओं, संगोष्ठियों, सम्मेलनों, प्रकाशन, अतिरिक्त स्थान, आकस्मिक खर्च आदि के संबंध में सहायता देना जारी रखा ।

6.14 क्षेत्रीय अध्ययन केन्द्र (भंजा साहित्य)

आयोग बरहामपुर विश्वविद्यालय के उड़िया विभाग में स्थापित क्षेत्रीय अध्ययन केन्द्र - भंजा साहित्य को सहायता प्रदान करता रहा है । संकाय में नियुक्ति के लिए और पुस्तकों, पत्रिकाओं और उपस्करों को खरीदने के लिए इस केन्द्र को पांच वर्ष तक सहायता प्रदान करने के लिए आयोग सहमत हो गया है । यह केन्द्र क्षेत्रीय साहित्य विशेष रूप से उपेन्द्र भंजा साहित्य से संबंधित शोध सामग्री को जुटाने और भंजा साहित्य पर शोध कार्य करने में लगा हुआ है ।

6.15 मणिपुरी अध्ययन और अनुसंधान तथा जनजातीय अनुसंधान केन्द्र

आयोग मणिपुर विश्वविद्यालय, इम्फाल में पिछले वर्ष [illegible]ापित दो केन्द्रों, अर्थात मणिपुरी अध्ययन और अनुसंधान केन्द्र और जनजातीय अध्ययन केन्द्र को भी सहायता प्रदान करता रहा है । मणिपुरी अध्ययन तथा अनुसंधान केन्द्र में मणिपुरी भाषा और साहित्य, भाषाविज्ञान, मणिपुरी संस्कृति, मणिपुरी लोककथा, पांडुलिपि-विज्ञान और कोष विज्ञान पर शोधकार्य हो रहा है जबकि जनजातीय अनुसंधान केन्द्र में मणिपुर की जनजातियों के सामाजिक-राजनैतिक पहलू, मणिपुर का नृजाति इतिहास,(जनजातीय जनांकिकीय और जनजातीय भूमि-व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए) जन्-जातियों का आर्थिक विकास और जनजातियों में परस्पर संपर्क जैसी अंतर-विषयक अनुसंधान परियोजनाओं पर काम हो रहा है ।

6.16 विकलांग बच्चों के शिक्षण के लिए शिक्षकों को विशेष शिक्षा

आयोग विकलांग बच्चों के शिक्षण के लिए शिक्षकों के हेतु विशेष शिक्षा पाठ्यक्रम चलाने के लिए विश्वविद्यालयों/संस्थाओं को सहायता प्रदान करता रहा है । 31-3-1991 को स्थिति के अनुसार इस कार्यक्रम के अधीन उपस्करों, स्टाफ, पुस्तकों और पत्रिकाओं की व्यवस्था करने के लिए सात विश्वविद्यालयों और दो कालेजों को सहायता प्रदान की जा रही थी ।

6.17 पत्रिकाओं के प्रकाशन के लिए सहायता

(क) विज्ञान शिक्षा में पत्रिकाएं

सन् 1984 से आयोग मैकमिलन इंडिया लि., मद्रास के जरिए जैव शिक्षा, रसायन शिक्षा, भौतिकी शिक्षा और गणितीय शिक्षा में त्रैमासिक पत्रिकाओं के प्रकाशन में सहायता देता रहा है । प्रत्येक पत्रिका के संपादक-मंडल की सलाह पर पत्रिकाएं प्रकाशित की जा रही है । इन पत्रिकाओं में ऐसे लेख छापे जाते हैं जो ऐसे क्षेत्रों में शिक्षा और अनुसंधान की वर्तमान प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालते हैं जो पूर्व-स्नातक और स्नातकोत्तर स्तरों पर विभिन्न विषयों के शिक्षण में नया उत्साह जगाते हो । ये पत्रिकाएं शिक्षण, नई पाठ्यचर्या और शैक्षिक प्रौद्योगिकी में नए विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक मंच भी तैयार करती है । आयोग द्वारा गठित समितियों द्वारा समय-समय पर इसकी प्रगति की समीक्षा की जाती है

(ख) मानविकी और समाज-विज्ञान में पत्रिकाएं

आयोग मानविकी और समाज विज्ञान में भी पत्रिकाओं के प्रकाशन में सहायता प्रदान करता रहा है । यह अनुदान एक विशेष विषय या अंतर-विषयक आधार पर विभाग/संस्था द्वारा निकाली गई अंग्रेजी या क्षेत्रीय भाषाओं की अनुसधान पत्रिकाओं के प्रकाशन के लिए दिया जाता है । इस योजना का उद्देश्य पत्रिकाओं के स्तर में सुधार लाने और इनके नियमित रूप से प्रकाशित करने के लिए विश्वविद्यालय/विभाग को सहायता प्रदान करता है ।

इस योजना के अधीन वार्षिक खर्च को पूरा करने के लिए पांच वर्षो तक प्रति वर्ष अधिक से अधिक रू. 5000/- का अनुदान दिया जाता है ।

6.18 विज्ञान शिक्षा केन्द्र

विज्ञान शिक्षा केन्द्र का मुख्य उद्देश्य जनसाधारण में विज्ञान को लोकप्रिय बनाना है । विज्ञान शिक्षा केन्द्र का उद्देश्य सभी संचार-साधनों के जरिए विश्वविद्यालय और स्कूल स्तर पर विज्ञान शिक्षा के सुधार के लिए और विज्ञान एवं वैज्ञानिक मामलों में व्यापक रूचि पैदा करने के लिए विचारों और सामग्रियों को तैयार करना है । इन केन्द्रों द्वारा हाथ में लिए गए प्रमुख कार्यकलापों का उल्लेख वर्ष 1989-90 की रिपोर्ट में किया गया है ।

आजकल आयोग निम्नलिखित विश्वविद्यालयों को अनुदान प्रदान कर रहा है जिन्होंने इस प्रकार के केन्द्र खोल रखे हैं :-

1. मदुरै कामराज विश्वविद्यालय
2. दिल्ली विश्वविद्यालय
3. गुजरात विद्यापीठ
4. राजस्थान विश्वविद्यालय

आयोग शिक्षण और शिक्षणेतर स्टाफ, पुस्तकों और पत्रिकाओं, उपस्करों की अभिकल्पना और निर्माण, रासायनिक पदार्थ और कांच के पात्र, आकस्मिक खर्च, यात्रा और दृश्य-श्रव्य सहायक साधनों के लिए अनुदान उपलब्ध कराता है ।

6.19 विश्वविद्यालय विज्ञान यंत्रीकरण केन्द्र (यू एस आई सी)

आधुनिक उपकरण अधिक से अधिक परिष्कृत होने के कारण मँहगे होते जा रहे हैं अतः उच्च शिक्षा प्रणाली के लिए उपलब्ध सीमित साधनों से मुक्त रूप से उपकरणें को खरीदना संभव नहीं है । अतः यह आवश्यक है कि इन्हें विश्वविद्यालय के एक सामान्य पूल में लाया जाए जिससे कि शिक्षण और उच्च अनुसंधान में इनका प्रयोग बेहतर ढंग से किया जा सके । इसके लिए उपयुक्त सुविधाओं और तकनिशियनों की एक सुनियोजित व्यवस्था होनी चाहिए और सभी शैक्षिक स्टाफ में परस्पर सहयोग होना चाहिए जिससे कि यंत्रीकरण के सभी पहलुओं में विश्वविद्यालय के शैक्षिक स्टाफ की सहायता की जा सके । इस प्रयोजन के लिए आयोग ने अलग-अलग विश्वविद्यालयों में यू एस आई सी की योजना लागू की थी । इस योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विश्वविद्यालयों

को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सहायता प्रदान करता है जहां विश्वविद्यालय के सभी प्रमुख उपकरणों को उनके अधिकतम उपयोग के लिए केन्द्रीकृत किया जा सकता है, जिनमें विभिन्न प्रकार के यंत्रों के निर्माण , मरम्मत और अनुरक्षण के लिए कार्यशालाएं हों जिनमें योग्य कार्मिक हों । इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न स्तरों पर जनशक्ति को प्रशिक्षित करना और उच्च शिक्षा प्रणाली में यंत्रीकरण के संवर्धन का प्रचार-प्रसार करना है ।

आयोग ने यू एस आई सी को सहायता प्रदान करने के लिए बंगलौर और बंबई में क्षेत्रीय यंत्रीकरण केन्द्र भी स्थापित किए हैं । आयोग्य स्टाफ के वेतन, उपस्करों, आकस्मिक खर्च और भवनों के लिए शत-प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान करता है । इस योजना के परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय में उपस्करों का उपयोग अब अधिक किया जा रहा है । यू एस आई सी के निष्पादन के आधार पर इनमें से कुछ को यू एक आई सी के स्तर-I से बढ़ाकर स्तर-II कर दिया गया है और स्तर-II से बढ़ाकर स्तर-III कर दिया गया है ।

31-3-1991 को आयोग ने यू एस आई केंन्द्रों की स्थापना के लिए 65 विश्वविद्यालयों को सहायता प्रदान कर रहा था ।

6.20 मूल्यपरक शिक्षा

समाज में आवश्यक मूल्यों के ह्रास पर और बढ़ती हुई कटुता पर चिन्ता व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) में पाठ्यचर्याओं के पुनः समायोजन पर ध्यान केंन्द्रित किया गया है ताकि शिक्षा को मूल्यपरक और सामाजिक तथा नैतिक मूल्यों के संवर्धन के लिए एक शक्तिशाली साधन बनाया जा सके । मूल्यपरक शिक्षा हमारी परंपराओं, राष्ट्रीय लक्ष्यों और सार्वभौमिक ज्ञानपर आधारित है । इस नीत में, पाठ्यचर्याओं, पाठ्यपुस्तकों, शिक्षकों के प्रशिक्षण और अभिविन्यास का पुनर्गठन करके और महिलाओं की सामाजिक स्थिति को ऊपर उठाकर नए मूल्यों के विकास में शिक्षा की सकारात्मक भूमिका की ओर भी ध्यान दिया गया है ।

तदनुसार, आयोग ने मूल्यपरक शिक्षा को उच्च प्राथमिकता दी है और यह इच्छा व्यक्त की है कि छात्रों में मूल्यों का विकास करने के लिए शिक्षकों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए जिससे कि छात्रों के व्यक्तित्व का समन्वित विकास हो सके । विशिष्ट मूल्य अलग-अलग क्षमताओं के अनुरूप होते हैं : शारीरिक शिक्षा, सौन्दर्य शिक्षा, मानसिक शिक्षा, आध्यात्मिक शिक्षा, आदि के अपने मूल्य हैं । आयोग का यह प्रयास रहा है कि इन मूल्यों का लागू करना शिक्षण-अधिनियम प्रकिया का एक अभिन्न अंग होना चाहिए । इसके

लिए पहले चरण में आयोग ने गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद में लागू करने के लिए मूल्यपरक शिक्षा से संबधित अध्ययन को हाथ में लेने के लिए एक परियोजना की मंजूरी दी है । इस मद में रखी गई रू. 5.04 लाख की राशि में से आयोग ने 1990-91 के अंत तक परियोजना के लिए गुजरात विद्यापीठ को रू. 2.5 लाख की राशि का भुगतान किया है ।

6.21 विश्वविद्यालयों और कालेजों में खेल-कूद आधारिक संरचना का विकास

वर्ष 1990-91 के दौरान आयोग ने विश्वविद्यालयों और कालेजों में खेलकूद आधारिक संरचना के सृजन और विकास के लिए रू. 371 लाख का अनुदान दिया ।

6.22 विश्वविद्यालयों और बहुसंकाय कालेजों में शारीरिक शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा और खेलकूद में तीन वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम

जैसाकि वर्ष 1989-90 की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है: शारीरिक शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा और खेल कूद में तीन वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम चलाने के लिए 20 विश्वविद्यालयों और 36 कालेजों को अनुमोदित किया गया है । फिर भी, वर्ष 1990-91 तक केवल 6 विश्वविद्यालय और 21 कालेज ही इस पाठ्यक्रम को शुरू कर सके जिन्हें आयोग वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है ।

6.23 भावी अध्ययन

आयोग वर्ष 1989 से पश्च-एम.टेक./एम.एस.सी. स्तर पर भावी अध्ययन के पाठ्यक्रमों के लिए सहायता प्रदान करता रहा है । 31 मार्च, 1991 के भावी अध्ययन का पाठ्यक्रम निम्नलिखित विश्वविद्यालयों में चलाया जा रहा था :

1. आंध्र विश्वविद्यालय
2. उस्मानिया विश्वविद्यालय
3. श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय
4. मदुरै कामराज विश्वविद्यालय

5. अन्नामलाई विश्वविद्यालय

6. पॉण्डिचेरी विश्वविद्यालय

7. केरल विश्वविद्यालय

8 भारतीदासन विश्वविद्यालय

9. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय

10. गांधीग्राम ग्रामीण संस्थान

आयोग शिक्षण स्टाफ, .भवन, उपस्करों, पुस्तकों और पत्रिकाओं, अभ्यागत संकाय और प्रासंगिक व्यय के लिए सहायता प्रदान करता है ।

6.24 क्षेत्र अध्ययन कार्यक्रम

इस कार्यक्रम के अंतर्गत आयोग भिन्न-भिन्न देशों और विश्व के क्षेत्रों विशेष रूप से उन देशों, जिनके साथ भारत के अच्छे संबंध हैं, के विभिन्न पहलुओं से संबंधित गहन अध्ययन करने के लिए चुनिंदा विश्वविद्यालयों को सहायता प्रदान करता है । इस कार्यक्रम का तिहरा उद्देश्य है जो इस प्रकार है :

i. दिए हुए क्षेत्र की समस्याओं और संस्कृति पर विशेष अध्ययन के छात्र-निकाय को प्रशिक्षित करना ।

ii. अंतर-विषयक अनुसंधान को विकसित करना ।

iii. एक तुलनात्मक और अंतर-विषयक आयाम लागू करके समाज विज्ञान के विषयों में शिक्षण और अनुसंधान विकसित करना ।

वर्ष 1990-91 के अंत तक 15 क्षेत्र अध्ययन केन्द्रों के विकास के लिए आयोग निम्नलिखित 14 विश्वविद्यालयों को सहायता प्रदान कर रहा था :

1.	अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय	-	पश्चिम एशिया अध्ययन केन्द्र
2.	बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय	-	नेपाल पर अध्ययन केन्द्र
3.	दिल्ली विश्वविद्यालय	-	चीनी और जापानी अध्ययन
4.	कलकत्ता विश्वविद्यालय	-	दक्षिण-पूर्व एशिया अध्ययन केन्द्र
5.	बंबई विश्वविद्यालय	-	(1) अफ्रीकी अध्ययन केन्द्र (2) रूसी अध्ययन केन्द्र
6.	मद्रास विश्वविद्यालय	-	दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया अध्ययन
7.	उस्मानिया विश्वविद्यालय	-	नगर विकास और प्रादेशिक नियोजन केन्द्र
8.	गोखले राजनीति-विज्ञान और अर्थशास्त्र संस्थान, पूना	-	यूरोपीय अध्ययन अर्थ शास्त्र केन्द्र
9.	राजस्थान विश्वविद्यालय	-	दक्षिण एशिया अध्ययन केन्द्र
10.	श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय	-	भारत-चीन अध्ययन केन्द्र
11.	जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय	- -	(1) खाड़ी अध्ययन केन्द्र (2) रूसी अध्ययन केन्द्र
12.	गोवा विश्वविद्यालय	-	लैटिन अमरीकी अध्ययन
13.	आंध्र विश्वविद्यालय	-	'सार्क' अध्ययन
14.	कश्मीर विश्वविद्यालय	-	मध्य एशिया अध्ययन केन्द्र

इन केन्द्रों को आयोग द्वारा 31-3-1993 को समाप्त होने वाली पांच वर्ष की अवधि के लिए अनुमोदित आवंटन में से शत-प्रतिशत सहायता दी जाती है । यह सहायता अतिरिक्त शैक्षिक स्टाफ, अध्येतावृतियों/छात्रवृतियों, पुस्तकालय-सुविधाओं में वृद्धि करने और शोध छात्रों को क्षेत्रीय अनुदान जिससे कि वे अपनी रूचि के क्षेत्रों का दौरा कर सकें और स्त्रोत साम्रगी का संग्रह करने तथा केन्द्रों पर छात्रों को आमंत्रित करने के लिए दी जाती है । समय-समय पर आयोग द्वारा इन केन्द्रों की कार्य-प्रणाली की समीक्षा की जाती है

6.25 जयंती/शताब्दी अनुदान

आयोग विश्वविद्यालयों को अपनी स्थापना का जयंती वर्ष और शताब्दी वर्ष मनाने के लिए सहायता प्रदान करता है । इस कार्य के लिए दी जाने वाली सहायता की राशि इस प्रकार है :-

(लाख रूपयों में)

क्रम संख्या	समारोह	सहायता-स्तर
1.	स्थापना के 100 वर्ष पूरा होने पर शताब्दी वर्ष के अवसर पर	100
2.	स्थापना के 75 वर्ष पूरा होने पर प्लेटिनम जयंती के अवसर पर	25
3.	स्थापना के 60 वर्ष पूरा होने पर हीरक जंयती के अवसर पर	20
4.	स्थापना के 50 वर्ष पूरा होने पर स्वर्ण जयंती के अवसर पर	10

इन कार्यों के लिए आयोग शत-प्रतिशत सहायता प्रदान करता है और यह सहायता उत्कृष्ट और या स्मारक प्रकार के सार्थक कार्यद्रमों के लिए उपलब्ध कराई जाती है ।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक प्रस्ताव का मूल्यांकन आयोग द्वारा गुणावगुण के आधार पर किया जाता है ।

वर्ष 1990-91 के दौरान इस कार्य के लिए रू. 30 लाख के अनुदान जारी किए गए ।

6.26 कुलपति सम्मेलन (1990)

ए आई यू कुलपति सम्मेलन के बाद जोकि 8-9 अक्टूबर, 1990 का अहमदाबाद में आयोजित हुआ था, 10 अक्टूबर, 1990 को गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद में कुलपतियों का वार्षिक वि. अ. आ. सम्मेलन आयोजित किया गया । इस सम्मेलन का मुख्य विषय था - 'दूरवर्ती शिक्षा का संवर्धन' । इस सम्मेलन में चार बड़े-बड़े मामलों, जैसे दूरवर्ती शिक्षा की स्थिति, दूरवर्ती शिक्षा का संवर्धन, दूरवर्ती शिक्षा का समन्वय और नेट कार्य-प्रणाली और दूरवर्ती शिक्षा के स्तर का अनुरक्षण, पर चर्चा की गई । उपर्युक्त सभी विषयों पर विश्वविद्यालयों के कुलपतियों द्वारा गठित उप-ग्रुपों द्वारा चर्चा की गई और समापन-सत्र में ग्रुप रिपोर्टों पर चर्चा की गई ।

सम्मेलन की मुख्य सिफारिशें ये थीं :

1. विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा प्रस्तावित दूरवर्ती शिक्षा की गुणवत्ता और इन विश्वविद्यालयों द्वारा अपने विद्यार्थियों को उपलब्ध पाठ्य-सामग्री की समीक्षा करने की आवश्यकता है ।

2. देश में दूरवर्ती शिक्षा कार्यक्रम का समन्वय करने के लिए दूरवर्ती शिक्षा परिषद् स्थापित करना वांछनीय है ।

3. यह महसूस किया गया कि उच्च शिक्षा बजट की कम से कम 6 प्रतिशत राशि दूरवर्ती शिक्षा को उपलब्ध कराई जानी चाहिए और पठन-सामग्री की पूर्ति दृश्य-श्रव्य सामग्री से की जानी चाहिए ।

4. औपचारिक प्रणाली पर दबाव कम करने के लिए दूरवर्ती शिक्षा कार्यक्रम का विस्तार करना होगा तथा उसका पर्याप्त संवर्धन करना होगा ।

5. विभिन्न क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सहायता प्रदान करने वाले मुक्त विश्वविद्यालयों द्वारा राज्य-स्तर पर दूरवर्ती शिक्षा कार्यक्रम को बढ़ावा दिया जाना चाहिए ।

6. पाठ्यक्रम विविध प्रकार के हो सकते हैं और साथ ही वे इतने लचीले होने चाहिए ताकि रोजगार की दृष्टि से यह काफी संगत बन सकें ।

7. औपचारिक शिक्षा प्रणाली और दूरवर्ती शिक्षा प्रणाली के बीच योग्यता-अंतरण की एक प्रक्रिया होनी चाहिए और इस उद्देश्य के लिए क्रेडिट प्रणाली के अंतरण को शामिल किया जा सकता है । उपलब्ध साधनों का इष्टतम उपयोग करने के संबंध में पाठ्य सामग्री के निर्माण और दृश्य-श्रव्य टेपों आदि जैसी अन्य सहायता- सुविधाओं के लिए संसाधन केन्द्र का होना आवश्यक हो सकता है ।

8. मुक्त विश्वविद्यालय प्रणाली/दूरवर्ती शिक्षा केन्द्रों में काम करने वालों, जैसे शिक्षकों, प्रशासकों को दूरवर्ती शिक्षा की नई प्रणालियों में प्रशिक्षित किया जा सकता है ।

दूरवर्ती शिक्षा प्रदान करने वाली विभिन्न संस्थाओं के बीच समन्वय प्रणाली की वर्तमान स्थिति के बारे में गहन चर्चा हुई । इसमें शीर्षस्थ निकाय के रूप में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की, जिसे दूरवर्ती शिक्षा के स्तर को बनाए रखने और समन्वय करने का अधिकार प्राप्त है, भूमिका पर भी चर्चा की गई । यह सुझाव दिया गया कि चूँकि उच्च शिक्षा के स्तर को बनाए रखने और उसे निर्धारित करने के संबंध में वि. अ. आ. का कार्यकरण इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के अधिनियम के साथ परस्परव्यापी है, इसलिए यह उपयुक्त होगा कि दूरवर्ती शिक्षा के स्तर को बनाए रखने और समन्वय करने की प्रणाली का निरीक्षण करने के लिए इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में काम करने वाले व्यक्तियों और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रतिनिधियों की एक समिति गठित की जाए ।

खंड - 7

कालेजों को विकास सहायता

7.01 चूँकि कालेज क्षेत्रक में छात्रों का नामांकन पूर्व-स्नातक स्तर पर 85 प्रतिशत तथा स्नातकोत्तर स्तर पर 55 प्रतिशत से भी अधिक है, अतः आयोग ने उनके विकास पर सबसे अधिक ध्यान दिया है । कालेज क्षेत्रक वांछित स्तर बनाए रखने, सुविधाओं के इष्टतम उपयोग को सुनिश्चित करने, नवाचार तथा परिवर्तन को बढ़ावा देने, शिक्षा को उभरते हुए व्यावसयिक पैटर्न के साथ जोड़ने तथा समाज के कमजोर वर्गों, विशेषतः अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों और देश के शैक्षिक रूप से पिछड़े हुए क्षेत्रों को शिक्षा के समान अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।

7.02 आठवीं योजना में कालेजों के विकास कार्यक्रम-संबंधी प्रस्ताव तैयार करने के लिए दिशा-निर्देश

आठवीं योजना की अवधि के दौरान कालेजों में पूर्व-स्नातक और स्नातकोत्तर शिक्षा के विकास के लिए तैयार की गई आयोग की नीति का आधार इस प्रकार है :

(i) आठवीं योजना में उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय संसाधन सीमित हैं अतः कालेजों की विकास संबंधी आवश्यकताओं को सावधानी से पहचानना-समझना होगा । संसाधनों का प्रयोग मुख्यतः ऐसे कार्यक्रमों के लिए करना होगा जो कालेजों में मानविकी और सामाजिक विज्ञानों, विज्ञानों, वाणिज्य आदि के पूर्व-स्नातक पाठ्क्रमों के आधुनिकीकरण और विविधता के माध्यम से शिक्षा के स्तर में सुधार पर उल्लेखनीय प्रभाव डाल सकें ।

(ii) उच्च शिक्षा के इच्छुक अधिकांश छात्रों के लिए प्रथम डिग्री स्तर संभवतः अंतिम होगा । अतः न केवल छात्रों के लिए, बल्कि स्थानीय, क्षेत्रीय तथा राष्ट्रीय आवश्यकताओं के लिए और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए भी डिग्री पाठ्यक्रमों को सुदृढ़ करना, पुनर्गठित करना तथा विविधतापूर्ण बनाना जरूरी है । छात्रों को अपनी रूचि और सामर्थ्य के अनुसार पाठ्यक्रम चुनने की पर्याप्त स्वतंत्रता देना चाहिए ।

(iii) छात्रों के कम नामांकन और अपर्याप्त सुविधाओं वाले जो बहुत-से अव्यवहार्य कालेज पिछले दिनों खुले हैं, उसे हतोत्साहित करना चाहिए । नये कालेज, अपवादस्वरूप, शैक्षिक रूप से पिछड़े हुए ऐसे क्षेत्रों में खोलने चाहिए जहां उच्च शिक्षा की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं ।

आठवीं योजना में कालेजों के विकास की आयोग की नीति के चार मुख्य आधार थे (क) शिक्षा के स्तर और कोटि में सुधार (ख) उच्च शिक्षा सुविधाओं में असमानताएं और क्षेत्रीय असंतुलन दूर करना, (ग) पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन और विविधता: तथा (घ) योग्य कालेजों को स्वायत्तता प्रदान करना ।

इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आयोग ऐसे कालेजों की सहायता करेगा जो न्यूनतम योग्यता की शर्तों को पूरा करते हों और जिनके पास आवश्यक व्यवहार्यता तथा क्षमता हो । ये कालेज ऐसे होने चाहिए जो अपनी पुस्तकों, पत्रिकाओं, पुस्तक बैंकों आदि की मूल आवश्यकताओं की पूर्ति के प्रयासों में जुटे हों । साथ ही, इन कालेजों को समाज के कमजोर वर्गों के छात्रों के लिए उपचारी पाठ्यक्रम, विस्तार कार्यक्रम, परीक्षा सुधार तथा भारत में होने वाली शैक्षिक कान्फ्रेन्सों, कार्यशालाओं / सेमिनारों में शिक्षकों की भागीदारी में प्रयत्नशील होना चाहिए । असमानता और क्षेत्रीय असंतुलन दूर करने के लिए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रों की आवश्यकताओं को पूरा करने वाले तथा पिछड़े हुए/ग्रामीण/सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित कालेजों के गहन विकास के लिए सहायता प्रदान की जाएगी । तत्संबंधी विस्तृत निर्देश तथा सहायता का पैटर्न परिशिष्ट -XXVII में दिए गए हैं ।

7.03 कालेज विकास परिषदें

कालेज विकास परिषद संबद्ध विश्वविद्यालय तथा आयोग के बीच इस बात को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी का काम करती है कि कालेज क्षेत्रक के लिए शुरू की गई आयोग की योजनाओं का कार्यान्वयन उचित रूप से किया जा रहा है और संबद्ध कालेजों की समुचित योजना तैयार की जा रही है तथा उनका समुचित विकास किया जा रहा है । परिषद में ये लोग शामिल हो सकते हैं : संबंधित विश्वविद्यालय का कुलपति, समन्वयक / निदेशक / परिषद का डीन, विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों के, विशेषत:, कुछ वे शिक्षक जिन्होंने कासिफ/कोहसिप आदि ग्रहण किए हैं, संबद्ध कालेजों के कुछ प्रिंसिपल तथा राज्य सरकार का प्रतिनिधि । परिषद में सदस्यों की संख्या 30 से अधिक नहीं होनी चाहिए । सातवीं योजना के शुरू होने के समय से लागू संशोधित मार्ग-निर्देशों के अनुसार इन परिषदों के लिए आयोग की सहायता 31 मार्च, 1990 तक

थीं । वर्ष 1989-90 के दौरान आयोग ने 31 मार्च, 1990 के बाद भी इन परिषदों की सहायता जारी रखने के प्रश्न पर विचार किया । आयोग ने यह भी इच्छा व्यक्त की कि विश्वविद्यालयों को संबंधित राज्य सरकारों से 31 मार्च, 1995 के बाद दायित्व ग्रहण करने के बारे में आश्वासन ले लेना चाहिए । आश्वासन प्राप्त होने पर, आयोग सहायता की अवधि 31 मार्च, 1995 तक बढ़ा सकता है ।

वर्ष 1990-91 के दौरान इस योजना के अधीन रू. 18.39 लाख के अनुदान जारी किए गए ।

7.04 सामान्य विकास के लिए अनुदान

वर्ष 1986-87 से 1990-91 तक की अवधि के दौरान कालेजों को सामान्य विकास और अन्य योजनाओं के लिए दिए गए अनुदानों का ब्यौरा सारणी 7.1 में दिया गया है :

सारणी 7.1

सामान्य विकास तथा अन्य योजनाओं के लिए कालेजों को दिए गए अनुदान+

(लाख रूपयों में)

क्र. सं.	योजना का नाम	1986-87	1987-88	1988-89	1989-90	1990-91
1.	संबद्ध कालेजों का विकास	2670.39#	2808.58#	3334.10	2386.59	2096.52#
2.	कालेज विज्ञान सुधार कार्यक्रम	40.00++	56.00++	38.60++	27.99	36.05++
3.	कालेज मानविकी तथा समाज विज्ञान सुधार कार्यक्रम	189.97++	161.15++	116.25++	173.52++	144.12++
4.	शताब्दी समारोह अनुदान	20.57	50.00	--	12.00	--

\+ वर्ष 1990-91 के दौरान कालेजों को प्रदत्त विकास अनुदानों को राज्यवार विविरण परिशिष्ट- XXVIII में दिया गया है ।

\# इसमें पूर्व-स्नातक/स्नातकोत्तर कालेजों, एकल शिक्षक वर्ग कालेजों की और बेसिक सहायता शामिल है ।

++ इसमें यू एल पी भी शामिल है ।

टिप्पणी: ऊपर क्रम सं. 1 में संबद्ध कालेजों के विकास के लिए दिखाए गए अनुदान में पुस्तकालयों के विकास के लिए विशेष सहायता के रूप में 1989-90 (18.75 लाख रू.) और 1990-91 (5.75 लाख रू.) में दिया गया एकमुश्त अनुदान शामिल नहीं है ।

7.05 स्वायत्त कालेज

आयोग ने अपनी स्वायत्त कालेजों की योजना के माध्यम से स्वायत्ता की संकल्पना को बढ़ावा और प्रोत्साहन देना जारी रखा । सतत अनुवर्ती कार्रवाई के परिणामस्वरूप आलोच्य वर्ष के दौरान तीन और कालेजों को स्वायत्ता का दर्जा प्रदान किया गया । इस प्रकार 31 मार्च 1991 तक ऐसे कालेजों की कुल संख्या बढ़ कर 106 हो गई । आलोच्य वर्ष के दौरान स्वायत्त कालेजों का दायरा बढ़ाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए :

(i) जागरूकता पैदा करने के लिए विश्वविद्यालयों और नीपा में हुए अनेक सेमिनारों के लिए सहायता प्रदान की गई ।

(ii) विश्वविद्यालयों द्वारा कालेजों को स्वायत्तता प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालयों अधिनियमों में सुधार करने तथा विश्वविद्यालयों द्वारा तैयार की गई संविधि को शीघ्र अनुमोदन करने के लिए राज्य सरकारों से बातचीत जारी रही ।

(iii) कालेजों को स्वायत्त दर्जा प्रदान करने के लिए संविधि तैयार करने में शीघ्रता करने तथा स्थायी समिति द्वारा प्रस्तावों की शीघ्र परीक्षा कराने के लिए विश्वविद्यालयों पर जोर डाला गया ।

स्वायत्त कालेजों की योजना के कार्यान्वयन के संबंध में सलाह देने तथा परिवीक्षण करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है । आयोग ने स्वायत्त कालेजों का सुचारू कार्य-संचालन सुनिश्चित करने के लिए तथा उनकी साख बनाए रखने के लिए, आलोच्य वर्ष में निम्नलिखित कार्यवाई की :

(i) स्वायत्त कालेजों से अनुरोध किया गया कि वे अपनी उपलब्धियों, शैक्षिक नवाचार आदि की परिचायक वार्षिक रिपोर्टें प्रकाशित करें ताकि उनके कार्य और उत्तरदायित्व का मूल्यांकन हो सके ।

(ii) विश्वविद्यालयों को सलाह दी गई कि वे स्वायत्त कालेजों के प्रिंसिपलों के साथ छमाही बैठकें करके समन्वय संबंधी मामलों को हल करें ।

(iii) राज्य सरकारों से कुलपतियों और कुछ स्वायत्त कालेजों के प्रिंसिपलों की समन्वय समिति गठित करने का अनुरोध किया गया ताकि स्वायत्त कालेज उचित रूप से विकास कर सकें ।

7.06 दिल्ली के कालेजों को योजनागत सहायता

वर्ष 1990-91 के दौरान दिल्ली के कालेजों को प्रदत्त योजनागत सहायता इस प्रकार थी :

(क) 'पूर्वस्नातक पाठ्यक्रमों के पुनर्गठन' की योजना के कार्यान्वयन के लिए 8 कालेजों को रू. 23.18 लाख की राशि प्रदान की गई ।

(ख) 'बेसिक सहायता' योजना के अंतर्गत दिल्ली के चार कालेजों को रू. 4.18 लाख की राशि दी गई जिसका ब्यौरा इस प्रकार है :

(1)	पुस्तकें और पत्रिकाएं	रू. 1.45	लाख
(2)	उपस्कर	रू. 2.73	लाख

(ग) 'पूर्वस्नातक शिक्षा-विकास' योजना के अंतर्गत पुस्तकों और पत्रिकाओं, उपस्कर और भवनों के लिए रू. 50.55 लाख की राशि दी गई जिसका ब्यौरा इस प्रकार है :

(1)	पुस्तकें और पत्रिकाएं	रू. 16.56	लाख
(2)	उपस्कर	रू. 18.36	लाख
(3)	भवन	रू. 15.63	लाख

(घ) शैक्षिक भवनों के निर्माण/विस्तार के लिए 17 कालेजों को रू. 155.79 लाख की राशि दी गई ।

(ड.) विदेशों में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों/संगोष्ठियों /विचार गोष्ठियों में भाग लेने के लिए शिक्षकों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हवाई यात्रा, यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता आदि पर किए गए व्यय का 50 प्रतिशत भाग पूरा करने के लिए 33 कालेजों को रू. 9.86 लाख की राशि दी गई ।

7.07 शताब्दी समारोह अनुदान

आयोग कालेजों को उनकी स्थापना के 100 वर्ष और 150 वर्ष पूरा होने पर किए जाने वाले समारोहों के लिए क्रमशः रू. 25 लाख और रू. 30 लाख की सहायता देता है ।

इस प्रयोजन के लिए आयोग संस्मारक प्रकृति के सार्थक कार्यक्रमों के लिए शत प्रतिशत आधार पर सहायता देता है । आयोग द्वारा प्रत्येक प्रस्ताव का मूल्यांकन उसके गुणों के आधार पर किया जाता है ।

खंड - 8
विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाओं का विकास

8.01 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 3 में यह व्यवस्था है कि विश्वविद्यालय के अतिरिक्त उच्च शिक्षा की किसी ऐसी संस्था को 'विश्वविद्यालय मानी गई संस्था' घोषित किया जा सकता है जो अधिक विशिष्ट एवं सीमित कार्य कर रही हो, जिसका कार्यक्षेत्र सीमित हो और शैक्षिक क्षेत्र में उच्च स्तरीय कार्य कर रही हो । विश्वविद्यालय मानी गई संस्था का स्तर तथा उसके विशेषाधिकार विश्वविद्यालय के समान ही होते हैं और सामान्यतः उससे यह अपेक्षा की जाती है कि वह सामान्य प्रकार के बहु-संकाय विश्वविद्यालय बनने के बदले विशेषज्ञता के क्षेत्र में अपनी गतिविधियों को सुदृढ़ करेगी ।

8.02 वर्ष 1990-91 के दौरान जैन विश्व भारतीय संस्थान, लाडनूं (राज.) को 'विश्वविद्यालय मानी गई संस्था' का दर्जा प्रदान किया गया । इस प्रकार 31 मार्च, 1991 को विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाओं की कुल संख्या 29 थी । इन संस्थाओं की सूची सारणी 8.1 में दी गई है जिसमें उनके नामांकन, स्थापना वर्ष और विश्वविद्यालय मानी गई संस्था के रूप में उनके मान्यता वर्ष से संबंधित विवरण दिया गया है :

सारणी 8.1

क्र. सं.	संस्था का नाम	स्थापना वर्ष	मान्यता प्राप्ति का वर्ष	1990-91 में नामांकन
1	2	3	4	5
1.	भारतीय विज्ञान संस्थान (बंगलौर)	1909	1958	1457
2.	भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (नई दिल्ली)	1905	1958	698
3.	गुरुकुल कांगड़ी विश्व-विद्यालय (हरिद्वार)	1900	1962	850+

सारणी 8.1 (क्रमशः)

1	2	3	4	5
4.	गुजरात विद्यापीठ (अहमदाबाद)	1920	1963	920
5.	टाटा समाज-विज्ञान संस्थान (बंबई)	1936	1964	252
6.	बिरला प्रौद्योगिकी तथा विज्ञान संस्थान (पिलानी)	1964	1964	3096
7.	केन्द्रीय अंग्रेजी तथा विदेशी भाषा संस्थान (हैदराबाद)	1958	1973	1671
8.	भारतीय खान स्कूल (धनबाद)	1926	1967	315
9.	गांधीग्राम ग्राम्य संस्थान (गांधीग्राम)	1956	1976	1268
10.	आयोजना और वास्तुकला विद्यालय (नई दिल्ली)	1959	1979	653
11.	दयालबाग शिक्षण संस्थान (आगरा)	1973	1981	1991
12.	श्री सत्य साई उच्च शिक्षा संस्थान (प्रशांति निलयम)	1981	1981	867

सारणी 8.1 (क्रमशः)

1	2	3	4	5
13.	वनस्थली विद्यापीठ (वनस्थली)	1935	1983	1491
14.	भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान (इज्जत नगर)	1913	1983	147
15.	अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (बंबई)	1956	1985	76
16.	थापर इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी संस्थान (पटियाला)	1956	1985	996
17.	बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा (रांची)	1955	1985	1467
18.	राजस्थान विद्यापीठ (उदयपुर)	1937	1987	लागू नहीं
19.	तिलक महाराष्ट्र विद्यापीठ (पुणे)	1921	1987	4947
20.	राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ (तिरुपति)	लागू नहीं	1987	लागू नहीं

सारणी 8.1 (क्रमशः)

1	2	3	4	5
21.	श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय विद्यापीठ (नई दिल्ली)	1962	1987	695
22.	अविनाशीलिंगम महिला गृहविज्ञान तथा उच्च शिक्षा संस्थान (कोयम्बतूर)	1957	1988	2299
23.	राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान करनाल (हरयाणा)	1957	1989	318
24.	केन्द्रीय तिब्बती उच्च अध्ययन संस्थान, सारनाथ, वाराणासी (उ. प्र.)	1967	1989	48
25.	केन्द्रीय मीन उद्योग शिक्षा संस्थान, बरसोवा, बंबई	1961	1989	90
26.	कला इतिहास, संरक्षण तथा संग्रहालय विज्ञान संस्थान, राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान, नई दिल्ली	1989	1989	205
27.	डक्कन कालेज पोस्ट-ग्रेजुएट एंड अनुसंधान संस्थान, पुणे	1939	1990	118

सारणी 8.1 (क्रमशः)

1	2	3	4	5
28.	जामिया हमदर्द, नई दिल्ली	1962	1989	लागू नहीं
29.	जैन विश्वभारती संस्थान, लाडनूं	1991	1991	37

+ इसमें एम. ए. / एम. एससी के 160 प्राईवेट छात्र भी शामिल हैं ।

8.03 अनुरक्षण अनुदान

वर्ष 1986-87 से 1990-91 तक के दौरान विश्वविद्यालय मानी गई संस्थानों को दिया गया अनुदान सारणी 8.2 में दिया जा रहा है ।

सारणी 8.2

(दिया गया अनुदान - लाख रुपयों में)

	1986-87	1987-88	1988-89	1989-90	1990-91
विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाएं	1954.03	2490.00	2568.72 6.53+	2475.75	2983.01

+समायोजन द्वारा

8.04 मुख्य उपलब्धियां

वर्ष 1990-91 के दौरान विश्वविद्यालय मानी गई 18 संस्थाओं की मुख्य उपलब्धियाँ और कार्यक्रम इस प्रकार हैं :

(i) भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलौर :

यह संस्थान कम्प्यूटर विज्ञान तथा स्वचालन, विदूयुत संचार इंजीनियरी, विदूयुत इंजीनियरी, उच्च वोल्टता इंजीनियरी, वायु आकाश इंजीनियरी, रासायनिक इंजीनियरी, सिविल इंजीनियरी, यांत्रिक इंजीनियरी, धातु विज्ञान विभागों में 1½ वर्ष का मास्टर आफ इंजीनियरी डिग्री कार्यक्रम तथा प्रबंध अध्ययन, उपकरण प्रौदूयोगिकी विभाग और इलेक्ट्रोनिक डिजाइन तथा प्रौदूयोगिकी केन्द्र में मास्टर आफ टैक्नालाजी प्रोग्राम का कार्यक्रम संचालित करता है ।

विदूयुत संचार इंजीनियरी, विदूयुत इंजीनियरी, यांत्रिक इंजीनियरी, धातु विज्ञान और कम्प्यूटर विज्ञान तथा स्वचालन विभागों में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विज्ञान स्नातकों के लिए चार वर्ष का मास्टर आफ इंजीनियरी (समेकित) कार्यक्रम संचालित किया जाता है ।

संस्थान ने वर्ष 1990-91 में रसायन विज्ञान में समेक्ति पी-एच.डी. कार्य भी शुरू किया ।

संस्थान में चल रहे कई अनुसंधान कार्य, सामान्यतः परस्पर संबद्ध हैं ।

शैक्षिक वर्ष 1990-91 में विशेष अनुसंधान कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित क्षेत्रों में दाखिले किए गए :

विभाग	क्षेत्र
ईसी	समाकलित प्रकाशिकी के लिए प्रकाशिक तरंग पथ निर्धारित ।
एम टी	नैनोफेज़ द्रव्यों की उत्पत्ति और उनमें पृष्ठ तथा अंतरापृष्ठ प्रभावों पर अध्ययन ।
एम टी	ठोस अवस्था सेन्सर ।
एम टी	अधिवोल्टता विरोध के लिए जिंक आक्साइड मिश्रों के लक्षण ।
एम टी टी	पुनः क्रिस्टलन तथा क्रिस्टलन के दौरान सूक्ष्म संरचनात्मक विकास : अनुरूपण

तथा वैद्यूीकरण ।

संस्थान ने सामयिक रूचि के विषयों पर वीडियो लेक्चरो के टेप बनाने का काम शुरू किया । अब तक शामिल किए गए विषय हैं : फिफ्थ जेनरेशन कम्प्यूटर प्रणाली, फिफ्थ जेनरेशन कम्प्यूटर प्रणाली के लिए टेक्नालाजी, अतिचालकता पदार्थ और उपयोग, सुपर कंम्प्यूटर्स, रामानुजन गणित, थाइरिस्टर, परेलल कम्प्यूटिग डिजिटल सिगनल प्रोसेसिंग, पर्सनल कम्प्यूटर, औद्योगिक शोर नियंत्रण, आटोमेटिव शोर नियंत्रण, डिजाइन आफ हीट एक्सचेंजर्स आदि । इन विषयों में रूचि रखने वाले व्यक्तियों तथा संस्थाओं को टेप उपलब्ध कराने के लिए कार्रवाई शुरू की जा चुकी है । छह लैक्चर टेप भुगतान के आधार पर वितरण के लिए तैयार हैं । ग्रामीण समुदाय को गरम पानी की पूर्ति करने के लिए मसूर (उत्तर कन्नड़ जिला में कुमटा के पास) में एक 400 एम² के सौर जलाशय का निमार्ण किया गया है । इस जलाशय का तापमान 80°सें तक पहुंच चुका है । इससे समय-समय पर सौर जलाशय के संचालन की व्यवहार्यता स्पष्ट हुई है ।

(ii) बिरला प्रौद्योगिकी तथा विज्ञान संस्थान, पिलानी (राजस्थान) :

संस्थान ने वर्ष भर चलने वाले अपने रजत जयन्ती समारोह का समापन 9 सितंबर, 1990 को किया । इस अवसर पर भारत के राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमण मुख्य अतिथि थे । राष्ट्रपति ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा सहायता प्राप्त "शैक्षिक नवाचार तथा संस्थागत विकास अनुसंधान केंन्द्र" का उद्घाटन किया और "एन इम्प्रोबेबल एचीवमेंट : बिट्स - ए प्रोफाइल आफ चेंज" नामक पुस्तक का विमोचन किया । वर्ष के दौरान व्यवसाय विद्यालय (पी.एस.) टेक्नालाजी नवाचार केंद्र (टी.आई. सी.), परिसर-बाहय पी-एच.डी. और दूरवर्ती शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से संस्थान के विश्वविद्यालय-उद्योग संबंध और भी सुदृढ़ हुए । छात्रों को अच्छी परियोजनाएं मुहैया कराने के विचार से व्यवसाय विद्यालय कार्यक्रम का विस्तार राष्ट्रीय से अंतर्राष्ट्रीय योजनाओं तक किया गया । जीव विज्ञानों और फार्मेसी के छात्रों के लिए यूनिफार्म सर्विसेज़ यूनिवर्सिटी आफ हैल्थ साइन्सिज (यू एस यू एच एस) , बेहेसूडा, मेरीलेंड, यू. एस.ए. में एक नया व्यवसाय-विद्यालय खोला गया था । शिक्षकों के आदान-प्रदान और अनुसंधान परियोजनाओं तथा शैक्षिक विकास में सहयोग के लिए कुछ अमरीकी विश्व विद्यालयों से बातचीत शुरू की जा चुकी है । यू. एस. यू. एच. एस. के अतिरिक्त रूटगर्स यूनिवर्सिटी, एरिजोना स्टेअ यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी आफ मेरीलैंड, यूनिवर्सिटी आफ मिसूरी, विश्वद्यालय हैं जिनके साथ प्रारंभिक चर्चा हो चुकी है । संस्थान ने अनुसंधान और विकास के प्रयासों के तहत विभिन्न एजेंसियों की प्रायोजित परियोजनाओं पर कार्य

किया । इनमें से दो परियोजनाएं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा और एक वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित थी । इसके अतिरिक्त आलोच्य वर्ष के दौरान, विश्वविद्यालय को मानव संसाधन विकास मंत्रालय से भी नौ परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त हुई । संकाय सदस्यों ने विभिन्न सम्मेलनों में 45 से भी अधिक लेख प्रस्तुत किए और विभिन्न पत्रिकाओं में 30 से भी अधिक शोध पत्र प्रकाशित कराए ।

संस्थान में, आलोच्य वर्ष में, निम्नलिखित नये केंद्र शुरू किए गए :

(क) शैक्षिक नवाचार तथा संस्थागत विकास अनुसंधान केंद्र ।

(ख) सोफ्टवेयर विकास केन्द्र ।

(ग) उपभोक्ता इलेक्ट्रोंनिक्स केंद्र ।

(iii) टाटा समाज विज्ञान संस्थान :

1990-91 के दौरान संस्थान में निम्नलिखित नये पाठ्यक्रम शुरू किए गए :

(1) भारत में दण्ड-न्याय पद्धति

(2) आय/रोजगार उत्पादन कार्यक्रम और उनका प्रंबध

(3) व्यक्तियों, परिवारों और वर्गों के साथ चिकित्सीय कार्य

(4) मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में समाज कार्य

(5) चिकित्साविज्ञान और स्वास्थ्य लाभ में वर्ग-प्रक्रिया

(6) समाजिक केस कार्य

(7) व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंध ।

संस्थान में समाकलित समाज कार्य व्यवसाय के अध्यापन और अनुसंधान संबंधी सात अंतः शिक्षण कार्यक्रमों और समाजकार्य विभाग में छह वैकल्पिक पाठ्यक्रमों की व्यवस्था है ।

आलोच्य वर्ष में टाटा समाज विज्ञान संस्थान के समाज सेवा केंद्र ने कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जैसे दांतों की जांच केन्सर पहचान शिविर, बाल दिवस, सेवी कर्मचारियों की स्त्रियों की आय बढ़ाने के लिए सहकारी कार्यकलाप आदि ।

ग्रामीण परिसर के कार्यकलाप जुलाई 1988 में तुलजापुर और उसके आसपास के गांवों में शुरू किए गए । आलोच्य वर्ष में स्टाफ की संख्या बढ़ कर छह सामाजिक कार्यकर्त्ता, एक रीडर, एक उद्यान-विज्ञानी और एक ग्रामीण इंजीनियर हो गई । ये सब तालुका के सात गांवों में कार्यरत थे । जून 1989 में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विशेष रूप से महिलाओं की समस्याओं पर विचार किया गया । इसमें लगभग 500 स्त्रियों ने भाग लिया । भूमि और जल से संबंधित समस्याओं के कार्यक्रम भी चालू किए गए । भारत सरकार के कल्याण मंत्रालय के वित्तीय सहयोग से संस्थान ने एक छात्र सेवा सेल की स्थापना की है । इस सेल का उद्देश्य शिक्षण माध्यम और अन्य शैक्षिक जरूरतों की दृष्टि से संस्थान के अनुसूचित जाति/जनजाति के कमजोर छात्रों के विशेष हितों को बढ़ावा देना है । छात्रों की आवश्यकताओं और समस्याओं के आधार पर सेल ने विभिन्न कार्य योजनाएं शुरू कीं । इनमें से कुछ महत्वपूर्ण योजनाएं हैं: शैक्षिक दिशा निर्देश, व्यक्तिगत तथा सामजिक सामंजस्य में सहायता, संस्थान में समवर्ती, अंशकालिक वैतनिक कार्य और प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए विभिन्न संगठनों में छुट्टी के दौरान कार्य । सेल ने संस्थान से जाने वाले अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों को नियोजन संबंधी सूचना देने और उचित नौकरियों के लिए आवेदन-पत्र देने में सहायता करके कुछ सफलता प्राप्त की है । 1989-90 में एम. ए. पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद सब 20 छात्रों (14 अनुसूचित जाति तथा छह अनुसूचित जनजाति) का उपयोग या कल्याण संगठनों में रोजगार मिल गया है । 1990-91 बैच के छात्रों के नियोजन की प्रक्रिया जारी है ।

संस्थान में महिला अध्ययन यूनिट द्वारा तीन पाठ्यक्रम अर्थात् (I) महिलाएं और कार्य, (II) महिलाएं और कानून तथा (III) महिलाओं की स्थिति और स्वास्थय, चलाए जा रहे है । यह यूनिट अनुसंधान और प्रकाशन जैसे अन्य कार्य भी करता है ।

(iv) गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार : समाज और पास-पड़ौस से संपर्क

विश्वविद्यालय के प्रौढ़ और अनवतर शिक्षा विभाग द्वारा निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के पिछड़े वर्ग के लोगों और निम्न आय वर्ग के लोगों के की दशा सुधारने के लिए कार्यक्रम शुरू किए गए हैं । इसके अतिरिक्त सुलभ शौचालय, जनसंख्या शिक्षा, परिवार नियोजन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता आदि से संबंधित जानकारी देने के कार्यक्रम भी शुरू किए गए हैं ।

इस विभाग ने अपने निरक्षरता उन्मूलन कार्यक्रम के माध्यम से महिला साक्षरता की ओर विशेष ध्यान दिया है ।

(v) गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद :

वर्ष 1990-91 के दौरान विद्यापीठ द्वारा निम्नलिखित नये पाठ्यक्रम शुरू किए गए :

(i) गांधी पर अध्ययन में एम. फिल.

(ii) तमिल और तेलुगु में स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

(iii) गांधी पर अध्ययन और बौद्ध अध्ययन में डाक्टरेट उपाधि के उपरांत डी. लिट्. कार्यक्रम ।

आलोच्य वर्ष के दौरान मूल्य शिक्षा (वेल्यू एजूकेशन) संबंधी अंतर-विषयक अनुसंधान परियोजना का काम आगे बढ़ रहा है । यह भी निर्णय लिया गया कि 'सेतु' नामक शांति अध्ययन की अंतर-विषयक पत्रिका का प्रकाशन पुनः शुरू किया जाए तथा गांधी अध्ययन और बौद्ध अध्ययनों में डी. लिट्. का पोस्ट-डाक्टोरल कार्यक्रम शुरू किया जाए ।

एम. एस डब्ल्यू. के छात्रों द्वारा गोटा गांव में दो घंटे क्षेत्र कार्य करके समाज और पास-पड़ोस से संपर्क किया जाता है । क्षेत्र कार्य केंद्र में एक समुदाय भवन है । थलतेज गांव में भी एक अतिरिक्त क्षेत्र कार्य केंद्र शुरू किया गया है । ग्रामीण परिसर के आसपास पांच गांव गहन मानव संसाधन विकास के लिए चुने गए हैं । इनमें छात्रों के शिविरों के माध्यम से काम किया जाएगा । इन क्षेत्र कार्य केंद्रों के साथ प्रौढ़ साक्षरता कक्षाएं तथा सामूहिक साक्षरता कार्यक्रम (साक्षरता अभियान) और जनशिक्षण निलयम तथा जनसंख्या शिक्षा क्लब जुड़े हुए है ।

गुजरात विद्यापीठ के प्रौढ़ तथा अनवरत शिक्षा विभाग ने गांधीनगर के 75 गांवों में प्रौढ़ शिक्षा तथा जनसंख्या शिक्षा का एक व्यापक कार्यक्रम विकसित किया था । आलोच्य वर्ष में गांधीनगर के सब गांवों में 15-35 आयु-वर्ग के लिए बेसिक साक्षरता का काम पूरा हो चुका है । गुजरात के मुख्य मंत्री ने जिले को पूर्णतः साक्षर घोषित किया है और इस कार्य में गुजरात विद्यापीठ की सक्रिय भूमिका को सार्वजानिक रूप से स्वीकार किया है । विद्यापीठ का प्रौढ़ शिक्षा विभाग 32 तालुकों में पूर्ण साक्षरता अभियान को बढ़ावा दे रहा है, जिसमें लगभग 3500 गांव शामिल होगें ।

(vi) गांधीग्राम ग्राम्य संस्थान, गांधीग्राम :

वर्ष 1990-91 में संस्थान द्वारा निम्नलिखित नए पाठ्यक्रम शुरू किया गए :

(i) एम. एस. सी. गणित तथा कम्प्यूटर अनुप्रयोग

(ii) कम्प्यूटर अनुप्रयोग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

(iii) अभिलेखागार और प्रलेखन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

(iv) बहुउद्देशीय (पुरूष) स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम ।

पूर्वस्नातक, स्नातकोत्तर और एम. फिल. स्तर के पाठ्यक्रम बुहविषयक प्रकार के हैं । अंतः और अंतरा-विभागीय विचार-विमर्श तथा चर्चा के माध्यम से उनमें विस्तार कार्यकलापों तथा महिलाओं के विकास का व्यापक क्षेत्र है ।

संस्थान का विस्तार विभाग भागीदारी ग्राम्य-मूल्यांकन विधि को अपनाकर ग्रामीण सामजिक कायापलट के लिए वचनबद्ध है । इस विधि में गांवों की समस्याओं को जानकर ग्रामीण लोग खुद ही बताते हैं और खुद ही उनका हल भी सुझाते हैं ।

विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी ऐजेंसियों की सहायता से लगभग 60 महिला मंडल कार्यरत हैं । मातृ और शिशु कक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, पेय जल सप्लाई, केवल महिलाओं के आय उत्पादक कार्यकलाप आदि कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी के अच्छे परिणाम निकले हैं ।

तमिलनाडु सरकार ने पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों को आई ए. एस./ए. पी. एस. परीक्षाओं की तैयारी के लिए शिक्षा देने के उद्देश्य से एक केंद्र की स्थापना का अनुमोदन किया है और इस कार्य के लिए रू 60,000/- की राशि स्वीकार की है । वर्ष 1990-91 के लिए कोचिंग कक्षाएं 2.1.1991 से 31.5.1991 तक चली और इनमे 23 (13 बी. सी. तथा 10 एम. बी. सी.) उम्मीदवारों ने भाग लिया ।

गांधीग्राम ग्राम्य संस्थान के सेवा गांवों मे महिलाओं को सिलाई, चटाई, बुनाई और बुनाई का नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है । यह प्रशिक्षण विस्तार/प्रौढ़ शिक्षा और कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से दिया जाता है और इसका उद्देश्य महिलाओं को स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करना है ।

(vii) केंद्रीय अंग्रेजी तथा विदेशी भाषा संस्थान, हैदराबाद :

यह संस्थान देश में अंग्रेजी तथा विदेशी भाषाओं के शिक्षण का स्तर सुधारने के लिए उत्तरदायी है ।

वर्ष 1990-91 में संस्थान के नियमित शैक्षिक कार्यक्रम के रूप में निम्नलिखित नये पाठ्यक्रम चालू किए गए थे :

(1) एम. ए. (जर्मन) - पूर्णकालिक

(2) "इन्ट्रोडक्टरी सोशियों लिंग्विस्टिक्स" पीजीडीटीई/ डीईएस (दूसरा सेमेस्टर वैकल्पिक)

(3) फ्रेंच में प्रोफिशिएन्सी प्रमाणपत्र (गहन)

(4) फ्रेंच में डिप्लोमा (गहन)

संस्थान ने विविध प्रकार की शिक्षण सामग्री भी तैयार की यथा :

(i) नवोदय विद्यालय समिति परियोजना के लिए दो पाठ्य-पुस्तकें --'लर्निंग इंगलिश थ्रू मैथेमेटिक्स' और 'लर्निंग इंगलिश थ्रू साइन्स'

(ii) संस्थान का ई एम आर सी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की देशव्यापी कक्षा परियोजना में महत्वपूर्ण सहयोग देता रहा । आलोच्य वर्ष में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को टेलीविजन पर प्रदर्शन के लिए 76 कार्यक्रम भेजे गए ।

केन्द्र को भाषा, साहित्य एवं संचार अनुभाग में एक पुरस्कार तथा संपादन में योग्यता प्रमाणपत्र मिला ।

(iii) संस्थान के रेडियों, टीवी और चलचित्र कला विभाग ने आकाशवाणी द्वारा प्रसारण के लिए स्कूलों के रेडियों कार्यक्रम तैयार किए । संस्थान विदेशी भाषा शिक्षण के क्षेत्र में स्रोत एर्जेसी के रूप में कार्य कर रहा है । स्रोत एर्जेसी के रूप में संस्थान के निम्नलिखित कार्य हैं :

(क) शैक्षिक और संदर्भ सामग्री तैयार करना ।

(ख) दूरवर्ती शिक्षा पाठ्यक्रम और लघुः आवश्यकता-आधारित पाठ्यक्रम तैयार करना ।

(ग) देश में विदेशी भाषा शिक्षण के लिए फिलहाल उपलब्ध संसाधनों के आंकड़े जमा करना ।

(viii) दयालबाग शैक्षिक संस्थान, दयालबाग, आगराः

संस्थान ने तीन-वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम (ऑनर्स) शुरू किया था और पहल बैच 1990-91 से सत्र में आया । संस्थान ने व्यापक सामजिक कार्यकलापों मे भाग लेने के लिए सदा ही महिलाओं और ग्रामीण समुदाय को सहयोग तथा प्रोत्साहन दिया है । प्रौढ़ एवं अनुवर्ती शिक्षा केंद्र ने आपास के गांवों में प्रौढ़ साक्षरता, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा शिशु देखभाल, कुटीर एवं हस्तशिल्प उत्पादन आदि विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए ।

(ix) श्री सत्य साईं उच्च शिक्षा संस्थान :

वर्ष के दौरान संस्थान ने शिक्षण तथा अनुसंधान के अपने अंतर-विषयक कार्यक्रम को जोरदार ढंग से जारी रखा । इसमें भैषजिसक रसायन, उपभोक्ताओं की पसंद के अध्ययन के लिए स्थान विज्ञान संबंधी विधियां, बायो-माडलिंग आदि शामिल थीं ।

सब छात्र और स्टाफ, नियमित रूप से, समाज सेवी यथा सामुदायिक स्वास्थ्य विज्ञान, परिसर की सफाई आदि में भाग लेते है संस्थान का अनुसंधान स्टाफ प्रशांति निलयम के पानी और मिट्टी के सुधार कार्य में जुटा हुआ था ।

संस्थान में एक प्रचालनात्मक माडल भी हैं जिसमें पाठ्यचर्या एवं सह-पाठ्यचर्या संबधी सभी कार्यकलाप पूरे वर्ष संचालित किए जाते हैं । यह कार्यकलाप शैक्षिक श्रेष्ठता की उपलब्धि और सहजानुभूत विकास को प्रदर्शित करते हैं । संस्थान ने सामाजिक और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा को सशक्त उपकरण के रूप में बनाए रखा ।

(x) वनस्थली विद्यापीठ, राजस्थानः

शिक्षण तथा अनुसंधान के अंतर-विषयक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए विद्यापीठ ने समाज विज्ञानों (इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान तथा समाजशास्त्र) और अंग्रेजी (भाषा शिक्षण) में एम. फिल. कार्यक्रम शुरू किए हैं ।

प्रौढ़ तथा अनुवर्ती शिक्षा विभाग 63 प्रौढ़ शिक्षा केंद्र चला रहा है जिनकी नामांकन संख्या 1681 हैं । इनमें से 673 महिलाएं है । 573 प्रौढ़ (343 पुरूष और

230 महिलाएं) अनुसूचित जाति तथा जनजाति के हैं । इनके अतिरिक्त, चार जनशिक्षण निलयम भी चलाए जा रहे है । विद्यापीठ की टीमों ने टेबिल टेनिस और बास्केट बाल के अंतर-विश्वविद्यालय टूर्नामेंटों मे भाग लिया 370 छात्र गाइड और 125 छात्र रेंजर के रूप में भर्ती किए गए हैं ।

(xi) थापर इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी संस्थान, पटियाला

वर्ष 1990-91 के दौरान संस्थान ने निम्नलिखित नए पाठ्यक्रम शुरू किए :

(i) एम. ई. सिविल (भू-टेक्निकल इंजी.)
(ii) एम. ई. औद्योगिक इंजीनियरी
(iii) एम. एस. सी सामग्री विज्ञान ।

पूर्वस्नातक पाठ्यचर्या मूल कार्यक्रम के माध्यम से, जिसमें मानविकी, विज्ञान, इंजीनियरी तथा तकनीकी कलाएं शामिल हैं, मजबूत आधार प्रदान करती है ।

संस्थान का सिविल इंजीनियरी विभाग परामर्शदाता का काम भी करता है । यह लोगों वाल संस्थान के लिए तथा भू-तकनीकी अध्ययन, के पी. स्थलाकृतिक एम ट्रस्ट भवन, मालेरकोटला का संरचनात्मक डिज़ाइनः स्टार्च मिल का कार्य-निष्पादन अध्ययन, आंध्रप्रेदश में बहिःस्राव उपचार योजना और उपरली पानी की टंकियों से संबधित अध्ययन कार्य कर रहा है ।

क्षेत्र के उपयोगों/संस्थाओं/विभागों से संस्थान का सहयोग और भी बढ़ा है । परिसर के पर्यावरण के सुधार और सुंदरता के लिए तथा सुरक्षा प्रंबधों के लिए - एक-एक समिति बनाई गई है ।

(xii) बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा, रांचीः

वर्ष 1990-91 के दौरान संस्थान ने अनुसंधान तथा विकास के अंतर-विषयक विभिन्न क्षेत्रों में आधार-संरचना को सुदृढ़ बनाया ।

संस्थान में 'विज्ञान का इतिहास' विषयक अध्ययन के लिए एक अनुसंधान सेल स्थापित किया गया है । अनुसंधान कार्य के लिए पुस्तकों, पत्रिकाओं ओर अन्य सामग्री के बहुमूल्य संग्रह से सेल की निरंतर श्रीवृद्धि हो रही है । यह सेल अनुसंधान कार्य के निरीक्षण और मार्गदशर्न के लिए भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी द्वारा मानयता प्राप्त है ।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा भारत सरकार की विकास योजनाओं के अनुसार संस्थान अभरती हुई टैक्नॉलाजी के जाने-पहचाने क्षेत्रों में नवीनतम प्रौद्योगिकी उन्नति के साथ-साथ आगे बढ़ रहा है और शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण के लिए आवश्यक आधार-संरचना बना रहा है तथा उसे सुदृढ़ कर रहा है। माइक्रो प्रोसेसर विकास केंद्र ने रियल टाइम कम्प्यूटर कंट्रोल्स के लिए साधन और नियंत्रण पद्धति के डिज़ाइन और विकास के लिए अनेक सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के उपक्रमों के साथ घनिष्ठ संपर्क स्थापित कर लिया है । आलोच्य वर्ष में संस्थान ने कृत्रिम बुद्धि और रोबोट टैक्नालाजी के क्षेत्र में उच्च स्तरीय अध्ययन किया है और अब इन्हें अनुसंधान के क्षेत्र से निकाल कर व्यावहारिक औद्योगिक समस्याओं के हल के लिए प्रयोग किया जा रहा है ।

बी. टेक. (वास्तुकला), बी. टेक. रासायनिक इंजीनियरी (बहुलक विशेषज्ञता), एम. एस. सी. (इलेक्ट्रोनिक्स) - विशेषतः छात्राओं के लिए, अनुप्रयुक्त विज्ञानों तथा सूचना विज्ञानों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं ।

तंतु प्रबलित सीमेंट शीट, कम लागत के मकानों का डिज़ाइन और निर्माण, जल प्रबंधन, पवन चक्की, बायोगैस ऊर्जा और भूतापीय ऊर्जासंबधी अनुसंधान और विकास परियोजनाओं में काफी प्रगति हुई है ।

नेत्रहीन व्यक्तियों की सहायता के लिए कम्प्यूटर दृष्टि और स्पर्श संवेदन पद्धति संबधी एक विशष्ट परियोजना संस्थान द्वारा शुरू की गई है । तंतु प्रकाशिकी और प्रकाशिक संचार का अनुसंधान कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है । श्रम दक्षता विज्ञान (अगोनामिक्स) और कम्प्यूटर सहायता प्राप्त डिज़ाइन तथा विनिर्माण नए उभरते हुए क्षेत्र हैं और संस्थान में भली प्रकार स्थापित हैं ।

(xiii) केन्द्रीय मीन उपयोग शिक्षा संस्थान, वरसोवा बंबई:

केंद्रीय मीन उपयोग शिक्षा संस्थान अपने विभिन्न केंद्रों पर निम्नलिखित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम चला रहा हैं :

(i) बंबई में मीन उद्योग विज्ञान में दो वर्ष का स्नातकोत्तर डिप्लोमा ।

(ii) बैरकपुर (पश्चिम बंगाल) में अंतः स्थलीय मीन उपयोग प्रशासन एवं प्रबंध में एक वर्ष का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम ।

(iii) कानीनाडा में मीन उद्योग विस्तार तकनीक में एक वर्ष का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम ।

(iv) चिन्हट, लखनऊ में अंतः स्थलीय मीन उपयोग कर्मियों के लिए एक वर्ष का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम ।

(v) बैरकपुर (पश्चिम बंगाल) में एम. एस. सी. (अंतः स्थलीय मीन उद्योग प्रशासन एवं प्रबंध) ।

वर्ष 1990-91 के दौरान मीन उद्योग विज्ञान में एम. एस. सी. डिग्री के लिए निम्नलिखित नया पाठ्यक्रम शुरू किया गया है : एम. एस. सी. (मीन उद्योग प्रंबध), केंद्रीय मीन उद्योग शिक्षा संस्थान, बंबई में ।

वर्ष 1990-91 के दौरान केंद्रीय मीन उद्योग शिक्षा संस्थान, बंबई में मीन उद्योग विज्ञान की विभिन्न शाखाओं में शुरू किए गए पी. एच. डी. कार्यक्रम इस प्रकार है :

(i) अंतः स्थलीय मीन उद्योग में पी. एच. डी.

(ii) समुद्री मीन उद्योग में पी. एच. डी.

(iii) मीन संसाधन में पी. एच. डी.

(iv) मीन उद्योग सांख्यिकी में पी. एच. डी.

(v) मीन उद्योग अर्थशास्त्र में पी. एच. डी.

(vi) मीन उद्योग विस्तार में पी . एच. डी.

संस्थान ने मीन उद्योग टैक्नालाजी से संबंधित 13 अल्पकालीन आवश्यकता-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जिनमें 225 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया । मीन उद्योग के विभिन्न विषयों मे सोलह अनुसंधान परियोजनाएं शुरू की गई हैं । इनमें समुद्र विकास विभाग, नई दिल्ली और राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक, बंबई द्वारा प्रायोजित दो अनुसंधान परियोजनाएं भी शमिल हैं ।

(xiv) तिलक महाराष्ट्र विद्यापीठ, पुणे :

वर्ष 1990-91 में निम्नलिखित पाठ्यक्रम शुरू किए गए :

(i) मराठी भाषा में प्रमाणपत्र पाठ्यकम ।

(ii) विद्या निष्णात (एम.फिल.) भारत विद्या ।

(iii) विशारद (बी. ए) संस्कृत ।

वर्ष 1990-91 के दौरान एसोशिएटिड कालेजिज आफ मिडवेस्ट, यू.एस. ए. के सहयोग से बालमुकन्द संस्कृत महाविद्यालय में गैर-मराठी भाषी तथा विदेशी छात्रों के लिए मराठी भाषा में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम शुरू किया गया था । इस पाठ्यक्रम में 17 अमरीकी छात्र दाखिल किए गए थे ।"प्राचीन भारतीय राजनैतिक विचारधारा" विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठि का आयोजन जनवरी, 1991 में किया गया था । अनेक विद्वानों ने संगोष्ठी में अपने लेख पढ़े और चर्चा में भाग लिया । 'आधुनिक महाराष्ट्र में सामाजिक सुधार आंदोलन' विषय पर एक संगोष्ठी भी नेहरू सामाजिक अध्ययन संस्थान में आयोजित की गई थी ।

डा.. बी. आर. अम्बेडकर जन्म शताब्दी वर्ष के दौरान जनवरी-फरवरी, 1991 में चार भाषणों की एक माला का आयोजन भी किया गया था । यह भाषण विख्यात प्रोफेसरों द्वारा दिए गए थे ।

(xv) महिलाओं के गृह-विज्ञान तथा उच्च शिक्षा का अविनाशीलिंगम संस्थान, कोयम्बतूर :

वर्ष 1990-91 के दौरान संस्थान ने निम्नलिखित नए पाठ्यक्रम शुरू किए :

(i) प्राणिविज्ञान और वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा अंतर-विषयक एम. एस-सी. जीवन विज्ञान डिग्री पाठ्यक्रम ।

(ii) तमिल और अंग्रेजी विभाग द्वारा अंतर-विषयक एम.ए. भाषा विकास एवं साहित्य पाठ्यक्रम ।

(iii) जीव रसायन विभाग द्वारा भेषज प्रयोगशाला टैक्नॉलाजी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम ।

तमिलनाडू सरकार के सहकारिता विभाग के आमंत्रण पर संस्थान के खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग ने तमिलनाडू के पांच जिलों - कोयम्बतूर, नीलगिरी, पेरियार, सेलम और त्रिची में गेहूं के उत्पादों को लोकप्रिय बनाने के लिए कई प्रदर्शन किए ।

समाज और पास-पड़ोस के साथ संस्थान का अपने कार्यक्रमों के माध्यम से गहरा संबंध है । इन कार्यक्रमों में सामुदायिक समाज सेवा योजना कार्यकलाप, प्रौढ़ साक्षरता कार्य, राष्ट्रीय सेवा योजना और अनेक परियोजनाएं जैसे गेहूं के उत्पादों को

लोकप्रिय बनाना, ग्रामीण परिवारों के भंडारों में सुधार, युवतियों के स्वास्थ्य एवं विकास पर सहयोगी अध्ययन और ग्रामीण निर्धन परिवारों को अच्छे रहन-सहन के लिए प्रेरित करना शामिल हैं ।

संस्थान ने ओरेगान स्टेट यूनिवर्सिटी, कार्वालिस, ओरेगान, यू.एस.ए. के साथ एक क़रारनामा किया है जिसके अनुसार 1990-92 के बीच दोनों विश्वविद्यालयों के मध्य छह-छह प्रोफेसरों का आदान-प्रदान होगा । प्रोफेसरों के आदान-प्रदान से अनुसंधान संबंध दृढ़ होंगे और 'राष्ट्रीय विकास में परिवार का विस्तार' पर अंतर-विषयक रूचि केंद्रित होगी । अभ्यागत अमरीकी प्रोफेसर संस्थान के अध्यापकों को सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में गुणात्मक अनुसंधान विधियों और माइक्रो-कम्प्यूटरों के प्रयोग के बारे में प्रशिक्षण देंगे ।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने पूर्वस्नातक कक्षाओं के लिए गृहविज्ञान में 25-30 मिनट की अवधि के 240 पाठ तैयार करने का काम अविनाशीलिंगम संस्थान को सौंपा है । इस कार्य के लिए अपेक्षित साजसामान विदेशों से मंगवा लिया गया है और आडियो-वीडियो प्रोडक्शन प्रयोगशाला स्थापित हो चुकी है । अपेक्षित तकनीकी स्टाफ की नियुक्ति की जा चुकी है और संस्थान के स्टाफ को पाठ तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जा चुका है । लगभग 220 पाठ पूरे हो चुके हैं ।

(xvi) राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुरः

विद्यापीठ द्वारा शुरू की गई शिक्षण और मूल्यांकन के समाकलन की प्रक्रिया आलोच्य वर्ष में और भी मजबूत और उन्नत बनाई गई । इस समाकलन का उद्‌देश्य विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों द्वारा छात्रों का मूल्यांकन कराना है ।

विद्यापीठ सामुदायिक सेवा और विस्तार कार्यक्रमों पर बल देता है । यह कार्यकलाप क्षेत्र विशेष पर आधारित हैं और फिलहाल उदयपुर जिले के दो खंडों - सालुम्बर तथा सारदा - तक सीमित है । इस कार्यकलाप में छात्र और अध्यापक दोनों ही भाग लेते हैं । इसके अतिरिक्त विद्यापीठ के तीन जनसंख्या क्लब, दो योजना फोरम, दस निलयम, दस अनवरत केंद्र और 250 प्रौढ़ शिक्षा केंद्र हैं । विद्यापीठ "शिक्षा कर्म योजना" जैसे कई गैर-पारंपरिक शिक्षा कार्यक्रम भी चलाता है ।

विद्यापीठ ने अनुसंधान और शिक्षण के समाकलन का प्रस्ताव भी दिया है । इस प्रयोजन से इसने स्नातकोत्तर स्तर पर 'अनुसंधान एवं पुस्तकालय कौशल - रिपोर्ट लेखन' का अनिवार्य प्रश्नपत्र शुरू किया है ।

विद्यापीठ का अनुसंधान संस्थान 'राजस्थानी अध्ययन संस्थान' नामक एक विशेष संस्थान में बदल गया है ।

(xvii) अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान, देवनार बंबई:

संस्थान, फिलहाल, निम्नलिखित पाठ्यक्रम चलाता है :

(i) जनसंख्या अध्ययन में एक वर्षीय प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम ।

(ii) एकवर्षीय मास्टर आफ पापुलेशन स्टडीज़ पाठ्यक्रम ।

(iii) एक या दो सेमेस्टर का मास्टर आफ पापुलेशन स्टडीज़ (ब्रिज पाठ्यक्रम)

(iv) जनसंख्या अध्ययन में एकवर्षीय एम. फिल. पाठ्यक्रम ।

(v) जनसंख्या अध्ययन में पी-एच.डी. ।

इसके अतिरिक्त, संस्थान के तत्वाधान में, परिवार कल्याण प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र द्वारा स्वास्थ्य शिक्षा में एक-वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी चलाया जाता है ।

संस्थान द्वारा 1990-91 में कई संगोष्ठियां और सम्मेलन आयोजित किए गए । कुछ महत्वपूर्ण आयोजन इस प्रकार हैं :

(i) '2001 में बंबई' विषय पर विचार गोष्ठी ।

(ii) 'भारत में महिलाओं की स्थिति और जनसांख्यिकीय परिवर्तन' विषय पर अखिल भारतीय संगोष्ठी ।

(iii) अखिल भारतीय राजकीय जनसांख्यिकीविद सम्मेलन ।

गत 34 वर्षों में विभिन्न देशों के 1172 प्रशिक्षार्थियों को संस्थान में प्रशिक्षण दिया गया । इनमें 30 देश एशिया और प्रशांत महासागर क्षेत्र के, दो देश अफ्रीका के और एक-एक उत्तरी अमरीका तथा यमन का था ।

(xviii) राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल (हरयाणा):

संस्थान के डेरी विस्तार, कृषि विज्ञान केंद्र और परिचालन अनुसंधान परियोजना समाज और पास-पड़ोस के साथ घनिष्ठ संपर्क बनाए हुए थे । इसका प्रयोजन ग्रामीण लोगों को अधिक पैदावार वाले बीज देकर, संकरण, कृत्रिम वीर्य-सेचन अपनाकर और दुग्ध पदार्थ यथा पनीर, मक्खन, दही, खीर आदि बनाकर उनकी अर्थव्यवस्था में सुधार करना था ।

9 अपनाए गए गांवों और करनाल के एक भाग में वीर्य-सेचन, गर्भ-निरूपण, बच्चे की देखभाल, टीका लगाने और पशुओं के उपचार की सुविधाएं प्रदान की गई हैं । इनके साथ-साथ दूध और दुग्ध पदार्थों के विभिन्न पक्षों पर सलाह दी जाती है ।

कृषिविज्ञान केंद्रों द्वारा कृषकों को कृत्रिम वीर्य सेचन का तीन महीने का प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे अपने पशुओं को भयानक रोगों से बचा सकें और स्वस्थ रख सकें । ग्रामीण लोगों के लिए आय के साधन जुटाने और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए उन्हें मत्स्य पालन और मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण भी दिया जाता है ।

8.05 विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाओं को दिए गए अनुदान

विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाओं को वर्ष 1990-91 के दौरान दिए गए योजनागत और योजनेतर अनुदान का विवरण सारणी 8.3 में दिया गया है ।

सारणी 8.3

(रूपए लाख में)

		योजनेतर	योजनागत	जोड़
1.	अविनाशीलिंगम गृह-विज्ञान संस्थान	60.00	13.55	73.55
2.	वनस्थली विद्यापीठ	-	39.07	39.07
3.	बिरला प्रौद्योगिकी तथा विज्ञान संस्थान	0.19	64.07	64.26
4.	बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान	0.12	39.80	39.92
5.	केंद्रीय अंग्रेजी तथा विदेशी भाषा संस्थान	233.35	24.55	257.90
6.	केंद्रीय उच्च तिब्बती अध्ययन संस्थान	-	0.30	0.30
7.	दयालबाग शैक्षिक संस्थान	59.99	52.25	112.24
			0.28*	0.28*
8.	डक्कन कालेज इन्स्टीट्यूट आफ पोस्ट ग्रेजुएट एजूकेशन एंड रिसर्च, पुणे	0.16	1.01	1.17
9.	गांधीग्राम ग्रामीण संस्थान	159.00	28.20	187.20
10.	गुजरात विद्यापीठ	156.63	25.67	182.30
11.	गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय	99.39	14.09	113.48
12.	भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान	0.16	0.23	0.39

सारणी 8.3 (क्रमशः)

	योजनेतर	योजनागत	जोड़
13. भारतीय विज्ञान संस्थान	1654.56	658.80	2313.36
14. भारतीय खान स्कूल	425.97	76.37	502.34
15. जामिया हमदर्द	19.69	5.77	25.46
	1.53*		1.53*
16. राजस्थान विद्यापीठ	-	29.35	29.35
17. योजना तथा वास्तुकला विद्यालय	-	0.80	0.80
18. श्री सत्य साई उच्च अध्ययन संस्थान	-	45.32	45.32
19. श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ नई दिल्ली	0.04	0.06	0.10
20. टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान	161.40	60.64	222.04
21. थापर इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी संस्थान	-	60.44	60.44
22. तिलक महाराष्ट्रीय विद्यापीठ	-	18.68	18.68
जोड़	3030.65	1259.02	4289.67
	1.53*	0.28*	1.81*

*समायोजन द्वारा

खंड - 9
विश्वविद्यालयों को योजनेतर अनुदान

9.01 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 12 (ख) के अधीन साविधिक व्यवस्था के अनुसार केंद्रीय विश्वविद्यालयों को अनुरक्षण अनुदान प्रदान किए जाते हैं । ये अनुदान स्टाफ (शिक्षा तथा शिक्षणेतर) के वेतन, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, भवनों आदि के अनुरक्षण पर होने वाले सभी संकायों के आवर्ती व्यय को पूरा करने के लिए दिए जाते हैं । अलीगढ़ मुस्लिम तथा बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के मामले में, इन विश्वविद्यालयों के मेडीकल कालेजों से संलग्न अस्पतालों के अनुरक्षण के लिए भी ये अनुदान प्रदान किए जाते हैं ।

इसके अतिरिक्त, केंद्रीय तथा राज्य विश्वविद्यालयों को विशेष प्रयोजनों के लिए व्यय की सहमत सीमा तक योजनेतर अनुदान प्रदान किए जाते हैं । योजनेतर अनुदानों में इंजीनियरी एवं प्रौद्योगिकी के अधीन छात्रवृत्तियों तथा अध्येतावृत्तियों, शिक्षा अध्येतावृत्तियों, राष्ट्रीय अध्येतावृत्तियों, राष्ट्रीय एसोशिएटशिपों, राष्ट्रीय व्याख्यान, कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियों और अनुसंधान एसोशिएटशिपों के लिए दी जाने वाली राशि शामिल होती है । इनमें अध्येतावृत्तियों के अनुदान तथा विश्वविद्यालयेतर संस्थाओं (यथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान का स्नातकोत्तर संस्थान, आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान का स्नातकोत्तर संस्थान, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद् आदि) को प्रतिपूर्ति की गई पुरस्कारों की राशि भी शामिल है ।

वर्ष 1990-91 के दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत प्रदत्त योजनेतर अनुदानों का विवरण सारणी 9.1 में दिया गया है :

सारणी - 9.1

वर्ष 1990-91 के दौरान विभिन्न योजनाओं के अधीन प्रदत्त योजनेतर अनुदानों का विवरण

क्रम सं.	प्रयोजन	राशि (लाख रू में)
1.	विश्वविद्यालयों को अनुरक्षण अनुदान*	14865.09
2.	विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाओं को अनुरक्षण अनुदान	2983.01
3.	विशिष्ट प्रयोजनों के लिए अन्ना तथा रूड़की विश्वविद्यालयों को अनुरक्षण अनुदान	98.42
4.	दिल्ली विश्वविद्यालय के संघटक/संबद्ध कालेजों को अनुरक्षण अनुदान	5417.62
5.	बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संघटक/संबद्ध कालेजों को अनुरक्षण अनुदान	52.59
6.	केंद्रीय विश्वविद्यालयों तथा विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाओं को मकान निर्माण पेशगी**	**
7.	शिक्षक अध्येतावृत्ति, राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति/एसोशिएटशिप, राष्ट्रीय व्याख्यान, सेवानिवृत्त शिक्षक, इमेरिटस अध्येवृत्ति आदि जैसी योजनाओं के लिए शिक्षक पुरस्कार	39.82

क्रम सं.	प्रयोजन	राशि (लाख रू में)
8.	अनुसंधान अध्येतावृत्तियों/ एसोशिएटशिपें	447.44
9.	इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी के अधीन छात्रवृत्तियाँ/ अध्येतावृत्तियां	169.83
10.	विश्वविद्यालय संस्थाओं को प्रतिपूर्ति व्यय	17.49
11.	जनंसपर्क केंद्र	250.79
		@24342.10

* इसमें केंद्रीय विश्वविद्यालय और दिल्ली के कालेजों को दी गई क्रमशः रू. 996 लाख तथा 454.22 लाख की अनुदान राशि सम्मिलित हैं । यह राशि उन्हें 1991-92 के लिए अग्रिम किस्त के रूप में 1.4.1991 को दिए जाने वाले मार्च, 1991के वेतन की राशि के व्यय के लिए दी गई थी ।

** 1990-91 से इस राशि को योजनागत अनुदानों के अधीन दिया जा रहा है ।

@ इस राशि में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को जारी किए गए प्रशासन प्रभार, अधिकारियों, स्थापना आदि के वेतन के रू. 477.65 लाख शामिल नहीं हैं ।

9.02 केंद्रीय विश्वविद्यालयों को योजनेतर अनुदान

वर्ष 1986-87 से 1990-91 के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालयों के अनुरक्षण के लिए आयोग द्वारा प्रदत्त अनुदानों का विवरण सारणी 9.2 में दिया गया है । विवरण से यह मालूम होगा कि अनुदान की राशि में प्रतिवर्ष वृद्धि होती रही है । 1990-91 के दौरान केंद्रीय विश्वविद्यालयों को रू. 14865.09 लाख के अनुदान जारी किए गए ।

सारणी 9.2

केंद्रीय विश्वविद्यालयों को योजनेतर अनुदान

(रू. लाख में)

क्र. सं.	विश्वविद्यालय	1986-87	1987-88	1988-89	1989-90	1990-91
1.	अलीगढ़ मुस्लिम	1888.62	2540.05	2748.06	2912.95	3383.27
2.	बनारस हिंदू	2811.65	3366.15	3394.04	3559.60	4112.32
3.	दिल्ली	1427.02	1655.82	1889.25	1926.58	2471.07
4.	हैदराबाद	361.08	423.75	489.01	567.60	673.62
5.	जवाहरलाल नेहरू	735.27	952.20	1023.84	1130.23	1315.62
6.	नार्थ इस्टर्न हिल	669.85	752.60	843.00	884.98	986.07
7.	विश्व भारती	521.11	713.10	773.40	832.32	957.64
8.	जामिया मिलिया	-	-	30.00	526.58	679.46
9.	पांडिचेरी	-	-	-	-	286.02
	जोड़	8414.60	10403.67	11190.60	12340.84	14865.09

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय तथा बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के मेडीकल कालेजों तथा उनसे संलग्न अस्पतालों का अनुरक्षण-व्यय विश्वविद्यालय के ब्लाक अनुदानों से पूरा किया गया जबकि विश्वविद्यालय आयुर्विज्ञान कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के अनुरक्षण अनुदान सीधे संस्था को प्रदान किए गए ।

9.03 केंद्रीय विश्वविद्यालयों, विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाओं तथा राज्य विश्वविद्यालयों को अनुरक्षण अनुदान

लोक लेखा समिति ने अपनी 73 वीं रिपोर्ट में जो प्रेक्षण दिए हैं, उनका अनुपालन करते हुए केंद्रीय विश्वविद्यालयों, विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाओं तथा राज्य के उन विश्वविद्यालयों को, जिन्होंने 1988-89 की सूचना भेज दी है, दिए गए अनुरक्षण अनुदानों का विवरण (योजनेतर) परिशिष्ट-XXIX में दिया गया हैं ।

9.04 केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए मकान निर्माण पेशगी के लिए परिक्रामती निधि सृजित करने के लिए योजनागत अनुदान

केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों (शिक्षक तथा शिक्षकेतर) द्वारा अपना मकान निर्माण करने में आसानी हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए आयोग ने एक योजना शुरू की जिसके अनुसार विश्वविद्यालय अपने कर्मचारियों को मकान निर्माण पेशगी के लिए एक परिक्रमी निधि का सृजन करेंगें ।

इस योजना के अधीन आयोग विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों, आवेदकों की संख्या तथा निधियों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष अनुदान प्रदान करता है । पहले, यह योजनेतर अनुदान के रूप में दिया जाता था । लेकिन, वर्ष 1990-91 से यह योजनागत अनुदान के रूप में दिया जाएगा । वर्ष 1990-91 के दौरान आयोग ने इस प्रयोजन के लिए 9 केंद्रीय विश्वविद्यालयों को रू. 145 लाख का अनुदान जारी किया ।

खंड - 10
संकाय सुधार कार्यक्रम

10.01 आयोग संकाय सुधार के ऐसे विभिन्न कार्यक्रमों को वित्तीय सहायता देता रहा है जो शिक्षकों को अध्ययन और अनुसंधान के उनके क्षेत्रों में आधुनिक विकासों के सम्पर्क में रखने तथा उनके विषयों और संबद्ध क्षेत्रों में विशेषज्ञों के साथ विचारों के आदान-प्रदान के अवसर प्रदान करते है । इन कार्यक्रमों का उद्देश्य शिक्षकों की व्यावसायिक योग्यता का सुधार करना है जिससे कि वे उच्च कोटि की शैक्षिक सामग्री का निर्माण कर सकें और उच्च शिक्षा के स्तर को बनाए रखने में योगदान कर सकें। वर्ष 1990-91 के दौरान आयोग ने ऐसे जिन कार्यक्रमों को सहायता प्रदान की उनका विवरण नीचे दिया जा रहा है :-

10.02 संगोष्ठियां, परिचर्चाएं, पुनश्चर्या पाठ्यक्रम कार्यशालाएं आदि

आयोग विश्वविद्यालयों तथा कालेजों को संगोष्ठियों, परिचर्चाएं, पुनश्चर्या पाठ्यक्रम, कार्यशालाएं आदि आयोजित करने के लिए अनुमोदित मानकों के अनुसार वित्तीय सहायता देता है । इस प्रकार के कार्यक्रम "असमनुदेशित अनुदान" योजना के अधीन आयोजित किए जाते हैं और रू. 1.5 लाख से रू. 4 लाख तक की सीमा के अंतर्गत प्रत्येक विश्वविद्यालय को संकाय की संख्या के आधार पर सहायता प्रदान की जाती है । इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए वर्ष 1990-91 के दौरान आयोग ने जो प्रस्ताव स्वीकृत किए उनकी संख्या नीचे दी जा रही हैं :

क्र. सं.	कार्यक्रम	मानविकी तथा सामाजिक विज्ञान	विज्ञान	जोड़
1.	संगोष्ठियां	42	22	64
2.	परिचर्चाएं	3	12	15
3.	कार्यशालाएं	6	10	16
	जोड़	51	44	95

इसके अतिरिक्त आयोग अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद और नीपा आदि विश्वविद्यालयेतर संस्थाओं द्वारा आयोजित ऐसी ही गतिविधियों में भाग लेने के लिए विश्वविद्यालय तथा कालेज के शिक्षकों को यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता भी प्रदान करता है ।

10.03 सम्मेलन

आयोग विश्वविद्यालयों तथा कालेजों को राज्य, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर सम्मेलनों का आयोजन करने के लिए पांच हज़ार रूपये से लेकर तीस हज़ार रूपये तक का सांकेतिक अंशदान प्रदान करता है । इन सम्मेलनों के आयोजन से संकाय सदस्यों तथा अनुसंधानकर्ताओं को अपने अनुसंधान कार्यों के परिणामों पर चर्चा करने का सुअवसर मिला है । वर्ष 1990-91 में आयोग ने 49 सम्मेलन आयोजित करने के लिए सहायता प्रदान की । उनमे से 8 राज्य स्तर पर, 3 क्षेत्रीय स्तर पर, 31 अखिल भारतीय स्तर पर और 7 अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किए गए थे ।

10.04 अंग्रेजी भाषा के शिक्षण को सुदृढ़ बनाना

आयोग ने ब्रिटिश काउंसिल तथा केंद्रीय अंग्रेजी तथा विदेशी भाषा संस्थान, हैदराबाद के सहयोग से अंग्रेजी भाषा शिक्षण के लिए विशेषीकृत ग्रीष्मकालीन संस्थान आयोजित करने के लिए विश्वविद्यालयों को वित्तीय सहायता प्रदान करना जारी रखा । आयोग पुस्तकें, उपस्करों तथा स्टाफ के लिए सहायता प्रदान करता है । ब्रिटिश काउंसिल इन संगोष्ठियों के लिए विशेषज्ञों की व्यवस्था करती है और केंद्रीय अंग्रेजी तथा विदेशी भाषा संस्थान, हैदराबाद ज्ञानसाधन व्यक्तियों के लिए पूर्वसंस्थान कार्यशालाएं आयोजित करता है । इस प्रयोजन के लिए आयोग ने 15 विश्वविद्यालयों को अंग्रेजी भाषा शिक्षण केंद्रों के रूप में चुना हैं ।

10.05 अकादमिक स्टाफ कालेज योजना

चरण-I : नव-नियुक्त लेक्चररों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम

इस योजना का सूत्रपात आयोग ने 1987-88 के दौरान किया था जब विश्वविद्यालयों तथा कालेजों में नव-नियुक्त लेक्चररों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित करने के लिए 48 अकादमिक स्टाफ कालेज अनुमोदित किए गए थे । इस योजना का उद्देश्य विशिष्ट विषयों एवं तकनीकों तथा साथ ही कार्यप्रणालियों में व्यवस्थित अभिविन्यास के जरिए शिक्षकों के अभिप्रेरण को बढ़ावा देना है ताकि उनमें उचित प्रकार के मूल्यों का विकास हो सके और वे इससे नवप्रवर्तनात्मक और सृजनात्मक कार्य की पहल

करने के लिए प्रोत्साहित हो सकें । प्रत्येक अकादमिक स्टाफ कालेज से प्रतिवर्ष चार-चार सप्ताह की अवधि के 5 या 6 अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा की जाती हैं इस कार्यक्रम में 85-90 प्रतिशत शिक्षक अकादमिक स्टाफ कालेज के अधिसूचित कार्यक्षेत्र** से लिए लिए जाते है और शेष 10-15 प्रतिशत को अखिल भारतीय आधार पर बाहरी राज्यों से लिया जा सकता है । 48 अकादमिक स्टाफ कालेजों में से 46 ने वर्ष 1990-91 के अंत तक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित करना शुरू कर दिया था । शेष दो विश्वविद्यालयों, यथा जादवपुर और विश्व भारती में से आयोग ने वर्ष 1991-92 से जादवपुर विश्वविद्यालय द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है ।

चरण-II : सेवाकालीन शिक्षकों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम

वर्ष 1988-89 में आयोग ने यह कार्यक्रम शुरू किया । तब से अब तक सेवाकालीन शिक्षकों के वास्ते विषयमूलक पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित करने के लिए क्षेत्रीय/राष्ट्रीय आधार पर 151 विश्वविद्यालय विभागों/संस्थाओं का पता लगाया है । आजकल केवल लेक्चरारों के लिए ही ये पाठ्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं । प्रत्येक केंद्र से यह अपेक्षा की जाती है कि वह वर्ष के दौरान सामजिक विज्ञान, विज्ञान एवं मानिविकी के आबंटित विषयों में चार-पांच पाठ्यक्रम और भाषाओं के दो-तीन पाठ्यक्रम आयोजित करेगा ।

आयोग ने अंगस्त 1990 में राष्ट्रीय शैक्षिक योजना तथा प्रशासन संस्थान (नीपा) के सहयोग से अकादमिक स्टाफ कालेजों के निदेशकों की एक बैठक का आयोजन किया जिसमें निम्नलिखित विषयों पर विचार-विमर्श हुआ :

(I) जुलाई 1990 तक आयोजित अभिविन्यास/पुनश्चर्या कार्यक्रमों की प्रगति ।

(II) अकादमिक स्टाफ कालेजों द्वारा अभिविन्यास शिक्षकों से प्राप्त कार्यक्रमों की प्रतिपुष्टि ।

(III) वर्ष 1990-91 के लिए इन कार्यक्रमों को बढ़ाना, तथा

(IV) अकादमिक स्टाफ कालेजों के प्रभावी एवं निर्विध्न कार्यकरण के लिए कदम उठाना ।

* अकादमिक स्टाफ कालेज के अधिसूचित कार्यक्षेत्र में सामान्यतः राज्य के विनिर्दिष्ट विश्वविद्यालय और कालेज शामिल होते है ।

आलोच्य वर्ष के दौरान संचालित कार्यक्रमों की संख्या नीचे सारणी में दी गई है :

वर्ष 1990-91 के दौरान अकादमिक स्टाफ कालेजों द्वारा संचालित कार्यक्रम

क्र. सं.	कार्यक्रमों का प्रकार	कार्यक्रमों की संख्या	सहभागी शिक्षकों की संख्या
1.	अभिविन्यास	156	4601
2.	पुनश्चर्या	308	8369
	जोड़	464	12970

आयोग अकादमिक स्टाफ कालेजों को अभिविन्यास/पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित करने के लिए 100 प्रतिशत सहायता प्रदान करता है । इस कार्यक्रम के लिए वर्ष 1990-91 के दौरान विश्वविद्यालयों को रू. 450.74 लाख की अनुदान राशि जारी की गई ।

आयोग द्वारा नियुक्त समिति द्वारा इस कार्यक्रम की समीक्षा की गई । समिति ने अपनी रिपोर्ट फरवरी, 1991 में प्रस्तुत की । आयोग द्वारा रिपोर्ट पर व्यापक विचार विमर्श होने तक यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालयों को वर्तमान पैटर्न पर 31.3.1992 तक तदर्थ आधार पर सहायता प्रदान की जाए ।

10.06 राष्ट्रीय अध्येतावृत्तियां

राष्ट्रीय अध्येतावृत्तियों की योजना उत्कृष्ट शिक्षकों को अपने सामान्य कार्य से एक या दो वर्ष का अवकाश लेकर पूर्णतः अनुसंधान कार्य करने का अवसर प्रदान करती

है । इस योजना के अंतर्गत नियत अवधि की 30 अध्येतावृत्तियां उपलब्ध हैं । जिन शिक्षकों को ये अध्येतावृत्तियां दी जाती हैं वे अपना सामान्य वेतन और भत्ते तथा प्रति मास रू. 500/- का अव्यपगतीनय अनुदान भी पाते हैं । वर्ष 1990-91 के दौरान इस योजना के अंर्तगत दस स्कालर कार्य कर रहे थे । आयोग ने इस योजना का व्यापक प्रचार करने का निर्णय किया है ताकि वर्ष प्रतिवर्ष उपलब्ध अध्येतावृत्तियां प्रदान करना सुनिश्चित किया जा सके ।

10.07 अभ्यागत एसोशिएटशिपें

इस योजना का लक्ष्य सामान्यत: 40 वर्ष से कम आयु के तथा अनुसंधान में लगे विश्वविद्यालय/कालेज के उत्कृष्ट शिक्षकों को ऐसे अन्य विश्वविद्यालय केद्रों/अनुसंधान संस्थाओं/राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं में अल्पावधियों (यह अविध एक समय मे तीन माह से अधिक नहीं होनी चाहिए) के लिए जाने तथा यहां काम करने के लिए सहायता देना है जहां उनके कार्य क्षेत्रों से संबद्ध विशेष सुविधाएं हैं । आयोग एसोशिएटों की यात्रा का वास्तविक खर्च वहन करता है । इसके अतिरिक्त प्रत्येक एसोशिएट को रहने के खर्च के लिए प्रतिमास रू. 1200/- का भत्ता मिलता है । यदि मेजबान संस्था द्वारा नि:शुल्क आवास की व्यवस्था नहीं की जाती है तो एसोशिएट को प्रतिमास रू. 2000/- का भत्ता दिया जाता है । उन एसोशिएटों को 500/- रूपए की अतिरिक्त राशि भी दी जाती है जिन्हें अपने कार्य के संबंध में क्षेत्र-कार्य करने की आवश्यकता पड़ती है । तीन प्रकार की एसोशिएटशिपें उपलब्ध हैं अर्थात् एक वर्ष की एसोशिएटशिपों की संख्या 100 हैं जबकि तीन और पांच वर्ष की एसोशिएटशिपों की संख्या 150 (प्रत्येक) हैं ।

वर्ष 1990-91 के दौरान कोई एसोशिएटशिप प्रदान नहीं की गई क्योंकि योजना समीक्षाधीन थी आलोच्य वर्ष के दौरान आयोग ने इस योजना का व्यापक प्रचार करने का निर्णय लिया ताकि वर्ष प्रतिवर्ष उपलब्ध अध्येतावृत्तियां प्रदान करना सुनिश्चित किया जा सके ।

10.08 राष्ट्रीय लेक्चरशिप

वर्ष के दौरान, आयोग ने राष्ट्रीय लेक्चरशिप की योजना को आठवीं योजना में समाप्त करने का निर्णय लिया । वर्ष 1970 में प्रारंभ की गई इस योजना का उद्देश्य विश्वविद्यालयों के उत्कृष्ट शिक्षकों और अनुसंधानकर्त्ताओं की सेवाओं का उपयोग शैक्षणिक स्तरों के संवर्धन के लिए करना था । प्रारंभ से अब तक विभिन्न विश्वविद्यालयों और कालेजों के 750 से अधिक शिक्षकों को राष्ट्रीय लेक्चरशिपें प्रदान की गई है ।

योजना को इसलिए समाप्त करना पड़ा क्योकि यह राष्ट्रीय अध्येतावृत्तियों, अभ्यागत प्रोफेसरों, अभ्यागत अध्येताओं, अभ्यागत एसोशिएटशिपों और वृत्तिक अवार्डो सहित विश्वविद्यालय प्रणाली मे आयोग द्वारा साथ-साथ संचालित इसी प्रकार की अन्य संकाय सुधार योजनाओं के साथ परस्परव्यापी पाई गई थी ।

10.09 अतिथि/अंशकालिक शिक्षक

विश्वविद्यालय और कालेज अतिथि/अंशकालिक शिक्षकों की नियुक्ति अपवादस्वरूप परिस्थितियों में ऐसे विशेषीकृत क्षेत्रों/विषयों में करते है जिनमे शिक्षण को सुदृढ़ता तथा अतिरिक्त पूर्णता प्रदान करने के लिए व्यावसायिक विशेषज्ञों की आवश्यकता होती है और साथ ही ऐसी स्थिति में भी जहां कार्यभार इतना नहीं होता कि पूरे शैक्षिक वर्ष के लिए पूर्णकालिक नियामित शिक्षक की नियुक्ति उचित ठहराई जाए । अतिथि/अंशकालिक शिक्षकों को प्रतिमास रू. 1000/- का मानदेय प्रदान किया गया जाता है बशर्ते कि प्रति सप्ताह कार्यभार 7-10 घंटा हो ।

10.10 इमेरिटस अध्येतावृत्तियां

इस योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालयों के उन उच्च योग्यताप्राप्त तथा अनुभवी अवकाशप्राप्त प्रोफेसरों को इमेरिटस अध्येतावृत्ति दी जाती है जो अपने सेवाकाल के दौरान सक्रिय रूप से अनुसंधान कार्य में रत रहे हों । यह अध्येतावृत्ति दो वर्ष के लिए या 65 वर्ष की आयु तक (इनमें जो भी पहले हो) दी जाती है । इसका उद्देश्य सेवानिवृत्त प्रोफेसरों को उनके विशेषज्ञता के क्षेत्रों में सक्रिय अनुसंधान करते रहने के लिए तथा उनकी सेवाओं का आयोग के शैक्षिक कार्यक्रमों का परिवीक्षण करने के लिए अवसर प्रदान करना है । अध्येतावृत्ति पाने वाले व्यक्ति को अपने सामान्य सेवा-निवृत्ति हितलाभों के अतिरिक्त रू. 4000/- प्रति मास की अध्येतावृत्ति राशि तथा लिपकीय सहायता, यात्रा, लेखन-सामग्री, डाक व्यय, टेलीफोन किराए, उपभोज्य वस्तुओं आदि के लिए रू. 10.000/- प्रति वर्ष का अव्यपगतनीय आकस्मिक अनुदान भी मिलता हैं । उन अध्येताओं को केंद्रीय सरकार की दरों पर मकान किराया भत्ता भी दिया जाता हैं जो प्राइवेट मकानों में किराए पर रहते हैं । किसी नियत समय में अध्येतावृत्तियों की कुल संख्या 60 है । वर्ष 1990-91 के दौरान इस योजना के अंतर्गत 29 अवार्ड प्रदान किए गए ।

10.11 अभ्यागत प्रोफेसर/अभ्यागत अध्येता

आयोग मानदेय/दैनिक भत्ते की अदायगी के आधार पर विश्वविद्यालयों को अभ्यागत प्रोफेसरों/अभ्यागत अध्येताओं की नियुक्ति के लिए सहायता प्रदान करता है । अभ्यागत प्रोफेसर को देय मानदेय प्रतिमास रू. 5000/- हैं । अभ्यागत अध्येता को दैनिक

भत्ते के रूप में 200/- रूपए दिया जाता है । आयोग ने वर्तमान दिशानिर्देशों में परिवर्तन किए बिना योजना को आठवीं योजना अवधि (1990-95) में चालू रखने का निर्णय लिया है । इस प्रयोजन के लिए प्रत्येक विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अनुदान की मात्रा उसे आठवीं योजना में सामान्य विकास के लिए आवंटित की गई राशि के अनुरूप होगी जिसका ब्यौरा इस प्रकार है :-

क्र. सं	सामान्य विकास के लिए आठवीं योजना (1990-95) में आवंटन	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दिया जाने वाला अनुदान
क.	रू. 75 लाख तक	रू. 3 लाख
ख.	रू. 75 लाख और रू. 100 लाख के बीच	रू. 4 लाख
ग.	रू. 100 लाख से ऊपर	रू. 5 लाख

वर्ष 1990-91 के दौरान, इस प्रयोजन के लिए रू. 3.78 लाख की राशि अनुदान के रूप में प्रदान की गई ।

कश्मीर विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक आयोग से इस बात का अनुरोध करते है कि उन्हें कश्मीर विश्वविद्यालय के बाहर अन्य स्थानों में शिक्षण/अनुसंधान के कार्य सौंपे जाएं क्योकि कश्मीर में कार्य करने के लिए परिस्थितियां अनुकूल नहीं है । नवंबर, 1990 में हुई अपनी बैठक मे आयोग ने इस पर विचार करके निर्णय लिया कि अन्य विश्वविद्यालयों में "अभ्यागत संकाय" के कुछ स्थान बनाएं जाएं ताकि कश्मीर विश्वविद्यालय और उसके संबद्ध कालेजों वाले के वर्ग क, ख, और ग) वर्तमान लेक्चरारों , रीडरों और प्रोफेसरों के लिए) के शिक्षकों को शिक्षण / अनुसंधान का कार्य सौंपा जा सके । इन वर्गो के लिए प्रति माह समेकित मानदेय क्रमशः रू. 2500/- रू. 3000/- और रू. 4500/- देय होगा । आयोग ने यह भी निर्णय लिया कि ये शिक्षक उपर्युक्त दरों के आधार पर मानदेय के अतिरिक्त अपने मूल विश्वविद्यालय (कश्मीर विश्वविद्यालय) और संबद्ध कालेजों से वेतन

पाने के हकदार होंगे । 'अभ्यागत संकाय' के अवार्ड की अवधि दो अर्धवर्षिक सत्र या एक शैक्षिक वर्ष की होगी ।

10.12 अनुसंधान परियोजनाओं में सेवा-निवृत्त शिक्षकों की सहभागिता

आयोग अनुमोदित अनुसंधान परियोजनाओं में प्रमुख अन्वेषकों के रूप में भाग लेने वाले सेवानिवृत्त शिक्षकों को मानदेय प्रदान करता रहा है । इस योजना के अंतर्गत यह निर्धारित किया गया है कि सेवा-निवृत्त शिक्षक को अपने अनुसंधान/परियोजना कार्य के अतिरिक्त, सप्ताह में 4 से 6 घंटों के दौरान विश्वविद्यालय/कालेज में उपस्थित रहना चाहिए । इस कार्य के लिए सेवानिवृत्त शिक्षकों को देय मानदेय की राशि प्रतिमास रू. 2000/- हैं ।

10.13 अनुसंधान वैज्ञानिक

आलोच्य वर्ष के दौरान, विश्वविद्यालयों और संस्थाओं की परियोजनाओं मे कार्यरत क, ख, ग वर्ग के अनुसंधान वैज्ञानिकों के कार्यों की समीक्षा की गई । अनुसंधान वैज्ञानिक योजना के नियमों के प्रावधान के अनुसार आयोग ने, समीक्षा समिति की सिफारिश पर प्रत्येक विषय के एक उम्मीदवार को छोड़कर अन्यों को उसी वर्ग में संविदा की आंशिक या पूर्ण अवधि के लिए कार्य करने के लिए अनुमत किया है । आलोच्य वर्ष के दौरान, आयोग ने चयन समिति की सिफारिशों पर क वर्ग (लैक्चरर के समकक्ष) के अनुसंधान वैज्ञानिक अवार्ड के लिए 53 उम्मीवारों (अनु० जाति/अनु० जनजाति के उम्मीदवारों को मिलाकर) को चुना है । आयोग ने यह भी निर्णय किया कि आयोग द्वारा गठित समीक्षा समिति द्वारा अनुसंधान वैज्ञानिक योजना की गंभीरता से समीक्षा की जानी चाहिए ।

10.14 विदेशों में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में सम्मिलित होने के लिए यात्रा अनुदान

आयोग कालेज शिक्षकों को विदेशों में अंतर्राष्ट्रीय अकादमिक सम्मेलनों में भाग लेने के लिए आंशिक सहायता देता है । इस योजना में आयोग का अनुदान, पंजीकरण फीस, अंतर्राष्ट्रीय हवाई यात्रा, हवाई अड्डा कर, दैनिक भत्ते जैसे स्वीकार्य मदों पर प्रचलित दरों पर कुल व्यय का अधिक से अधिक 50 प्रतिशत होता है । रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान इस प्रयोजन के लिए आयोग ने रू. 29.15 लाख का अनुदान कालेजों को दिया ।

विश्वविद्यालय शिक्षकों के लिए "असमनुदेशित अनुदान" योजना के अंतर्गत ऐसी ही सहायता उपलब्ध है ।

10.15 संकाय आवास काम्प्लेक्स/अतिथि गृह

आयोग संकाय आवास काम्प्लेक्सों, शिक्षकों के होस्टलों और संकाय के लिए अतिथि-गृहों के निर्माण के लिए भी सीमित आधार पर अनुदान देता रहा है । वर्ष 1990-91 के दौरान इस प्रयोजन के लिए रू. 76 लाख का अनुदान जारी किया गया ।

10.16 शिक्षक अध्येतावृत्तियां

यह योजना संबद्ध कालेजों में कार्यरत शिक्षकों को एम. फिल./पीएच. डी. उपाधि हासिल करने के योग्य बनाती है और इससे वे अपनी शिक्षण योग्यता तथा कार्यप्रणाली सुधार सकते हैं और वे अपने अध्ययन और अनुसंधान के क्षेत्र में नवीनतम विकासों से अवगत रह सकते हैं ।

आठवीं योजना में इस योजना का संशोधन किया गया है । वर्ष 1990-91 से संचालित इस संशोधित योजना के अनुसार, आयोग केवल एक वर्ष की अवधि की अल्पकालीन शिक्षक अध्येतावृत्तियां प्रदान करेगा जिससे कालेज शिक्षक एम. फिल. उपाधि के लिए कार्य कर सकेंगे । पहले पीएच. डी. करने के लिए जो दीर्घकालीन शिक्षक अध्येतावृत्तियां प्रदान की जाती थीं उन्हें अब समाप्त कर दिया गया है । लेकिन, पीएच. डी. उपाधि के लिए जिन शिक्षकों ने पर्याप्त कार्य कर लिया है और जिन्हें अब केवल एक वर्ष कार्य करने की आवश्यकता रह गई है उन्हें अपना कार्य समाप्त करने के लिए एक वर्षीय अल्पकालीन अध्येतावृत्ति प्रदान करने पर विचार किया जा सकता है ।

यह योजना केवल उन कालेजों पर लागू होगी जो आठवीं योजना अवधि में विकास सहायता पाने के हकदार होंगे । अध्येतावृत्तियों की संख्या स्थायी शिक्षकों (या राजकीय कालेजों के मामले में नियमित आधार पर होगी, जिसमें प्रिंसिपल शामिल होगा परन्तु इसमें शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक/शारीरिक शिक्षा निदेशक और पुस्तकाध्यक्ष शामिल नहीं होंगे । प्रत्येक कालेज में, पांच स्थायी शिक्षकों (या राजकीय कालेज के मामले में नियमित आधार पर नियुक्त शिक्षकों) के पीछे एक वर्षीय एक अल्पकालीन शिक्षक अध्येतावृत्ति प्रदान की जाएगी और इस प्रकार की अध्येतावृत्तियां आठ से अधिक नहीं होगी । केवल स्थायी शिक्षक (या राजकीय कालेजों के मामले में नियमित आधार पर

नियुक्त शिक्षक) जिनकी आयु 45 वर्ष तक की है (महिला शिक्षकों के मामले में 5 वर्ष की छूट होगी) और जिन्होंने कम-से-कम स्नातकोत्तर डिग्री स्तर पर 50 प्रतिशत अंक अर्जित किए है उन्हें इन अध्येतावृत्तियों के लिए पात्र माना जाएगा । इस प्रयोजन के लिए गठित चयन समिति की सहायता से इन अध्येतावृत्तियों का अनुमोदन उस विश्वविद्यालय का उपकुलपति करेगा जिससे कालेज संबद्ध है । आयोग केवल व्यय की प्रतिपूर्ति करेगा ।

इस योजना के अंतर्गत आयोग अध्येताओं को प्रतिमास रू. 750/- निर्वाह-व्यय भत्ते के रूप में और आकस्मिकता अनुदान मानविकी, समाजिक विज्ञान और वाणिज्य विषयों के संबध में रू. 5000/- तक प्रतिवर्ष तथा विज्ञान विषयों (गणित, सांख्यिकी, भूगोल तथा मनोविज्ञान विषयों को मिलाकर) के संबंध में रू. 7500/- तक प्रतिवर्ष प्रदान करेगा । इसके अधीन चुन गए शिक्षकों को अनुसंधान केंद्रों में कार्यभार संभालने और अध्येतावृत्ति की अवधि समाप्त होने पर मूल संस्था में वापस आने के लिए कालेज दरों के आधार पर (प्रथम श्रेणी ट्रेन बस से) यात्रा भत्ता दिया जाएगा । शिक्षक अध्येता को निर्वाह-व्यय भत्ता तथा यात्रा भत्ता तभी देय होगा जब अनुसंधान केंद्र और मूल संस्था के बीच की दूरी 40 कि. मी से अधिक होगी और अनुसंधान केंद्र और मूल संस्था एक ही शहर में न होकर अलग-अलग शहर में होंगे ।

यह योजना व्यावसायिक कालेजों ओर ऐसे कालेजों में काम करने वाले शिक्षकों पर लागू नहीं होती जिनमें, आयुर्विज्ञान, कृषि और इंजीनियरी विषय पढ़ाए जाते है ।

10.17 पारंपरिक स्कालर

पिछले वर्ष चालू की गई इस योजना के अधीन आयोग विश्वविद्यालयों में नियुक्ति के लिए संस्कृत, पाली, प्राकृत, अरबी और फारसी के पारंपरिक स्कालरों का चयन करता है । इय योजना से यह आशा की जाती है कि इससे विश्वविद्यालयों में पारंपरिक भारतीय विद्वतता एवं आधुनिक विद्या का संगम होगा । चुने गए पारंपरिक विद्वानों को उतनी ही परिलब्धियां/मानदेय मिलेगा जितना कि अभ्यागत प्रोफेसरों को दिया जाता है । वे परामर्श, मार्ग-दर्शन तथा औपचारिक व्याख्यान और अनौपचारिक वार्ता देने के लिए संकाय सदस्यों/अनुसंधान स्कालरों को निर्दिष्ट विश्वविद्यालयों के कैम्पसों में उपलब्ध होंगे । इनकी नियुक्ति एक वर्ष के लिए की जाएगी । लेकिन, कुछ स्कालर अपनी जीवन शैली के कारण अपना स्थान छोड़ने में असमर्थ होंगे । ऐसे मामलों मे विश्वविद्यालय/कालेज शिक्षक, मार्गदर्शन तथा परामर्श के लिए उनके पास जाएंगे जिसके लिए उन्हें नियमानुसार

यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता दिया जाएगा । आयोग ने ऐसे विश्वविद्यालयों के लिए जो ऐसे स्कालरों की नियुक्ति करेंगे अलग से अनुदान की व्यवस्था कर दी है ।

10.18 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की प्रोफेसरशिप

वर्ष 1989-90 के दौरान आयोग ने विश्वविद्यालयों के शिक्षकों के लिए सभी विषयों में वि. अ. आ. प्रोफसरशिप के 100 से 150 स्थान सृजित करने के लिए एक योजना तैयार की है । इस योजना को मानव संसाधान विकास मंत्रालय भारत सरकार को भेजा गया है । उसकी सहमति की प्रतीक्षा की जा रही है ।

खंड-11
छात्रों के लिए कार्यक्रम

11.01 आयोग छात्रों के हितलाभ के लिए विभिन्न शैक्षिक एवं कल्याण कार्यक्रम लागू करता रहा है ताकि अध्ययन, अधिगम तथा अनुसंधान के लिए उपयुक्त वातावरण पैदा हो सके । इस संबंध में आयोग द्वारा किए गए प्रयासों का देश में उच्च शिक्षा के स्तरों के अनुरक्षण तथा सुधार पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ा है । स्टाफ की नियुक्ति, शैक्षिक भवनों, पुस्तकालयों तथा प्रयोगशालाओं के निर्माण, उपस्करों, पुस्तकों तथा पत्रिकाओं की खरीद समेत आयोग के सभी विकास कार्यक्रमों का छात्रों के कल्याण तथा शैक्षिक कार्यक्रम चलाने के लिए अनुकूल वातावरण तथा परिस्थितियों को बढ़ावा देने पर प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है । इसके अतिरिक्त आयोग ने एक ओर जरूरतमंद तथा सामाजिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए और दूसरी ओर योग्य छात्रों के अनेक विशिष्ट कार्यक्रम प्रारंभ किए हैं । चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों का ब्यौरा अगले पैराग्राफों में दिया गया है ।

11.02 'नियतकालीन आधार' पर कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियां

आयोग ने 'नियतकालीन आधार' पर कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियों के आबंटन से संबंधित योजना के कार्यान्वयन के लिए विश्वविद्यालयों को वित्तीय सहायता देना जारी रखा ताकि सामाजिक विज्ञानों सहित विज्ञान एवं मानविकी विषयों में एम. फिल./ पी-एच.डी. डिग्री के लिए उच्च अध्ययन एवं अनुसंधान कार्य के लिए शिक्षकों को अवसर प्रदान किए जा सकें । 1984 से कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियां केवल उन्हीं उम्मीदवारों को प्रदान की जाती हैं जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् द्वारा संचालित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा अथवा इस प्रयोजन के लिए समान घोषित परीक्षा उत्तीर्ण कर लेते हैं ।

जिन उम्मीदवारों ने राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी उनके लिए 'नियतकालीन आधार' योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालयों को अध्येतावृत्तियां आबंटित कर दी गई थीं । उपलब्ध कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालयों से योग्यता प्राप्त उम्मीदवारों को ये वृत्तियां प्रदान करने का अनुरोध किया गया था । इसके अलावा आयोग कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवारों के खपाने के लिए आबंटित कोटे के अतिरिक्त अधिसंख्यक/वैयक्तिक अध्येतावृत्तियां भी प्रदान करता है ।

11.03 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियां

पहले "नियतकालीन आधार पर कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति" वाली वि. अ. आ. की योजना के अंतर्गत विभिन्न विश्वविद्यालयों को आबंटित अनुसंधान अध्येतावृत्तियां अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए आरक्षित थीं । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग - एन ई टी - जे आर एफ परीक्षा शुरू किए जाने के बाद अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए जे आर एफ में 10 प्रतिशत आरक्षण वाली योजना को समाप्त कर दिया गया और अब आरक्षण के बजाय अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए उपर्युक्त परीक्षाओं में 10 प्रतिशत अंकों की छूट दे दी गई है । मई, 1989 के दौरान, कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति की परीक्षा में उत्तीर्ण अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों की बहुत कम संख्या को देखते हुए आयोग ने यह निर्णय लिया कि कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण सभी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को अध्येतावृत्ति प्रदान कर दी जाए । यह निर्णय भी लिया गया कि यदि "नियतकालीन आधार पर कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति योजना के अधीन कोई रिक्त स्थान नहीं है तो आयोग अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के ऐसे उम्मीदवारों के लिए विश्वविद्यालयों को कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति के वैयक्तिक अधिसंख्यक स्थानों की व्यवस्था करेगा । कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति परीक्षा के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के सभी उत्तीर्ण उम्मीदवारों को इस निर्णय की सूचना भेज दी गई थी ।

इसके अतिरिक्त, आयोग प्रत्येक वर्ष अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए खुले चयन के माध्यम से समाजविज्ञानों सहित विज्ञान तथा मानविकी विषयों में 50 अध्येतावृत्तियां सीधे ही प्रदान करता है । खुले चयन की संशोधित प्रक्रिया के अनुसार जो उम्मीदवार छूट प्रदत्त स्तर पर भी वि. अ. आ., एन. ई. टी./संयुक्त वि. अ. आ. - वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्, कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति की परीक्षाएं उत्तीर्ण नहीं कर पाते, उनका साक्षात्कार लेकर उन्हें अध्येतावृत्तियां प्रदान की जाती हैं । तद्नुसार, आयोग ने वर्ष 1989-90 और 1990-91 के लिए अध्येतावृत्तियां प्रदान करने के बारे में अंतिम निर्णय ले लिया है ।

11.04 सीमावर्ती पर्वतीय क्षेत्रों के लिए छात्रवृत्तियां

आयोग सीमावर्ती क्षेत्रों के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जातियों के छात्रों को खुले चयन द्वारा 25 स्नातकोत्तर छात्रवृत्तियां प्रदान करता है ताकि इन क्षेत्रों के छात्रों तथा देश के बाकी भागों के छात्रों के बीच शैक्षिक संपर्क को बढ़ावा मिल सके ।

11.05 इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी में अनुसंधान अध्येतावृत्तियां

आयोग इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी में प्रतिवर्ष 60 अनुसंधान अध्येतावृत्यिां प्रदान करता है ताकि छात्र इस विद्या में अपनी विशेषज्ञता के क्षेत्रों में उच्च अध्ययन तथा अनुसंधान (जिसे पूरा करने पर प.एच.डी. की डिग्री मिलती है । इसके लिए न्यूनतम योग्यता इंजीनीयरी/प्रौद्योगिकी में मास्टर डिग्री है । उम्मीदवार को अंतिम तीन शैक्षिक वर्षो में जी ए टी ई / संयुक्त यू जी सी - सी एस आई आर, जे आर एफ परीक्षा अवश्य उत्तीर्ण कर लेनी चाहिए । वर्ष 1989-90 और 1990-91 के लिए दिए जाने वाले अवार्डो के लिए उम्मीदवारों का चयन किया जा रहा है ।

11.06 अनुसंधान छात्रों की आकस्मिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विश्वविद्यालयों को एकमुश्त अनुदान

आयोग विश्वविद्यालयों को उन अनुसंधान छात्रों की आकस्मिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एकमुश्त अनुदान प्रदान करता है जिन्हें अध्येतावृत्ति/छात्रवृत्ति नहीं मिलती । इस प्रयोजन के लिए दो स्तरों पर सहायता दी गई थी अर्थात् गत तीन वर्षो के दौरान जिन विश्वविद्यालयों में पूर्णकालिक अनुसंधान छात्रों की औसत संख्या 100 हो उनके लिए रू. 25,000/- और जिनमें पूर्णकालिक अनुसंधान छात्रों की संख्या 100 से अधिक हो उनको रू. 50,000/-.

11.07 विकासशील दर्शों के राष्ट्रिकों को कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियां तथा अनुसंधान एसोशिएटशिपें

आयोग विकासशील देशों के राष्ट्रिकों को एम. फिल. / पी-एच.डी. की उपाधि के लिए 20 कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियां तथा पश्च-डाक्टरेट अनुसंधान के लिए सात अनुसंधान एसोशिएटशिपें प्रदान करता है । ये अनुसंधान एसोशिएटशिपें विज्ञान, इंजीनियरी और सामाजिक विज्ञानों सहित मानविकी विषयों में दी जाती है । आलोच्य अवधि के दौरान आयोग ने चयन समिति की सिफारिश पर विभिन्न विकासशील देशों के 33 कनिष्ठ अनुसंधान अध्येताओं और दो अनुसंधान एसोशिएटों का चयन किया । अध्येतावृत्ति तथा एसोशिएटशिप तभी प्रदान की जाती है जो विदेश मामलों के मंत्रालय तथा गृह मंत्रालय से क्रमशः राजनीतिक और सुरक्षा की दृष्टि से स्पष्ट संकेत प्राप्त हो जाते हैं ।

11.08 अनुसंधान एसोशिएटशिपें

आयोग गांधी अध्ययन, नेहरू अध्ययन तथा राष्ट्रीय एकता - प्रत्येक के लिए

पांच-पांच अनुसंधान एसोशिएटशिपें सहित कुल 150 अनुसंधान एसोशिएटशिपें प्रदान करता है ताकि जिन छात्रों ने विज्ञान, सामाजिक विज्ञानों सहित मानविकी और इंजीनियरी/टेक्नोलाजी में पश्च-डाक्टरेट अनुसंधान कार्य में प्रतिभा तथा योग्यता प्रदर्शित की है उन्हें अवसर प्रदान किये जा सकें । आलोच्य वर्ष के दौरान आयोग ने 1987-88 तथा 1988-89 के निर्धारित कोटे के लिए अनुसंधान एसोशिएटशिप प्रदान करने के लिए उम्मीदवारों का चयन किया जा चुका है और वर्ष 1989-90 के लिए आवेदन मांगे गए हैं ।

11.09 महिलाओं के लिए अंशकालिक अनुसंधान एसोशिएटशिपें

आयोग प्रत्येक वर्ष महिलाओं के लिए 40 अंशकालिक अनुसंधान एसोशिएटशिपें प्रदान करता है ताकि जिन छात्राओं ने विज्ञान, सामाजिक विज्ञानों सहित मानविकी और इंजीनियरी/टेक्नोलाजी में स्वतंत्र रूप से अथवा परियोजना कार्य में पश्च-डाक्टरेट अनुसंधान कार्य में प्रतिभा और योग्यता प्रदर्शित की है, उन्हें अवसर प्रदान किए जा सकें । आलोच्य वर्ष के दौरान 1988-89 के निर्धारित कोटे के लिए उम्मीदवारों का चयन किया जा चुका है और 1989-90 के कोटे के लिए आवेदन मांगे गए हैं ।

11.10 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए अनुसंधान एसोशिएटशिपें

आयोग प्रत्येक वर्ष अनुसूचित जाति/जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 40 अनुसंधान एसोशिएटशिपें अलग से रखता है । आलोच्य वर्ष के दौरान आयोग ने वर्ष 1987-88 तथा 1988-89 के लिए निर्धारित कोटे के 40 - 40 स्थानों के लिए अनुसंधान एसोशिएटशप प्रदान करने के लिए उम्मीदवारों का चयन कर लिया है और वर्ष 1989-90 के लिए आवेदन मांगे हैं ।

11.11 विकलांग छात्रों के लिए अनुसंधान एसोशिएटशिपें

विकलांग छात्रों के लिए प्रत्येक वर्ष 30 अनुसंधान एसोशिएटशिपें आरक्षित रखी जाती हैं । आलोच्य वर्ष के दौरान आयोग ने वर्ष 1987-88 और 1988-89 के लिए निर्धारित वार्षिक कोटे की 30 - 30 एसोशिएटशिपों के लिए अंध, बधिर तथा मूक छात्रों सहित शारीरिक रूप से विकलांग छात्र उम्मीदवारों का चयन कर लिया है । आयोग ने वर्ष 1989-90 के लिए एसोशिएटशिपें प्रदान करने के लिए आवेदन मांगे हैं ।

11.12 छात्रावासों का निर्माण

सामाजिक न्याय के हित में, आयोग ने यह विहित किया है कि जिन विश्वविद्यालयों को आयोग छात्रावासों के निर्माण करने के लिए सहायता प्रदान करता है इन विश्वविद्यालयों को ऐसे छात्रावासों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातियों के छात्रों के लिए 20 प्रतिशत सीटें आरक्षित करनी होंगी । आठवीं योजना के लिए निर्धारित संशोधित मार्ग-निर्देशों के अनुसार आयोग महिला छात्रावासों के निर्माण का पूरा खर्च वहन करेगा और पुरुष छात्रावासों के निर्माण का 75 प्रतिशत खर्च वहन करेगा । जबकि सातवीं योजना के दौरान यह अनुदान क्रमशः 75 और 50 प्रतिशत था । आयोग एकल सीट वाले कमरों का निर्माण करने के बजाय शयनशालाएं और /या दो या तीन सीट वाले कमरों का निर्माण करने के लिए बढ़ावा देता है ताकि प्रति छात्र लागत कम बैठे ।

वर्ष 1990-91 के दौरान विश्वविद्यालयों को तथा कालेजों को छात्रावासों के निर्माण/सुधार के लिए रू. 100 लाख का अनुदान दिया गया ।

11.13 चुनिन्दा विश्वविद्यालयों में भारत भवन छात्रावास काम्प्लेक्स

चुनिन्दा विश्वविद्यालयों में चरणबद्ध रूप में भारत भवन छात्रावास काम्प्लेक्स स्थापित करने के संबंध में नियुक्त की गई समिति की सिफारिशों को स्वीकार करते हुए आयोग ने वर्ष 1989-90 के दौरान मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार से यह अनुरोध किया कि वह इसके लिए अलग से निधियां आबंटित करे ताकि आठवीं योजना की अवधि के दौरान इस योजना को कार्यान्वित किया जा सके ।

बहरहाल, आयोग ने, आठवीं योजना के प्रस्तावों को तैयार करते समय विश्वविद्यालयों में भारत भवन छात्रावास काम्प्लेक्सों सहित छात्रावासों के निर्माण के लिए रू. 55 करोड़ का प्रावधान किया है ।

11.14 युवा तथा खेल-कूद - राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) का कार्यान्वयन

युवा तथा खेल-कूद के क्षेत्र में आयोग राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) के विभिन्न उपबंधों का कार्यान्वयन कर रहा है । इस संबंध में वर्ष 1990-91 के दौरान आयोग ने युवा तथा खेलकूदों के क्षेत्र में निम्नलिखित कदम उठाए :

(क) आयोग ने लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा कालेज, ग्वालियर के साथ मिलकर शारीरिक शिक्षा निदेशकों के लिए चार सप्ताह की अवधि के पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया । लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शिक्षा कालेज ने प्रथम पाठ्यक्रम का आयोजन मई/जून 1990 में किया ।

(ख) शारीरिक शिक्षा की मॉडल पाठ्यचर्या तैयार करने के लिए नियुक्त समिति की रिपोर्ट, जिसे शारीरिक शिक्षा नामिका के पास भेजा गया था उसे अंतिम रूप दिया गया । समिति की रिपोर्ट को शारीरिक शिक्षा की नामिका की सिफारिशों सहित अपनाने के लिए विश्वविद्यालयों में परिचालित किया गया है ।

खंड - 12
सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम तथा अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

12.01 सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम

सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों का उद्देश्य भारत तथा अन्य देशों के बीच सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं वैज्ञानिक सहयोग को बढ़ावा देना है । ये कार्यक्रम भारत सरकार तथा अन्य देशों की सरकारों के मध्य हुए विशिष्ट समझौतों के अंतर्गत आते हैं । भारत सरकार ने विश्वविद्यालय स्तरीय उच्च शिक्षा से संबंधित कार्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को कार्यान्वयन के लिए सौंपे हैं । ये कार्यक्रम सामान्यतः इन विषयों से संबंधित हैं - अध्ययन-व-व्याख्यान हेतु शिक्षकों को आदान-प्रदान, विचार-विनिमय, हेतु शिक्षकों का आदान-प्रदान, विचार-विनिमय, संबंधों के बीच द्विपक्षीय शैक्षिक संबंधों का विकास, संयुक्त संगोष्ठियों का आयोजन, विदेशी-भाषा शिक्षकों का समनुदेशन तथा छात्रवृत्तियां/अध्येतावृतियां प्रदान करना । इन कार्यक्रमों के अधीन सामान्य रूप से 4 से 12 सप्ताह के दौरे किए जाते हैं । विशेष मामलों में, इन दौरों की अवधि छह महीने तक हो सकती है । विदेशी भाषा शिक्षकों के समनुदेशन तथा छात्रवृत्तियां/अध्येतावृत्तियां प्रदान करने के मामलों में इन दौरों की अवधि सामान्यतः एक शैक्षिक वर्ष होती है । ये कार्यक्रम हमारे शिक्षकों के लिए विशेष उपयोगी होते हैं । इनके माध्यम से शिक्षक अपने विशेषज्ञता क्षेत्र में हो रही प्रगति से अवगत होते रहते हैं और सहयोगी कार्यक्रम विकसित करने की संभावनाओं का पता लगा सकते हैं । वर्ष 1990-91 के दौरान आयोग 48 देशों के साथ ऐसे कार्यक्रमों को लागू कर रहा था । आलोच्य वर्ष के दौरान आयोग ने विभिन्न देशों के 113 विदेशी छात्रों के दौरों की मेजबानी की तथा भारत की विभिन्न संस्थाओं में उनके कार्यक्रम आयोजित किए । वर्ष के दौरान इन कार्यक्रमों के अधीन भारत से विदेश भेजे जाने वाले छात्रों की संख्या 114 थी ।

12.02 द्विपक्षीय संस्थागत संबंध

हाल के वर्षो में आयोग ने जिस महत्वपूर्ण कार्य पर जोर दिया वह था दोनों देशों के विश्वविद्यालयों के अभिज्ञात विभागों तथा उच्च शिक्षा संस्थाओं के मध्य विशिष्ट क्षेत्रों में द्विपक्षीय संस्थागत संबंधों का विकास । तदनुसार यू. एस. एस. आर., जर्मनी, बुल्गारिया, चेकोस्लोवाकिया, हंगरी, पोलैंड, फ्रांस, यूगोस्लाविया, इटली, फिनलैंड, ईरान, चीन, बहरीन आदि जैसे देशों के साथ द्विपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों का पता लगा लिया गया

है । संयुक्त राज्य अमेरिका तथा कनाडा के साथ इस प्रकार के सहयोग के लिए प्रयत्न किए जा रहे हैं । इस कार्यक्रम की समीक्षा समय-समय पर की जाती है ।

वर्ष 1990-91 के दौरान सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों के अधीन विभिन्न कार्यकलापों का सारांश नीचे दिया गया है । :

12.03 प्रतिनिधि

1. सेचिलीज के एक तीन-सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने 26 फरवरी, 1991 से 14 दिनों के लिए भारत का दौरा भारत-सेचिलीज़ सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत किया ।

2. ईरान के एक छह-सदस्यीय शिष्ट मंडल ने मार्च-अप्रैल, 1991 में भारत का दौरा किया । इस दौरे को सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम से बाहर समायोजित किया गया था ।

12.04 विदेशी भाषा शिक्षक

आयोग ने रूसी, जर्मन, पोलिश, सर्वोक्रोशियाई, रूमानी, बुलगेरियाई, मंगोली, कोरियाई, वियतनामी, हंगेरियन, पुर्तगाली, चीनी और फ्रांसीसी भाषा के शिक्षक उन विश्वविद्यालयों में भेजना जारी रखा जिनमें सांस्कृतिक विनियम कार्यक्रम के उपबंधों के अनुसार संबंधित विदेशी भाषाओं को पढ़ाने के लिए समुचित आधार-संरचना विद्यमान थी । विदेशी भाषा शिक्षकों को भारतीय शिक्षकों की सहायता करने के लिये रखा जाता है न कि उनके स्थान पर । इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए आयोग ने इस बात पर बल दिया कि विश्वविद्यालय के विदेशी भाषा विभाग को भारतीय संकाय सदस्यों की सहायता से संबंधित विदेशी भाषा का शिक्षण में समुचित आधार-संरचना विकसित करनी चाहिए ताकि संबंधित विदेशी भाषा का शिक्षण उस स्तर तक का हो जाए जिससे वे विदेशी भाषा शिक्षकों के साथ तालमेल कर सकें वर्ष1990-91 के दौरान रूसी में 45, जर्मन में 11, फ्रांसीसी में 10, स्पेनिश में 2 तथा पोलिश, सर्वोक्रोशियाई बुलगेरियाई, मंगोली, कोरियाई वियतनामी, हंगेरियाई, चीनी तथा पुर्तगाली क्रमशः एक-एक शिक्षक भारतीय विश्वविद्यालयों में नियुक्त किए गए ।

12.05 अध्येयावृत्तियां और छात्रवृत्तियां

वर्ष 1990-91 में सांस्कृतिक विनियम कार्यक्रम के दौरान निम्नलिखित अध्येतावृत्तियां/छात्रवृत्तियां दी गई :

(I) प्राकृतिक विज्ञान, गणित, भूविज्ञान, जर्मन भाषा और साहित्य एवं मानविकी एवं सामाजिक विज्ञानों के कुछेक क्षेत्रों में उच्च अनुसंधान के लिए जर्मन अकादमिक विनिमय सेवा द्वारा प्रदान की गई 12 अध्येतावृत्तियों के लिए आयोग ने 15 छात्रों को नामित किया । इनमें से दो अध्येतावृत्तियां जर्मन भाषा और साहित्य के लिए आरक्षित हैं ।

(II) जर्मन अकादमिक विनिमय सेवा द्वारा भारतीय विश्वविद्यालयों के जर्मन भाषा विभागों में एम. ए. पाठ्यक्रमों के वरिष्ठ छात्रों के साथ-साथ एम. फिल./एम. लिट. पाठ्यक्रमों में नामांकित छात्रों के लिए छह अल्पकालीन अध्येतावृत्तियों के लिए छह छात्रों को नामित किया गया ।

(III) आयोग ने, भारतीय विश्वविद्यालयों, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों और विश्वविद्यालय मानी गई संस्थाओं में जर्मन भाषा का शिक्षण करने वाले शिक्षकों के लिए जर्मन अकादमिक विनियम सेवा द्वारा भेजे गए तीन मास की अवधि के तीन आमंत्रणों के लिए तीन भारतीय शिक्षकों को नामित किया ।

(IV) आयोग ने, जर्मन संस्कृति, इतिहास, अर्थशास्त्र, दर्शनशास्त्र, शिक्षा और प्राकृतिक विज्ञानों में भारत में पी. एच. डी. के लिए पंजीकृत भारतीय छात्रों के लिए जर्मन अकादमिक विनिमय सेवा द्वारा प्रदान की गई तीन से छह माह की अवधि की वर्ष 1991 के लिए छह अल्पकालीन (24 मानव मास अध्येतावृत्तियों के लिए पांच छात्रों को नामित किया ।

(V) आयोग ने, वर्ष 1990-91 के लिए फ्रांसीसी भाषा, साहित्य और सभ्यता के लिए फ्रांसीसी सरकार द्वारा प्रदान की गई 14 अध्येतावृत्तियों के लिए 14 शिक्षकों को और 4 छात्रवृत्तियों के लिए 4 छात्रों को नामित किया ।

12.06 ऐसे शिक्षकों को यात्रा अनुदान प्रदान करना जिन्हें विदेश में उनके रख-रखाव के लिए अध्येतावृत्तियां/वजीफे दिए जाने का प्रस्ताव है

आयोग ने ऐसे शिक्षको को यात्रा अनुदान देना जारी रखा जो अपने अनुसंधान कार्य के लिए सामग्री एकत्र करने के लिए या उस देश की किसी ऐजेंसी से, जहां छात्र को अपने रख-रखाव के लिए वित्तीय सहायता मिलने का प्रस्ताव है, अध्येतावृत्ति या सहायता प्राप्त करने के लिए विदेशों में जाते हों । वर्ष के दौरान इस योजना के अंतर्गत 12 शिक्षकों को सहायता प्रदान की गई ।

12.07 यू. के. तथा अन्य देशों में अनुसंधान कार्य के लिए स्रोत सामग्री का एकत्रीकरण

इस योजना के अधीन आयोग मानविकी तथा समाज विज्ञानों के वरिष्ठ भारतीय विद्वानों को उनके यू. के. छह से आठ सप्ताह की अवधि के दौरों के लिए यात्रा तथा अनुरक्षण व्यय की व्यवस्था करता है ताकि वे अपने अनुसंधान कार्य के लिए ऐसी सामग्री एकत्रित कर सकें जो सामान्यतः भारत में उपलब्ध नहीं होती । आलोच्य वर्ष के दौरान इस कार्यक्रम के अधीन उपलब्ध 52 सप्ताहों की अवधि का पूरा उपयोग किया गया है और 9 स्कालरों को सहायता प्रदान की गई ।

12.08 भारत-अमेरिका अध्येतावृत्ति कार्यक्रम

इस कार्यक्रम के अंतर्गत भारत में पश्च-डॉक्टरेट अनुसंधान कार्य के लिए अमरीकी छात्रों की 10 मास की अवधि की 15 अध्येतावृत्तियों के लिए आयोग ने 10 मास की अवधि वाली 12 दीर्घकालीन अध्येतावृत्तियों तथा दो से तीन मास की अवधि वाली छह अल्पकालीन अध्येतावृत्तियों के लिए नामन प्राप्त किए । भारत सरकार ने संयुक्त राज्य अमेरिका में पश्च-डाक्टरेट कार्य के लिए विश्वविद्यालयों/कालेजो और प्रौद्योगिकी संस्थानों से भारतीय शिक्षकों के दौरे के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को 12 अध्येतावृत्तियों आबंटित कीं । आयोग ने आंबटित अध्येतावृत्तियों में से चार अध्येतावृत्तियों को तीन मास की अवधि वाली 12 अल्पकालीन अभ्यागतवृत्तियों में बदल दिया । तदनुसार आयोग ने 10 मास की अवधि वाली 8 दीर्घकालीन अध्येतावृत्तियों तथा तीन मास की अवधि वाली 12 अल्पकालीन अभ्यागतवृतियों के लिए नामन किए ।

12.09 वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद सी. एन. आर. एस. वैज्ञानिकों का विनिमय कार्यक्रम

आलोच्य वर्ष के दौरान इस कार्यक्रम के अंतर्गत वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद ने भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा फ्रांस का दौरा करने के लिए 200 श्रम दिवस आबंटित किए और उसी प्रकार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने भी फ्रांस के वैज्ञानिकों द्वारा अनुसंधान कार्यक्रमों के सिलसिले में भारत का दौरा करने के लिए सी. एन. आर. एस. को 200 श्रम दिवस आबंटित किए वर्ष 1990-91 के दौरान छह भारतीय विद्वानों ने चार-चार सप्ताहों के लिए फ्रांस का दौरा किया ।

12.10 कनाडियन अध्ययनों का विकास

आयोग ने कनाडा से संबंधित अध्ययन कार्यक्रमों की शुरूआत की है । आयोग ने भारत में कनाडियन अध्ययनों के विकास से संबंधित परामर्शी दल की सलाह पर 13

विभागों को विभिन्न स्तरों पर वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए उनका पता लगा लिया है । ये केंद्र कनाडा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर अध्ययन करेंगे । ये अध्ययन मुख्य रूप से ऐतिहासिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक पहलुओं से संबंधित होंगे ।

12.11 अकादमिक संपर्क अंतर्विनिमय योजना (अकादमिक लिंक इंटरचेंज स्कीम)

यह कार्यक्रम, भारत और यू. के. की उच्च शिक्षा संस्थाओं के बीच विशिष्ट क्षेत्रों में संपर्क के विकास के लिए ब्रिटिश काउंसिल के सहयोग से क्रियान्वित किया जाता है । योजना का मुख्य उद्देश्य संयुक्त रूप से अनुसंधान कार्य करना, संयुक्त प्रकाशन, पाठ्यचर्या विकास और संकाय सदस्यों के दौरों की व्यवस्था करना है ।

वर्ष 1990-91 के दौरान 15 भारतीय स्कालरों ने यू. के. का दौरा किया जबकि 10 ब्रिटिश स्कालरों ने भारतीय विश्वविद्यालयों का दौरा किया । इस योजना के अधीन स्कालरों को प्रायोजित करने वाले देश को अंतर्राष्ट्रीय यात्रा व्यय वहन करना होता है जबकि मेजबान देश को आवास, भोजन, जेब-खर्च और आंतरिक यात्रा व्यय वहन करना होता है ।

12.12 'सार्क' पीठें/अध्येतावृत्तियां/छात्रवृत्तियां

'सार्क' मंत्रिपरिषद की 15वीं बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसरण में भारत सरकार ने 'सार्क' पीठों /अध्येतावृत्तियों/छात्रवृत्तियों की योजना शुरू करने का निर्णय लिया । इस योजना का कार्यान्वयन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग करेगा । इस योजना में देशवार उपलब्ध स्थान इस प्रकार है : -

	बंगला देश	भूटान	भारत	नेपाल	पाकिस्तान	श्रीलंका	मालदीव
पीठ	1	-	-	-	1	-	-
अध्येतावृत्ति	6	1	6	1	6	6	-
छात्रवृत्ति	12	-	12	2	12	12	-

वर्ष 1990-91 के दौरान, आयोग ने पाकिस्तान को एक पीठ के लिए एक अध्येतावृत्ति के लिए दो तथा छात्रवृत्ति के लिए पांच स्कालरों को नामित किया । उसी प्रकार , अन्य 'सार्क' देशों से भूटान ने अध्येतावृत्ति के लिए एक नामांकन, नेपाल ने अध्येतावृत्ति के लिए एक तथा छात्रवृत्ति के लिए दो नामांकन और पाकिस्तान ने छात्रवृत्ति के लिए चार नामांकन भेजे । योजना के अंतर्गत नामित करने वाला देश स्कालर का

अंतर्राष्ट्रीय हवाई मार्ग किराया देता है और मेजबान देश दाखिले के लिए समस्त प्रबंध और स्वीकार्य नियमों के अनुसार भत्तों की अदायगी करता है ।

12.13 सैद्धान्तिक भौतिकी के लिए अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (आई. सी. आई. पी.)

सैद्धान्तिक भौतिकी के लिए अंतर्राष्ट्रीय केंद्र के आयोजकों त्रिस्टे (इटली) में या किसी अन्य देश में आयोजित ग्रीष्मकालान स्कूलों में भाग लेने के लिए भारतीय विश्वविद्यालयों/कालेजों से शिक्षकों को आमंत्रित करते हैं । आयोग शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय हवाई किराए का 50 प्रतिशत प्रदान करता है और ग्रीष्मकालीन स्कूल की कुल अवधि के लिए रख-रखाव सहित शेष राशि सैद्धांतिक भौतिकी के लिए अंतर्राष्ट्रीय केंद्र प्रदान करता है । वर्ष 1990-91 के दौरान, इस योजना के अधीन आयोग ने विश्वविद्यालय/कालेज के 4 शिक्षकों को सहायता प्रदान की ।

12.14 राष्ट्र-मंडल शैक्षिक स्टाफ अध्येतावृत्तियां तथा छात्रवृत्तियां

राष्ट्रमंडल शैक्षिक स्टाफ अध्येतावृत्तियों तथा छात्रवृत्तियों का उद्देश्य राष्ट्रमंडल के विकासशील देशों के विश्वविद्यालयों/कालेजों के शिक्षकों को सहायता प्रदान करना है ताकि वे यू. के. में विश्वविद्यालयों अथवा इसी प्रकार की अन्य संस्थाओं में अपने अनुभव में वृद्धि कर सकें । इस कार्यक्रम के अंतर्गत, आयोग यू. के. स्थित राष्ट्रमंडल विश्वविद्यालयों के एसोसिएशनों के साथ तालमेल रखता है तथा राष्ट्रमंडल अध्येतावृत्तियां और छात्रवृत्तियां पाने के लिए नामन प्रस्तुत करता है ताकि भारतीय विश्वविद्यालयों तथा कालेजों के होनहार संकाय सदस्य यू. के. स्थित विश्वविद्यालयों अथवा अन्य संस्थाओं में अनुसंधान कार्य कर सकें । अध्ययन के विशेष क्षेत्र निर्दिष्ट नहीं किए गए हैं लेकिन आयुर्विज्ञान एवं शल्य चिकित्सा इनके क्षेत्र में शामिल नहीं किए गए हैं क्योंकि ये विषय पहले ही राष्ट्रमंडल आयुर्विज्ञान अवार्ड के अंतगर्त शामिल हैं । वर्ष 1990-91 के दौरान आयोग ने अध्येतावृत्तियों के लिए 25 और छात्रवृत्तियों के लिए 25 छात्रों की सिफारिश की । इनमें से अंतिम रूप में राष्ट्रमंडल विश्वविद्यालय संघ ने अध्येतावृत्तियों के लिए 13 तथा छात्रवृत्तियों के लिए 15 छात्रों का चयन किया ।

12.15 विदेश यात्राएं

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग पर लोक लेखा समिति (छठी लोक सभा) की 73 वीं रिपोर्ट में दी गई 3.8 सिफारिश पर लिए गए निर्णय के अनुसरण में वर्ष 1990-91 के दौरान आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और अधिकारियों द्वारा किए गए विदेशी दौरे का विवरण परिशिष्ट-XXX में दिया गया है ।

खंड - 13
प्रौढ़ अनुवर्ती तथा विस्तार शिक्षा और दूरवर्ती शिक्षा

13.01 प्रौढ़ अनुवर्ती तथा विस्तार शिक्षा

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने बहुत पहले ही शिक्षा के विस्तार को विश्वविद्यालय प्रणाली के तीसरे आयाम के रूप में उतना ही महत्वपूर्ण मान लिया है जितना कि पहले दो आयाम यथा शिक्षण और अनुसंधान । इस संबंध में आयोग के विचार इन शब्दों में व्यक्त किए गए हैं :-

"यदि विश्वविद्यालय प्रणाली को समस्त शिक्षा प्रणाली और समाज के प्रति पूर्ण रूप में अपने उत्तरदायित्वों का पर्याप्त रूप से निर्वाह करना है तो उसे शिक्षा के विस्तार को तीसरा महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व मान लेना चाहिए और इसे वही दर्जा दिया जाना चाहिए जो अनुसंधान और शिक्षण को दिया गया है । यह एक नया और अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है जिसका विकास उच्च्व प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए । "

इस संदर्भ में, विश्वविद्यालयों और कालेजों में प्रौढ़, अनुवर्ती तथा विस्तार कार्यक्रमों के लिए दिशा-निर्देशों (1988) में जिन महत्वपूर्ण लक्ष्यों पर विचार किया गया है उनमें निम्नलिखित शामिल होगें :

(क) कार्यमूलक साक्षरता के लिए जनसंपर्क कार्यक्रम और पश्च-साक्षरता कार्यक्रमों सहित निरक्षरता का उन्मूलन :

(ख) अनुवर्ती शिक्षा कांर्यक्रम और यथा: मूल अधिगम कौशलों और व्यावसायिक जानकारी का विकास :

(ग) जीवन के स्तर के सुधार के लिए जनसंख्या शिक्षा जिसमें स्वास्थ्य और पोषण, मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम, पर्यावरण शिक्षा आदि शामिल हो :

(घ) समाज के सभी वर्गों के लिए विधिक साक्षरता, महिलाओं के विकास, जनजातीय विकास, उपभोक्ता शिक्षा सहित विभिन्न विकास कार्यक्रमों की जानकारी में संवर्धन और योजना मंचों के द्वारा योजनाओं के बारे में जानकारी:

(ड) विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अंतरण सहित लोगों के लिए विज्ञान :

(च) अन्य कल्याण और एकीकृत सामुदायिक विकास के क्रियाकलाप ।

आयोग की सहायता इनके लिए उपलब्ध है :

(क) केंद्र-आधारित उपागम के साथ-साथ कार्यात्मक साक्षरता के लिए जनसंपर्क कार्यक्रमों (गैर -एन एस एस तथा गैर-एन सी सी के छात्रों के संबध में के जरिए निरक्षरता का उन्मूलन, (ख) छात्र क्लबों और प्रौढ़ शिक्षा केंद्रों के जरिए जनसंख्या शिक्षा क्रियाकलाप, (ग) अनुवर्ती शिक्षा, और (घ) जन शिक्षण निलयम (जे. एस. एन.)

दिशा-निर्देशों के अनुसार मार्च, 1991 के अंत तक अनुमोदित कार्यक्रमों की स्थिति नीचे दर्शायी गई है :

(क)	कार्यक्रमों से जुड़े विश्वविद्यालयों की संख्या	-	93
(ख)	कार्यक्रमों से जुडे कालेजों की संख्या	-	1284
(ग)	विश्वविद्यालयों एवं कालेजों से जुडे प्रौढ़ शिक्षा केंद्रों की संख्या	-	17940
(ध)	कार्यमूलक साक्षरता के लिए जनसंपर्क कार्यक्रम	-	93 विश्वविद्यालय 1284 कालेज

(ड.) जनसंख्या शिक्षा :

	i) विश्वविद्यालय/कालेजों में जनसंख्या शिक्षा क्लबों के जरिए	-	1286
	ii) प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों में जनसंख्या शिक्षा क्रियाकलापों के जरिए	-	16780
(च)	अनुवर्ती शिक्षा पाठयक्रम	-	794
(छ)	जनशिक्षणं निलयम	-	1096

आयोग ने उपर्युक्त कार्यक्रमों को चलाने के लिए विश्वविद्यालयों तथा साथ ही साथ उनसे संबद्ध कालेजों को सहायता प्रदान करना जारी रखा ।

वर्ष 1988 में तैयार किए गए दिशा-निर्देशों के अधीन उपर्युक्त कार्यक्रमों को मंजूरी देते समय यह निर्णय किया गया था कि इन कार्यक्रमों की समीक्षा तीन वर्ष पश्चात् वर्ष 1990-91 में की जाएगी। इस प्रयोजन के लिए प्रोफेसर रामलाल पारिख की अध्यक्षता में गठित उप-समिति की बैठक दिसंबर, 1990 में हुई जिसमें यह निर्णय किया गया कि उपसमिति द्वारा चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विश्वविद्यालयों को आमंत्रित करके की जानी चाहिए जिससे उनके निष्पादन, समस्याओं और नए प्रस्तावों पर विचार-विमर्श हो सके । तदनुसार मार्च, 1991में समीक्षा का कार्य प्रारंभ कर दिया गया था और इस संबंध में उपसमिति की विस्तृत रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है।

विश्वविद्यालयों में प्रौढ़ एवं अनुवर्ती शिक्षा के विभागों/केंद्रों के स्टाफ के वेतन के लिए आयोग मार्च, 1995 तक सहायता प्रदान करता रहेगा । वर्ष के दौरान आयोग ने विश्वविद्यालयों के उपकुलपतियों तथा कुलाधिपतियों से बराबर इस बारे में संपर्क बनाए रखा कि राज्य सरकारों से इस प्रकार का आश्वासन प्राप्त करना चाहिए कि 31.3.1995 के पश्चात आयोग की सहायता समाप्त होने पर वे स्टाफ के वेतन आदि का दायित्व वहन करना प्रारंभ कर देंगे ।

विश्वविद्यालयों/संस्थाओं द्वारा प्रौढ़ तथा अनुवर्ती शिक्षा के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्य को और स्थानीय परिस्थितियों के संदर्भ में उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आयोग ने वाहन की खरीद और वाहन चालक के वेतन के लिए सहायता दिशा-निर्देशों के अनुसार 50 : 50

के अंश के आधार पर देना जारी रखा । इसी प्रकार दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्धारित सीमा में विश्वविद्यालयों को दृश्य-श्रव्य सामग्री की खरीद के लिए सहायता प्रदान की गई थी

13.02 कार्यमूलक साक्षरता के लिए जनसंपर्क कार्यक्रम

आयोग भारत सरकार द्वारा वर्ष 1986 में शुरू किए गए कार्यमूलक साक्षरता के लिए जनसंपर्क कार्यक्रमों को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से प्रयत्नशील है । प्रौढ़ शिक्षा के अधिकांश कार्यक्रमों का कार्यान्वयन मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार अपने साक्षरता मिशन के जरिए करता है, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने समस्त विश्वविद्यालयों एवं कालेजों के शिक्षकों और छात्रों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पर्याप्त बल दिया है । वर्ष के दौरान, तदनुसार विश्वविद्यालयों को यह परामर्श दिया गया कि वे एन एस एस, गैर-एन एस एस; गैर-एन सी सी आदि के जरिए इस कार्यक्रम को जारी रखने और सुदृढ़ करने के लिए प्रयत्न करते रहें जिसके लिए आयोग की सहायता उपलब्ध कराई गई थी।

आलोच्य वर्ष के दौरान, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के भूतपूर्व अध्यक्ष ने राष्ट्रीय पुनरूज्जीवन के लिए जनकार्य (एम. ए. एन. आर.) का विचार प्रस्तुत किया । इस संबंध में उन छात्रों एवं शिक्षकों, स्वैच्छिक एजेंसियों, रक्षा तथा कार्यालय कर्मचारियों सहित सेवानिवृत्त कार्मिकों के साथ पर्याप्त विचार-विमर्श किया गया जो शिक्षा प्रणाली का समर्थन करते हैं ताकि उन्हें इस कार्यक्रम में जोड़ा जा सके । इस कार्यक्रम के अंतर्गत ऐसा अनुभव किया गया है कि निरक्षरता को खत्म करने के अतिरिक्त इस बात की भी आवश्यकता है कि पेय-जल, स्वच्छता, स्वास्थ्य आदि जैसी समस्याओं पर भी ध्यान दिया जाए।

वर्ष के दौरान, भारतीय ज्ञान विज्ञान समिति, नई दिल्ली (समाज से निरक्षरता के उन्मूलन से संबंधित स्वैच्छिक ऐजेंसी) ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय से अनुरोध किया कि देशव्यापी साक्षरता आंदोलन के लिए पूर्णकालिक आधार पर विश्वविद्यालय शिक्षकों की सेवाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए । आयोग पूर्णकालिक आधार पर दो वर्ष की अवधि के लिए विश्वविद्यालयों/कालेजों के 100 शिक्षकों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर देने के लिए सहमत हो गया जिनका पूरा व्यय भी आयोग वहन करेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 10 शिक्षकों को प्रतिनियुक्ति पर भारतीय ज्ञान विज्ञान समिति में कार्य करने के लिए अनुमोदित किया गया है ।

13.03 योजना फोरम

योजना फोरम की स्कीम को पुनः तैयार किया गया है और इसे विश्वविद्यालयों/कालेजों

के प्रौढ़ अनुवर्ती शिक्षा के विभागों/केंद्रों से अलग कर दिया गया है । विश्वविद्यालयों/कालेजों को यह सुझाव दिया गया है कि वे इस योजना को अर्थशास्त्र विभाग के अंतर्गत जारी रखें । सहायता की राशि भी प्रत्येक यूनिट के लिए 10,000/- रूपए तक कर दी गई है ।

13.04 जनसंख्या शिक्षा

आयोग ने विश्वविद्यालय प्रणाली में जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम के विकास के लिए जनसंख्या शिक्षा क्लबों की स्थापना के लिए विश्वविद्यालयों तथा कालेजों को सहायता प्रदान करना जारी रखा। विश्वविद्यालयों को यह सलाह दी गई कि सबसे निचले स्तर पर जनसंख्या शिक्षा के प्रसार के लिए, प्रौढ़ शिक्षा केंद्रों/जन शिक्षण नियमों का उपयोग करें। इसके अतिरिक्त, यू एन एफ पी ए-विश्वविद्यालय अनुदान आयोग परियोजना के अंतर्गत गठित कार्यकारी ग्रुप तथा जनसंख्या शिक्षा संसाधन केंद्र (पी. ई. आर. सी.) पाठ्यचर्या, पी. ई. आर. सी. स्टाफ और शिक्षकों के प्रशिक्षण तथा समाज में विस्तार कार्यकलापों के विकास कार्य हेतु विशिष्ट क्षेत्रों में विश्वविद्यालयों/कालेजों द्वारा चलाए जा रहे जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम में समर्थन सेवा उपलब्ध करा रहे हैं । पाठ्यक्रमों के पुनर्गठन की योजना के अधीन कुछ विश्वविद्यालयों ने पूर्व-स्नातक स्तर पर जनसंख्या शिक्षा को आधारभूत पाठ्यक्रम के रूप में शामिल कर लिया है । आलोच्य वर्ष के दौरान, आयोग मार्च, 1995 तक पी ई आर सी सहित इस कार्यक्रम के लिए वित्तीय सहायता जारी रखने के लिए सहमत हो गया है । जनसंख्या शिक्षा संसाधन केंद्रों के कार्यकरण का एक महत्वपूर्ण पहलू उनके सेवा क्षेत्र तथा महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभागों तथा गैर-सरकारी संगठनों जैसे अन्य विभागों के बीच संबंध स्थापित करना है । कार्यकारी ग्रुपों द्वारा किए जाने वाले अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में शिक्षण सामग्री (प्रिंट तथा दृश्य-श्रव्य) ; प्रशिक्षण मैनुअल की निर्देशिका और इस कार्यक्रम के लिए उपयोगी अन्य सामग्री तैयार करना शामिल है।

जनसंख्या शिक्षा संसाधन केंद्रों ने नुक्कड़ नाटक, पुतली प्रदर्शन, कार्यशालाएं, संगोष्ठियां, व्याख्यान आयोजित किए और पी ई आर सी के स्टाफ के साथ-साथ सेवा क्षेत्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया । ग्राम/समुदाय नेताओं, ग्रामीण महिलाओं, कालेज प्रिंसिपलों/शिक्षकों, लेखकों आदि के लिए जनसंख्या शिक्षा संसाधन केंद्रों ने जनसंख्या शिक्षा पर विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए ।

13.05 शैक्षिक रूप से पिछड़े हुए अल्पसंख्यक समुदायों के कमजोर वर्गों के उम्मीदवारों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने हेतु अनुशिक्षण कक्षाएं

आयोग ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने तथा व्यावसायिक एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने के लिए शैक्षिक रूप से पिछड़े हुए अल्पसंख्यक समुदायों के कमजोर वर्गों के उम्मीदवारों

को तैयार करने तथा उनके लिए अनुशिक्षण कक्षाएं आयोजित करने हेतु विश्वविद्यालयों तथा कालेजों को सहायता देना जारी रखा । आलोच्य वर्ष के दौरान 11 विश्वविद्यालयों और 12 कालेजों को सहायता प्रदान की गई जिनके गत वर्षो के दौरान आयोजित किए गए कार्यक्रम के बारे में प्रगति रिपोर्टे तथा अनुदान उपयोग प्रमाण-पत्र प्राप्त हो गए हैं । इसके अतिरिक्त, वर्ष के दौरान अनुशिक्षण कक्षांए आयोजित करने के लिए अनेक कालेजों का पता लगाया गया जिनको सहायता प्रदान की जा सकती है । अन्य संस्थाओं को इस कार्यक्रम को शीघ्र क्रियान्वित करने के लिए कहा गया है ।

विश्वविद्यालयों में स्थित केंद्र अखिल भारतीय सेवाओं तथा राज्य सेवाओं के लिए अनुशिक्षण प्रदान करते हैं जबकि कालेजों में स्थित केंद्र निचली परीक्षाओं के लिए अनुशिक्षण कक्षाएं चलाते हैं ।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने अब विश्वविद्यालयों में 20 केंद्र तथा कालेजों में 33 सेल स्थापित किए है ।

13.06 दूरवर्ती शिक्षा/पत्राचार पाठ्यक्रम

दूरवर्ती शिक्षा/पत्राचार शिक्षा का आधार मूलतः गृह अध्ययन के लिए शिक्षात्मक सामग्री की आपूर्ति करना है लेकिन इसके साथ-साथ व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रमों, रेडियो कार्यक्रमों, दृश्य-श्रव्य साधनों आदि का भी उपयोग किया जाता है। इस स्कीम के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैं :

(क) वैकल्पिक पद्धतियों का उपयोग करते हुए शिक्षा की बढ़ती मांग को पूरा करना तथा (ख) समान अवसर प्रदान करना । इसके लिए पिछड़े क्षेत्रों तथा समाज के कमजोर वर्गों के उन लोगों के लिए जो कमजोर आर्थिक दशाओं के कारण काम चाहते हैं और उन महिलाओं के लिए सुविधाएं जुटानी होंगी जिन्हें अपने परिवारों और समुदायों की परम्पराओं के कारण कालेज जाना कठिन होता है ।

31.3.1991 तक 39 विश्वविद्यालय/संस्थाएं पत्राचार पाठ्यक्रम संचालित कर रही थीं । उनके द्वारा संचालित पाठ्यक्रम को दर्शाने वाली एक सूची परिशिष्ट-XXXI में दी गई है । आलोच्य वर्ष के दौरान, आयोग ने इस प्रयोजन के लिए स्टाफ, व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रमों, अध्ययन केंद्रों, पाठ्य सामग्री तैयार करने, पुस्तकालय सुविधाओं आदि के रूप में सात विश्वविद्यालयों को सहायता प्रदान की ।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग स्थायी समिति द्वारा गठित उप-समिति ने दूरवर्ती शिक्षा के लिए संशोधित दिशा-निर्देश संबंधी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है । रिपोर्ट की जांच की जा रही है ।

रिपोर्ट में दूरवर्ती शिक्षा के निम्नलिखित पहलू शामिल हैं :

(i) विश्वविद्यालय प्रणाली में पत्राचार पाठ्यक्रमों की संस्थाओं का संगठनात्मक गठन ।

(ii) सहायता पैटर्न ।

(iii) पत्राचार पाठ्यक्रम चलाने वाले विश्वविद्यालयों द्वारा सहायता उपागम का विकास करना ताकि संसाधन आधार-संरचना का आदान-प्रदान कार्यक्रम को प्रभावी रूप में चलाने के लिए किया जा सके।

(iv) शिक्षण-सामग्री की सतत समीक्षा करना और उसे उद्‌यतन बनाना ।

खंड - 14

अनुसूचित जाति तथा अनूसूचित जनजाति के व्यक्तियों को सुविधाएं

14.01 गत वर्षों के दौरान आयोग ने विश्वविद्यालयों तथा कालेजों में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए विशेष प्रयास किए हैं । इन प्रयासों में विश्वविद्यालयों तथा कालेजों द्वारा प्रदत्त विभिन्न छात्रवृत्तियों के आरक्षण की व्यवस्था भी की है । आयोग ने इन जातियों के शिक्षित समुदाय की उन्नति के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं ।

वर्ष के दौरान आयोग ने अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की संसदीय समिति की निम्नलिखित टिप्पणियों पर विचार किया :

(क) लेक्चररों के पदों को अग्रेनीत करना ।

(ख) अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लिए कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियों की समीक्षा करके उनके स्थानों में वृद्धि करना; और

(ग) केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए एक समान भर्ति/पदोन्नति के नियमों का प्रकाशन ।

उपर्युक्त 'क' के संबंध में आयोग, भारत सरकार की टिप्पणियों को, समस्त केंद्रीय विश्वविद्यालयों और माने गए विश्वविद्यालयों (आयोग से शतप्रतिशत अनुरक्षण अनुदान प्राप्त करने वाले) को कार्यान्वयनार्थ भेजने के लिए सहमत हो गया है । जहां तक 'ख' का प्रश्न है आयोग ने यह इच्छा व्यक्त की कि इस मामले पर एन ई टी की नियमन समिति की बैठक में विचार किया जाए । उपर्युक्त 'ग' के संबंध में आयोग चाहता है कि एक समान भर्ती/पदोन्नति के नियम शीघ्र प्रकाशित किए जाएं ।

निम्नलिखित पैराओं में, आयोग द्वारा अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के हितों के संवर्धन और उनकी सुरक्षा के संबध में जो विभिन्न उपाए किए गए हैं और योजनाएं चालू की गई हैं, उनका ब्यौरा दिया गया है ।

14.02 विश्वविद्यालयों तथा कालेजों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आरक्षण

आयोग ने विश्वविद्यालयों से अनुरोध किया है कि वे विभिन्न पाठ्यक्रमों में अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए लिए 15 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए 7 ½ प्रतिशत सीटें आरक्षित करें और यदि जरूरी हो तो अनुसूचित जाति की सीटें अनुसूचित जनजाति के छात्रों को और अनुसूचित जनजाति के छात्रों की सीटें अनुसूचित जाति के छात्रों को दी जा सकती हैं । उपर्युक्त ढंग से आरक्षण करते समय, किसी भी अध्ययन पाठ्यक्रम के लिए अपेक्षित अंकों की न्यूनतम प्रतिशत में 5 प्रतिशत अंकों की छूट दी जा सकती है । उपर्युक्त छूट देने के बाद भी यदि आरक्षित कोटे की कुछ सीटें खाली रहती हैं तो उन्हें उनकी परस्पर योग्यता के अनुसार अंकों में और अधिक छूट दी जा सकती है ताकि अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए आरक्षित सभी सीटें केवल इन दोनों वर्गों के छात्रों द्वारा भरी जा सकें । पिछले वर्ष विश्वविद्यालयों तथा कालेजों में सभी पाठ्यक्रमों तथा संकायों /विभागों में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के छात्रों के प्रवेश के लिए आरक्षण को पूरी तरह लागू करने के संबध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए थे ।

14.03 लेक्चरारों तथा शिक्षकेतर पदों की नियुक्तियों में आरक्षण

विश्वविद्यालयों/कालेजों से लेक्चरारों तथा शिक्षकेतर पदों पर नियुक्तियां करते समय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए क्रमशः 15 प्रतिशत तथा 7 ½ प्रतिशत पद आरक्षित करने का अनुरोध किया गया अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित पदों को अनारक्षित न करने के भारत सरकार के प्रतिबंध से संबधित अनुदेशों की जानकारी विश्वविद्यालयों को दे दी गई है और उनसे यह अनुरोध किया गया है कि वे सीधी भर्ती तथा पदोन्नतियां दोनों में ही अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों की भर्ती के लिए विशेष अभियान चलाएं ताकि निर्धारित प्रतिशतता के अनुसार अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों के लिए निर्धारित कोटे को वस्तुतः पूरा किया जा सके ।

14.04 छात्रावासों में सीटों का आरक्षण

आयोग ने विश्वविद्यालयों/संस्थानों से यह अनुरोध किया गया है कि वे प्रत्येक छात्रावास में उपलब्ध कुल सीटों में से अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए क्रमशः 15 प्रतिशत तथा 7 ½ प्रतिशत से कम सीटें आरक्षित न करें ।

14.05 स्टाफ क्वार्टर्स तथा शिक्षक होस्टलों में स्थानों/यूनिटों का आरक्षण

आयोग ने विश्वविद्यालयों/संस्थाओं से अनुरोध किया है कि वे वर्ष 1990-91 से शिक्षक होस्टलों और स्टाफ क्वार्टर्स के आबंटन में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के लिए आरक्षण प्रदान करें । यह आरक्षण केंद्रीय विश्वविद्यालयों और माने गए विश्वविद्यालयों (वि. अनु. आ. से शतप्रतिशत अनुरक्षण अनुदान प्राप्त करने वाले) में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए क्रमशः 15 प्रतिशत तथा 7 ½ प्रतिशत तक होगा । राज्य के विश्वविद्यालयों/माने गए विश्वविद्यालयों (राज्य सरकारों से अनुरक्षण अनुदान प्राप्त करने वाले) में आरक्षण का प्रतिशत वह होगा जो संबधित राज्य सरकारों द्वारा इस प्रकार की सुविधाओं के लिए निर्धारित किया जाएगा ।

14.06 विश्वविद्यालयों/संस्थाओं में विशेष सेलों की स्थापना

यह देखने के लिए कि अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के छात्रों के प्रवेश, रोज़गार, छात्रावासों मे आरक्षण संबंधी विभिन्न आदेशों को और उनके शिक्षा स्तर को सुधारने के लिए उपचारी पाठ्यक्रमों तथा अन्य उपायों को कारगर ढ़ंग से लागू किया जा रहा है, आयोग ने विभिन्न विश्वविद्यालयों/संस्थाओं में अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए विशेष सेल स्थापित किए हैं । आयोग इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए विश्वविद्यालयों/संस्थाओं को स्टाफ के वेतन के व्यय को पूरा करने के लिए शत-प्रतिशत आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान करता जा रहा है । वर्ष 1990-91 के दौरान आयोग ने ऐस तीन सेल स्थापित करने से संबंधित प्रस्ताव स्वीकार किए । इस प्रकार, 31.3.1991 तक अनुमोदित विशेष सेलों की संख्या 90 हो गई ।

इस प्रकार स्थापित विशेष सेलों को आयोग की सहायता 31 मार्च, 1992 तक की अवधि के लिए उपलब्ध है जोकि 31.3.1995 तक बढ़ाई जा सकती है बशर्ते संबधित विश्वविद्यालय/संस्था राज्य सरकार का इस आशय का आश्वासन भेजे कि 1.4.1995 से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति सेल के स्टाफ का उत्तरदायित्व राज्य सरकार का होगा ।

14.07 अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों के लिए कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियां

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्कीम "एक नियम समय आधार पर कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति" के तहत विभिन्न विश्वविद्यालयों को आबंटित कनिष्ठ

अनुसंधान अध्येतावृत्तियों में से अभी तक 10 प्रतिशत अध्येतावृत्तियां अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों के लिए आरक्षित की गई थीं । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग - एन. ई. टी. - जे. आर. एफ. परीक्षा प्रारम्भ करने के पश्चात् अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियों में 10 प्रतिशत आरंक्षण समाप्त कर दिया गया और इसके स्थान पर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए उपर्युक्त परीक्षा में अपेक्षित अंकों में 10 प्रतिशत की छूट देने का प्रावधान रखा गया है । मई, 1989 में आयोग ने यह निर्णय लिया कि वास्तव में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के एन ई टी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र आमतौर से बहुत कम होते हैं इसीलिए कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के सभी छात्रों को अध्येतावृत्ति प्रदान कर दी जाए । यह भी निर्णय लिया गया था कि "एक नियम समय आधार पर कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति" स्कीम के अंतर्गत यदि कोई रिक्त स्थान नहीं है तो ऐसी स्थिति में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए आयोग विश्वविद्यालयों में और वैयक्तिक अधिसंख्या कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियों की व्यवस्था करेगा । कनिष्ठ अध्येतावृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण अनुसूचित जाति/जनजाति के सभी उम्मीदवारों को इसकी सूचना भेजा दी गई थी ।

इसके अतिरिक्त, समाज-विज्ञान समेत विज्ञान तथा मानविकी में 50 कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियां विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा खुले चयन के माध्यम से अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के छात्रों को सीधे ही प्रदान करने की योजना को भी जारी रखा गया है । खुले चयन की संशोधित प्रक्रिया के अनुसार जो छात्र विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एन. ई. टी./संयुक्त विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् द्वारा संचालित कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए स्तरों में छूट दिए जाने के बावजूद भी उत्तीर्ण नहीं होते उन्हे भी साक्षात्कार लेकर अध्येतावृत्ति प्रदान की जाती हैं । तदनुसार वर्ष 1989-90 और 1990-91 के लिए प्रदान की जाने वाली अध्येतावृत्तियां प्रदान करने के संबंध में अंतिम चयन किया जा चुका है ।

14.08 अनुसंधान एसोशिएटशिपों का आरक्षण

